दफ़ा ५४–नीचे लिखीहुई सूरतोंमें अर्ज़ीदावा नामंज़ूर की जायँगी॥

(अलिफ़) अगर दादरसी मुतदावियेका तअ़य्युन मा-

लियत कमकियागयाहो औरमुद्दई उसमीआदके अंदर जो अदालत मुक़र्ररकरेगी अदालतके हुक्मके बमूजिब कमी मालियतकी इसलाह न करे ॥

(बे) अगर दादरसीमुतदावियाका तअय्युन वाजिबी कियागयाहो लेकिन अर्ज़ीदावा कम क़ीमतके स्टाम्प पर तहरीर हुईहो और जब मुद्दई को अदालत हुक्मदे कि वह अंदर मीआद मुअय्यना अदालत के स्टाम्प मतलूबे को पूराकरदे और वह उसमें क़ासिर रहे ॥

(जीम) अगर अर्ज़ीदावेके बयान से नालिश क़ानूनके किसी ताकीदी क़ायदे की रूसे ममनू उस्समाअतहो ॥

(दाल) अगर अर्ज़ीदावा मीआद मुक़र्ररह अदालत के अन्दर तरमीम होनेके लिये वापिसहोकर उसी मीआदके अन्दर तरमीम न की गईहो ॥

दफ़ा ५५–जब अर्ज़ीदावा नामंज़ूर कीजाय तो जज को लाज़िमहै कि हुक्म नामंज़ूरीका मयवजह उसहुक्म के खुद अपने हाथसे तहरीर करे ॥

दफ़ा ५६–नामंज़ूर होना अर्ज़ीदावे का बर बिनाय किसी वजह मिंजुमले वजूह मरकूमैवाला बतौर खुदमानै इसका न होगा कि मुद्दई उसी बिनायदावेकी बाबत नई अर्ज़ीदावा गुज़राने ॥

दफ़ा ५७–अर्ज़ीदावा नीचे लिखीहुई सूरतोंमें अदालत मजाज़में दाखिल होनेकेलिये वापिस की जायगी ॥

(अलिफ़) अगर नालिश ऐसी अदालतमें रुजूअकी गईहो जो उस अदालतसे कम या ज़ियादहदर्जारखतीहो जो उसकी तजवीज़ की मजाज़है जब कि ऐसी अदालत

मौजूदहो या जिसहालमें किक़ानूनन् ऐसा अख़्तियार न दियागयाहोकि मुद्दईजिसअदालतमेंचाहेअर्ज़ीगुज़राने॥

(बे) अगर नालिश जायदाद ग़ैरमन्क़ूलाकी बाबत हो मगर दफ़ा १६ की शर्त उस से मुतअल्लिक़ न हो और यह वाज़े हो कि जायदाद मज़कूर का कोई जुज्व उस अदालत के इलाक़े की हदूद अराज़ी के अंदर वाक़ै नहीं है जिसमें कि अर्ज़ी दावा पेशकी गई ॥

(जीम) अगर किसी और सूरत में यह वाज़ेहो कि बिनायदावा उन हदूद अराज़ी के अंदर पैदा नहींहुई और न मुद्दआअलेहुम् में से कोई मुद्दआअलेह उन हदूद के अंदर रहता या कारोबार करता या बज़ात ख़ास मुनफ़अत के लिये कोई पेशाकरताहै ॥

अर्ज़ीदावा वापस करने के वक़्त जज अपने हाथ से अर्ज़ीदावाकी पुश्तपर उसके अदख़ालकी तारीख़ और नीज़ तारीख़ वापसी की और नाम शख़्स पेशकुनिन्दह का और मुख़्तसिर हाल इस अमर का कि किस वजह से वापस की गई लिखदेगा ॥

दफ़ा ५८—मुद्दई को लाज़िमहै कि एक याददाश्त उन तमाम दस्तावेज़ात की (अगर हों) जो मुद्दई ने अर्ज़ीदावा के साथ पेशकी हों अर्ज़ीदावाकी पुश्तपर लिखदे या अर्ज़ीदावाके साथ मुंसलिक करदे और अगर अर्ज़ीदावा मंज़ूरहो तो अर्ज़ीदावाकी उसक़दर नक़लें सादह काग़ज़पर पेशकरे जिसक़दर मुद्दआअलेहुम् हों इल्ला उस सूरतमें कि अदालत अर्ज़ीदावाकी तवालत या मुद्दआअलेहुम्की तादाद के लिहाज़से या

और वजहकाफ़ीसे मुद्दईको इजाज़तदे कि इसंतादादके

[illegible]

[illegible] ॥

अगरमुद्दई बहैसियत क़ायममुक़ामी नालिशकरे या मुद्दआअलेह पर या मुद्दआअलेहुममें से किसीपर बहैसियत क़ायममुक़ामी नालिशकीजाय तो बयानात मज़करसे वाज़ेहोनाचाहिये कि मुद्दई किस हैसियतसे नालिशकरता है या मुद्दआअलेह पर उसकी किसहैसियत से नालिशहुईहै ॥

मुद्दईको अख्तियारहै किबाइजाज़त अदालत बयानातमज़कूर को इसग़रज़से दुरुस्तकरे कि वह अर्ज़ीके मज़मून के मुताबिक़ होजायँ॥

अदालत का आलाअहलकार अहकामकी तामील करनेवाला उस याददाश्त और नक़लों या बयानात मुतज़क्किरैसदर पर उससूरतमें दस्तख़त करेगा जब वह इनका मुआइना करनेके वक्त उनको सहीपाये ॥

अदालत उनमरातिबको जो दफ़ा ५० में मज़कूरहैं एक किताव में भी जो उसीग़रज़से मुरत्तिबरहेगी और जिसका नाम दीवानी मुक़द्दमात का रजिस्टर होगा दर्जकरायेगी और जो मुक़द्दमात रजिस्टरमज़कूर में दर्ज हों उनपर हरसाल में बतरतीव तारीख़ दाख़िलहोने अर्ज़ीदावाके नम्बर चढ़ाये जायँगे ॥

दफ़ा ५१—अगर मुद्दई किसीदस्तावेज़की रूसे नालिशकरे जो उसकेपास या उसके अख्तियारमें हो उसको

लाज़िमहै कि दस्तावेज़ मज़कूर अर्ज़ीदावा दाखिलकर-
ने के वक्त अदालतमें पेशकरे और दस्तावेज़ या उसकी
एक नक़ल अर्ज़ीदावा के साथ नत्थी होने के लियेउसी
वक्त अदालतके हवाले करे ॥

अगर मुद्दई किसी और दस्तावेज़ातपर अपनेदावा
की ताईदमें बतौर सबूतके इस्तदलाल करे (आमइस
से कि वह उसकेपास या उसके अख्तियार में हों या
न हों) तो उसको लाज़िम है कि दस्तावेज़ात मज़कूर
को एक फ़ेहरिस्त में दर्जकरे जो अर्ज़ीदावा में शामिल
या उसके साथ नत्थी की जायगी॥

दफ़ा ६०–अगर कोई ऐसी दस्तावेज़ मुद्दईकेपास या
उसके अख्तियारमें न हो तो जहांतक मुम्किनहोमुद्दई
यहज़ाहिर करेगा कि वहकिसकेक़ब्ज़े या अख्तियारमेंहै॥

दफ़ा६१–जबकोई मुक़द्दमा किसीकाग़ज़ क़ाबिल ख़रीद
व फ़रोख्त पर बनी हो अगर काग़ज़ मज़कूर का तल्फ़
होजाना साबितहो और मुद्दई इसबातका इक़रार नामा
हस्बइतमीनान अदालतलिखदे कि आयंदह अगरकोई
और शख्स उसकाग़ज़की रूसे दावाकरे उसकी जवाब
दही मुद्दई के सिररहेगी तो अदालत उसीतरह डिकरी
सादिर करसकेगी जिसतरह उससूरतमें सादिरकरती जब
कि मुद्दई काग़ज़मज़कूरको अपनी अर्ज़ीदावा के साथ
अदालतमें पेशकरता और मआनू काग़ज़की एक नक़-
ल अर्ज़ीदावाकेसाथ नत्थी होनेकेलियेदाखिलकरदेता ॥

दफ़ा ६२–अगर दस्तावेज़ जिसकी रूसे मुद्दई नालि-
शी हो किसी बहीखाता या दूसरी बहीकी रक़महो जो

उसके पास या उसके अख़्तियारमेंहो तो मुद्दईको ला-
अर्ज़ीदा हा
नक़ल रक़मकी जिसपर उसका इस्तदलालहै पेशकरे ॥
अदालत या वह अहल्कार जिसको अदालत उसकाम
के लिये मुक़र्रर करे
लिये कुछ निशान करेगा और नक़लको मुआयनह और
असलकेसाथ मुक़ाबिलहकरके और अगरनक़लसहीपाई
करअसल वहीमुद्दई
नक़लकोशामिल मिसलकरेगा॥
दफ़ा ६३--जो दस्तावेज़ कि मुद्दई को बरवक़्त गुज़रने
अर्ज़ीदावा के अदालतमें पेशकरनी या जो फ़ेहरिस्त
मुन्दर्जे या मुन्सलके अर्ज़ीदावा में दाख़िलकरनी ज़रूर
है अगर वह उसीतौरपर पेश न कीजाय या दाख़िल न
कीजाय तो मुक़द्दमा की समाअतके वक़्त बग़ैर इजाज़त
अदालतके उसकीतरफ़से वजह सबूतमें न लीजायगी ॥
अ-
ल्लिक़ नहीं है जो मुद्दआअलेह के गवाहों से जिरह के
सवालात करनेकेलिये या बजवाब किसी मुक़द्दमाके जो
मुद्दआअलेहने क़ायमकिया हो अदालत में पेशहों या
जो किसीगवाहको महज़उसकीयाददिहीकेलियेदीजायँ॥

छठवांबाब ॥

बाबत इजराय व तामील सम्मनके ॥

जारीहोना सम्मन का ॥

दफ़ा ६४—जब अर्ज़ीदावा दाख़िल रजिस्टर होजाय
और नक़ूल या बयानातमुश्तसिर जिनका दाख़िलहोना

दफ़ा ५८ की रूसे ज़रूरहै दाख़िलहोजायँ जायज़है कि सम्मन हर मुद्दआअलेह के नाम इस हुक्म से जारी कियाजाय कि वह तारीख़ मुन्दर्जै सम्मन पर अदालत में हाज़िर होकर दावा की जवाबदही करे ॥

(अलिफ़) असालतन् या ॥

(बे) मारफ़त किसी वकील के जिसको बख़ूबी हिदायत की गई हो और जो मुक़ाम सवालात ज़रूरी मुतअल्लिक़ै मुक़द्दमा का जवाब देसके या ॥

(जीम) मारफ़त किसीवकीलके जिसकेहमराह ऐसा कोईशख़्सहो जो ऐसे तमामसवालातका जवाब देसके ॥

ऐसे हर सम्मनपर जज या उस ओहदेदारके दस्तख़त सब्त होंगे जिसको जज उस काम पर मुक़र्रर करे और उसपर अदालतकी मुहर की जायगी ॥

मगर शर्त यह है कि अगर अर्ज़ीदावा के दाख़िल होने के वक़्त मुद्दआअलेह अदालत में हाज़िर होकर मुद्दई के दावासे अक़बाल करचुकाहो तो सम्मन उसके नाम जारी न कियाजायगा ॥

दफ़ा ६५--हर सम्मनके साथ उन नक़्ल या बयानात मुख़्तसिरमें से जो दफ़ा ५८ में मज़कूरहैं एकनक़्ल या एक बयान भेजाजायगा ॥

दफ़ा ६६--अगर अदालत के नज़दीक मुद्दआअलेह का असालतन् हाज़िर होना ज़रूरहो तो सम्मनमें उस की निस्बत यह हुक्म होगा कि मुद्दआअलेह अदालत में बतारीख़ मुसर्रहा सम्मन असालतन् हाज़िर हो ॥

अगर अदालतकेनज़दीक मुद्दईका भी उसीरोज अ-

सालतन् हाज़िरहोनाज़रूरहो तो अदालत मजाज़होगी कि मुद्दईके उसरोज़ असालतन् हाज़िरहोनेकाहुक्मदे ॥

दफ़ा६७-किसीफ़रीक़कीनिस्बतअसालतनहाज़िरहोनेका हुक्म न दियाजायगा इल्लाउससूरतमें कि उसकीसकूनत ॥

(अलिफ़) अदालत के मामूली अख्तियार समाअत इब्तिदाई की हदूद अरज़ी के अन्दर हो या ॥

(बे) हदूदमज़कूरकेबाहरहो मगरमुक़ामअदालतसे पचासमीलसेकमफ़ासिलापरहो या अगररेलगाड़ीउसकीसकूनतसे मुक़ामअदालततकके छठेहिस्सेकेपांचगुना फ़ासिलापरचलतीहो तो मुक़ामअदालतसे दोसौमीलसे कम फ़ासिलापरहो ॥

दफ़ा ६८--सम्मन जारी करने के वक़्त अदालत यह अमर तै करेगी कि सम्मन सिर्फ़ वास्ते क़रार दाद अमूर तन्क़ीहतलबकेहोगा या वास्ते इन्फ़िसाल क़तई मुक़द्दमा के और सम्मनमें उसके मुताबिक़ हिदायत लिखीजायगी॥

मगर शर्त यह है कि हर मुक़द्दमा मस्मूअ अदालत मुतालिबा जात ख़फ़ीफ़ामें सम्मन वास्ते तस्फ़ीया क़तई मुक़द्दमा के जारीकियाजायगा ॥

दफ़ा ६९--मुद्दआअलेहकी हाज़िरीके लिये तारीख़मुक़र्रर करनेके वक़्त अदालत मरातिब मुन्दर्जेज़ैलका ख़याल रक्खेगीयानी क़िल्लत या कसरतकार मरजूआकी और मुद्दआअलेहकी सकूनतका मुक़ाम और मुद्दतजोसम्मन जारी करनेकेलिये ज़रूरहै औरवहतारीख़ऐसी मुक़र्ररकी जायगी कि मुद्दआअलेहको तारीख़ मुक़र्ररहतक हाज़िर होकर मुक़द्दमाकी जवाबदही करनेकी मुहलतकाफ़ीमिले॥

यहबात कि किसक़दरअर्सामुहलतकाफ़ीकहलायेगा हर मुक़द्दमाके हालातख़ासकेलिहाज़से तजवीज़कीजायगी ॥

दफ़ा ७०—सम्मनमें जिसकीरूसे हाज़िरहोने और जवाबदहीकरनेकाहुक्महो मुद्दआअलेहकेनामयहहुक्ममुन्दर्जहोगा किकोई दस्तावेज़ जो उसकेक़ब्ज़ा याअख्तियार मेंहो और जिसमें निस्बतरूयदाद मुक़द्दमा मुद्दईके कुछ शहादतहो या जिसपर मुद्दआअलेहको अपनी जवाबदहीकी ताईदकेलिये इस्तदलालकरना मन्ज़ूरहोपेशकरे ॥

दफ़ा ७१—जब सम्मनवास्ते तैक़तई मुक़द्दमाकेहोउसमें मुद्दआअलेह के नाम यहहिदायत लिखीजायगी कि जो तारीख़ मुद्दआअलेहकी हाज़िरीकेलिये मुक़र्ररहुईहै उस तारीख़को ऐसेगवाहपेशकरे जिनकी शहादतपर अपनी जवाबदहीकी ताईदकेलिये मुद्दआअलेहको इस्तदलाल करना मन्ज़ूरहो ॥

सम्मन की तामील ॥

दफ़ा ७२—सम्मन अदालतके अहलकार मुनासिबको इस ग़रज़से हवालह कियाजायगा कि वह ख़ुद या मारफ़त अपने किसी मातहत के उसकी तामीलकरे ॥

दफ़ा ७३—तामील सम्मनकी इसतरह होगी कि उस की एकपर्त दस्तख़ती जज या दस्तख़ती उसओहदेदार की जिसको जज उस ग़रज़से मुक़र्रर करे और सब्त ब मुहर अदालत हवालह या पेशकी जायगी ॥

दफ़ा ७४—जब एक से ज़ियादह मुद्दआअलेहुम् हों तो लाज़िमहै कि हरएक मुद्दआअलेहपर सम्मन की तामील की जाय ॥

मगरशर्तयहहै कि अगर मुद्दआअलेहुम् बाहमशरी-

कहीं और मुक़द्दमाभी मुआमिलाशरकतसे मुतअल्लिक़
हो क़

जिसकीदादरसीका दावा कोठी शराकतीपरहोसक्ताहो तो
बजुज़ उससूरतके कि अदालत उसकेख़िलाफ़ हिदायत
करे सम्मनकीतामील इसतरहहोसक्तीहैयानी (अलिफ़)

आ पर खु

मुक़े लिये या (बे) किसी शख़्स पर जो शराकती कारो-

२ है

औ अख़्तिया

इब्तिदाई सीग़ैदीवानीकी हुदूद अरज़ीके अन्दरवाक़ैहो ॥

दफ़ा ७५–जब मुमकिनहो सम्मनकी तामील मुद्दआ-
अलेह की ज़ातपर कीजायगी इल्लाउसहालमें कि उस-
का कोई कारिन्दह सम्मनलेनेका मजाज़हो कि उसवक़्त
कारिन्दहको सम्मन देना काफ़ीहोगा ॥

दफ़ा ७६–अगर नालिश किसी कारोबार या कामकी
बाबत ऐसे शख़्सके नामहो जो अदालत जारी कुनिन्दह

य दूद अरज़ीके

कूनत नरखताहोतो तामीलसम्मनकी किसीसरबराहकार
या कारिन्दहपर जो बरवक़्त तामील सम्मन बज़ात ख़ुद
उसकारोबार या कामको उसशख़्सकीतरफ़से हुदूद मज़-
कूरके अन्दर करताहो तामील काफ़ी मुतसव्विरहोगी ॥

इसदफ़ाकी ग़रज़के लिये जहाज़का नाख़ुदा उसके
मालिक या चार्टर यानी केराया करनेवालेका कारिन्दह
समझाजायगा ॥

दफ़ा ७७–उस नालिश में जोकि वास्ते दादरसी के

निस्बत जायदाद् ग़ैर मन्क़ूलाके या मुआविज़ै नुक्सान

कोई

[सा एजंट या मुख़्तार न हो जिसको तामील सम्मन के क़बूल करने का

मुआमलेह के किसी एजंट या कारिंदेपर

दफ़ा ७८—अगर किस

उसकीतरफ़सेमौजूदहो तो जायज़है कि तामीलसम्मन

ग़

अंज़ाक़िस्ममज़कूर पर जो उसकेसाथ रहताहो की जाय॥

ब माने इस दफ़ाके अहलख़ान-

ख़ल नहीं है ॥

दफ़ा ७९—जबसम्मन लेजानेवाला सम्मन की नक़ल मु-दआअलेहको असालतन् या मुदआअलेहकेलिये उसके किसीएजंट या औरशख़्सकोहवाले या उसकेपासहाज़िर करे तो सम्मन लेजानेवालेको ज़रूरहै कि उस शख़्स से

पुश्तपर दस्तख़त कराले ॥

दफ़ा ८०—अगर मुदआअलेह यादूसराशख़्स उसकी तामील के इक़बालपर दस्तख़त न करे ॥

या अगर अहल्कार तामील कुनिंदे कोमुदआअलेह न मिलसके और कोई एजंट उसका न हो

तरफ़ से सम्मनलेनेका मजाज़ हो और कोई दूसराऐसा शख्स भी न हो जिसपर सम्मन की तामील होसके ॥

तो अहल्कार तामीलकुनिन्दा सम्मन की एक नक़ल उस मकान के सदर दरवाज़े पर चस्पां करदेगा जिसमें मुद्दआअलेहअमूमन्रहताहो बादअज़ांअसल सम्मन उसके जारी करनेवाली अदालत को वापिस करदेगा और उसकी पुश्तपर या किसी पर्चे मुन्सलिके पर यह लिखदेगा कि इस तौरपर नक़ल चस्पां की और चस्पां करने के हालातभी उस तहरीर में दर्ज करेगा ॥

दफ़ा ८१—जुमला सूरतों में जब सम्मनकी तामील बमूजिबदफ़ा ७९ के कीजाय अहल्कार तामीलकुनिन्दा को लाज़िमहै कि असल सम्मन की पुश्तपर या किसी पर्चे मुन्सलिके पर यह हाल लिखे या लिखवाये कि सम्मन की तामील किसवक़ और किसतौरपर कीगई ॥

दफ़ा ८२—जब कोई सम्मन बमूजिब दफ़ा ८० के वापिसआये अदालत अहल्कार तामील कुनिन्दासेउस को हल्फ़ देकर हाल कार्रवाईका जो उसने की हो दरियाफ्त करेगी और जायज़ है कि उस बाबमें तहक़ीक़ात मज़ीद जो उसकी दानिश्तमें मुनासिबहो अमलमें लाये और ख्वाह यह क़रार देगी कि सम्मनकी तामील हस्ब ज़ाबिता होगी या जिस तौरपर कि उसकी दानिश्त में मुनासिब हो उसकी तामील करनेका हुक्म देगी ॥

जब अदालत को किसी वजह से यक़ीन होजाय कि मुद्दआअलेह इस ग़रज़से कि सम्मनकी तामील उसपर न होने पाये रूपोश रहता है या किसी और वजहसे

सम्मनकी तामीलमामूलीतौरसेनहींहोसक्तीहै तो अदा-
लत यह हुक्म सादिरकरेगी कि बज़रियेचस्पां करनेएक
पर्त्त सम्मन के अदालतकी किसी नज़रगाह आम पर
और भी मुद्दआअलेह के उस मकान(अगरकोईहो)के
मंज़िरआम पर जिसमें आख़िर मर्त्तबा उसका सकूनत
रखना मालूम हो या किसी और तौरसेजो अदालतको
मुनासिब मालूमहो सम्मनकी तामीलकीजाय ॥

दफ़ा ८३--सम्मनकी तामील उसतरीक़ेपर जो बजाय
तरीक़े मामूली के अदालत के हुक्म से मुस्तैमिल किया
जायउसीतरहपर मवस्सरहोगी गोयासम्मनकी तामील
मुद्दआअलेह पर असालतन् की गई थी ॥

दफ़ा ८४--जब सम्मन की तामील किसी और तरीक़
से बमूजिबहुक्म अदालतके कीजाय तोअदालतमुद्दआ-
अलेह की हाज़िरी के लिये उस्क़दर मीआद मुक़र्रर करे-
गी जो बनज़र हालात उससूरतके मुनासिब मालूमहो ॥

दफ़ा ८५--अगर मुद्दआअलेह सिवाय उस अदालत
के जिसमें नालिश रुजूअ हुई हो किसी और अदालतके
इलाक़े अख़्तियारके अन्दररहताहो और जिसअदालत
में नालिशहुईहो उसके इलाक़े अख़्तियारकी हुदूद
अरज़ीके अन्दर उसका कोई एजंट जो सम्मन लेनेका
अख़्तियार रखताहो सकूनत न रखताहो तो ऐसीअदा-
लतसम्मन मज़कूरको अपनेकिसी अहल्कारकी मारफ़त
ख्वाह डाकपर किसीऐसी अदालतमें जो हाईकोर्ट न हो
लेकिन उस मुक़ाम पर हुकूमत रखतीहो जहांमुद्दआअ-
लेह रहता हो याने जिस तरीक़े से सम्मन की तामील

करानी आसानहो मुरसिलकरेगी और मुद्दआअलेहकी हाज़िरी के लिये उस्क़दर मीआद मुक़र्रर करेगी ॥

जिस अदालत में सम्मन भेजाजाय वहउसकेवसूल होने पर उसी तरह कार्रवाई करेगी गोया खुद उसने कियाथा बादअज़ां उस सम्मनको मयउस मिसल के जो (कुछ) इसफ़िक़रे के मुवाफ़िक़ मुरत्तिबकी गई हो उसी अदालत में वापस करेगी जिसने कि दर असल उसको जारीकिया हो ॥

दफ़ा ८६—जब कोईहुक्मनामा ऐसीअदालतसेसादिर आहो जोबलाद कलकत्ता औरमंदरास औरबंबई और रंगूनकीहुदूदकेबाहरमुक़र्ररहो और उसकीतामीलकिसी ज़िलामें उसके बेजात ख़फ़ीफ़े में मुरसिल कियाजायगा जिसके इलाक़ अख्तियारकेअंदर हुक्मनामेकी तामीलकरानीमंजूरहो॥

और वह अदालत मताल्लिबेजात ख़फ़ीफ़ा उसहुक्मनामेकी निस्बत उसी तरह अमल करेगी कि गोया उसी ने जारीकियाथा ॥

और बादअज़ां हुक्मनामेको उसी अदालतमेंवापस भेजेगी जहां से वह जारीहुआथा ॥

दफ़ा ८७—अगरमुद्दआअलेहजेलखानेमें होतो सम्मन उस जेलख़ानेकेओहदेदार मोहतमिम को दियाजायगा जिसमें मुद्दआअलेह क़ैदहो और ओहदेदारमज़कूरमुद्दआअलेह पर सम्मन की तामील करायेगा ॥

सम्मन मयकैफ़ियत उसकी तामील के जोसम्मनकी

पुश्तपर लिखीजायगी और जिस कैफ़ियत की ज़ैल में दस्तख़त ओहदेदार मोहतमिम जेलख़ाना और मुद्दआ-अलेहके सब्तहोंगे उसअदालतमें वापिस भेजाजायगा जहांसे सम्मन जारी हुआथा ॥

दफ़ा८८—अगर वह जेलख़ाना जिसमें मुद्दआअलेह क़ैदहो उसज़िलेमें न हो जिसमें नालिश दायरहुईहो तो जायज़है कि सम्मन बज़रियेडाकके या और किसीतरीक़ सेजेलख़ानेकेओहदेदारमोहतमिमके पास भेजाजायऔ-र ओहदेदारमज़कूर मुद्दआअलेहमज़कूरपर सम्मनकी तामील करायेगा और वह सम्मन हस्ब मुन्दर्जेदफ़ा८७ मयकैफ़ियत उसकीतामीलके जो उसकी पुश्तपर लिखी जायगी और जिसपर दस्तख़त सब्तहोंगे उसअदालत में वापिस भेजाजायगा जहांसे सम्मन जारीहुआथा ॥

दफ़ा८९—अगर मुद्दआअलेह ब्रटिशइंडियासे बाहर रहताहै और ब्रटिशइंडियामें ऐसा कोईएजंट न रखताहो जो सम्मन लेनेका मजाज़हो तो सम्मन लिफ़ाफ़ेमें बंद होकर मुद्दआअलेह के पास उसपतेसे मुरासिल किया-जायगा जहां वह रहताहो और अगर उसके मकान से उस मुक़ाम तक जहां अदालत वाक़ैहै डाक जारीहो तो सम्मन बज़रिये डाक भेजाजायगा ॥

दफ़ा९०—अगर उसमुल्कमें जहांमुद्दआअलेहसकूनत रखताहै रेज़ीडंट या एजंट सर्कार अंगरेज़काहो तो स-म्मन उसरेज़ीडंट या एजंटके पास बज़रिये डाक के या और नेहजपर मुद्दआअलेहपर तामीलपानेके लिये भे-जाजायगा और अगर रेज़ीडंट या एजंट सम्मनको यह

इबारत उसकीपुश्तपर लिखकर और उसकेज़ैलमें अपने दस्तख़तकरके वापिसकरे कि सम्मनकी तामील मुद्दआअलेहपर मुताबिक़ हिदायत मुंदर्जैबालाकेहोगई तो वह इबारत ज़ाहिरी सम्मनकी तामीलका सुबूत क़तईहोगी ॥

दफ़ा९१—अदालतको अख्तियारहै कि बावजूदकिसी इबारत मुंदर्जै दफ़आत मासबक़ के सम्मन के एवज़ एक चिट्ठी जिसपर जजकेदस्तख़त या किसी और ओहदेदार के दस्तख़त सब्तहों जिसको जज उसकामकेलिये मुक़र्रर करे मुद्दआअलेहके नाम भेजे जबकि उसका रुतबा अदालत की दानिश्तमें उस मराआतके लायक़ हो ॥

उसचिट्ठीमें वह तमाम मरातिब मुन्दर्जहोंगे जिनके सम्मन में दर्ज करनेका हुक्म है और बहिफ्ज़ एहकाम मुन्दर्जै दफ़े ९२ के वह चिट्ठी बहमै वजूह बतौर सम्मन के मुतसव्विर होगी ॥

दफ़ा९२—जब चिट्ठी उस तौर पर बजाय सम्मन के लिखीगई हो तो वह बज़रिये डाक या मारफ़त क़ासिद ख़ास मुन्तख़िबकियेहुये अदालतके या और किसीतरीक़े सेजोअदालतकेनज़दीकमुनासिबहो मुद्दआअलेहकेपास भेजीजायगी—इल्लाजबकिमुद्दआअलेहऐसाकोईएजंट रखताहो जोसम्मनलेनेका मजाज़होकिउससूरतमेंजायज़हैकिवहचिट्ठी उसएजंटको हवालेकीजायया उसकेपास भेजदीजावे ॥ तामील हुक्मनामजात ॥

दफ़ा९३—हर हुक्मनामा जो इसमजमूयेकी रूसे जारीकियाजाय उसकी तामील बसर्फ़े उस फ़रीक़के कीजायगी जिसकी दरख्वास्तपर वह जारीहुआथा इल्ला उस

सूरतमें कि अदालत और नेहजकी हिदायत करे ॥

रसूमअदालत बाबत तामील हुक्मनामा हुक्मनामेके जारी होनेसे पहिले अंदर मीआद मुजव्विज़ह अदालत वसूल करली जायगी ॥

दफ़ा ९४- तमाम इत्तिलाअ नाम जात और एहकाम जो इसमजमूये के मुताबिक़ किसी शख्सको देने या उस पर तामील करने मंजूरहों तहरीरी होंगे और उसीतरह तामील कियेजायँगे जिसतरह हस्बमरकूमैबाला सम्मन की तामील होनीचाहिये ॥

महसूल डाक ॥

दफ़ा९५-जबकिकिसीइत्तिलाअनामेया सम्मनयाचिट्ठी पर जो इसमजमूयेकेबमूजिब जारी होकर बसबील डाक रवाना कीजाय महसूल डाक वाजिबुल्अदाज़ हो तो वह महसूल और रसूम उसकी रजिस्टरीकी रवानगी से पहलेअंदरमीआदमुजव्विज़हअदालत अदाकरनीहोगी मगर शर्त्तयहहै कि लोकलगवर्न्नमेंटको अख्तियारहै कि बाद हुसूल मंजूरी जनाबनव्वाब गवर्न्नरजनरल बहादुर इजलास कौंसल ऐसे महसूल डाक या रुसूमरजिस्टरी या दोनोंको मुन्माफ़करे या कोई शरह रुसूम अदालतकी मुक़र्ररकरे जो उसके बदले लीजायगी ॥

सातवांबाब ॥

ज़िक्र फ़रीक़ैन हाज़िराका और गैर हाज़िरी के नतीजे का ॥

दफ़ा ९६–जो तारीख़ सम्मन में मुदआअलेहकी हाज़िरी और जवाबदिही के लिये मुक़र्ररहोना चाहिये कि

(अलिफ़) अगर यह साबित होजाय कि सम्मन की तामील हस्बज़ाबिता कीगईथी तो अदालतमजाज़होगी कि मुक़द्दमेमें यकतरफ़ा काररवाई करे ॥

(बे) अगर सम्मन का हस्बज़ाबिता तामीलपानासाबित न कियाजाय तो अदालत यह हुक्म देगी कि एक दूसरा सम्मन जारीकियाजाय और मुद्दआअलेहपरउस की तामील कीजाय ॥

(जीम) अगर यह साबितहो कि सम्मनकीतामीलमुद्दआअलेहपरहोगई मगरउसक़दरमुद्दतपेश्तरसेनहींहुई कि वह तारीख़ मुंदरजै सम्मनतक हाज़िरहोकर मुक़द्दमे की जवाबदिही करसकेतो अदालत मुक़द्दमेकी समाअत किसीऔर तारीख़ आयंदापर जो अदालतकीतजवीज़से मुक़र्ररहो। मु९

रीख़आख़िरुज़्ज़िक्रकी इत्तिला मुद्दआअलेहको दीजाय ॥

अगर सम्मनकी तामील मुद्दत काफ़ीके अंदर मुद्दईके नहुईहो तो अदालत उसे हुक्मदेगी कि उस इ-ल्तवासे जो ख़र्चा आयदहुआहो अदाकरे ॥

दफ़ा १०१—अगरअदालतने किसीतारीख़आयंदापर मुक़द्दमेकीसमाअतयकतरफ़ा मुल्तवीरक्खीहो और मुद्दआअलेहतारीख़मज़कूरको या उससेपहले हाज़िरहोकर अपनी ग़ैरहाज़िरी साबिक़ की वजह काफ़ी ज़ाहिर करे तो जायज़है कि मुद्दआअलेह की जवाबदिहीऐसीशरायत परजिनकी अदालत दरबाबअदायख़र्चा या अदम अदायख़र्चाहिदायतकरे मुक़द्दमेमें उसीतरह मसमूअहो कि गोया वह उसी तारीख़ को हाज़िर हुआ था जो

इख्तिदाअन् उसकी हाज़िरी के लिये मुक़र्रर हुई थी ॥

दफ़ा १०२--अगर मुद्दआअलेह ... हाज़िर नहोतोअदालतमुक़द्दमेकोडिसमिसकरेगी इल्ला उससूरतमें कि मद्दआअलेहदावा या जुज्वदावेकोक़ुबूल करे कि उस सूरत में अदालत मुद्दआअलेहके इक़बाल के बमूजिब उसपर डिकरी सादिरकरेगी और जबसिर्फ़ जुज्वदावे का इक़बाल हो उसक़द्र मुक़द्दमा डिसमिस करेगी जो जुज्व ग़ैरइक़बाली से मुतअल्लिक़ हो ॥

दफ़ा १०३--जबदफ़ा १०२ के बमूजिबकोई मुक़द्दमा कुल्लन् या जुज़न्डिसमिस कियाजायतोमुद्दईको अख्तियार नहोगा कि उसी बिनायदावेपरनईनालिशकरेलेकिन उसको अख्तियाररहेगा किहुक्मडिसमिसीकीमन्सूख़ीके लिये दरख्वास्तदे और अगरसाबित होजाय कि मुक़द्दमे की समाअत के लियेपुकारे जानेके वक्त वह किसी वजह काफ़ीके बायस हाज़िरहोनेसे माज़ूरथातो अदालतहुक्म डिसमिसीको उनशरायतपरदरबाबदिलानेया न दिलाने ख़र्चेके जो मुनासिब समझे मन्सूख़करेगी औरमुक़द्दमेमें काररवाई ...

अगर मुद्दईने अपनी दरख्वास्तकी इत्तिला तहरीरी मुद्दआअलेहपर तअमील न कराईहोतो कोई हुक्मइस दफ़ाके बमूजिब सादिर न कियाजायगा ॥

दफ़ा १०४--अगर उस तारीख़पर जो किसी ऐसे मुद्दआअलेह साकिनबेरूं ब्रिटिशइण्डियाकेनामकी नालिश की समाअतके लिये मुक़र्रर हुई हो जिस का कोई ऐसा एजंट न हो जोसम्मन लेनेका अख्तियार रखताहो या

अत मुस्तवी कीगईहो मुद्दआअलेह हाज़िर न हो तो मु-
द्दई मजाज़होगा कि अदालतसे दरख्वास्तकरके अपने
मुक़द्दमेमें पैरवीकरनेकीइजाज़तचाहे और अदालत यह
करसक्ती है कि मुद्दई अपने मुक़द्दमे की पैरवी
करे और ऐसी शरायत का पाबन्द रहे जो

१०५-- ...जिय ... हैं

से एक या चन्द हाज़िर हों और बाक़ी ग़ैरहाज़िर हों तो
अदालत को अख्तियार है कि बमूजिब दरख्वास्त उस
मुद्दई या मुद्दइयान हाज़िरके मुक़द्दमेमें उसी तरह पैरवी
होनेकी इजाज़तदे कि गोया सबमुद्दइयान हाज़िरहुयेथे

दफ़ा १०६--अगरएकसे ज़ियादह मुद्दआअलेहुम् हों
एक या चन्द उनमेंसे हाज़िरहों और बाक़ीहाज़िर
न हों तो मुक़द्दमेमें कारखाई जारीरहेगी और वक़्त
सादिर करने फ़ैसले के अदालत उन मुद्दआअलेहों के
निस्बत जो हाज़िर नहीं ऐसा हुक्म सादिर करेगी जो
मुनासिब मालूमहो ॥

दफ़ा १०७--अगर कोई मुद्दई या मुद्दआअलेह जिस-
को दफ़ा ६६ यादफ़ा४३६ अहकामके बमूजिब असाल-
तन् हाज़िरहोनेका हुक्मदियागयाहो असालतन्हाज़िर
न होने या असालतन् हाज़िर न होने की वजह काफ़ी
हस्बइतमीनानअदालतज़ाहिर न करे तोवहदफ़आतया
सबक़के उन जुमले अहकामका पाबंदरहेगाजो उनमुद्दइ-

यान और मुद्दआअलेहुम्‌से मुतअल्लिक़ हैं जो हाज़िर नहीं
दरबाब मन्सूख़करने डिकरियात यकतरफ़ाके ॥

दफ़ा१०८—हरसूरतमें कि डिकरी यकतरफ़ा मुद्दआ-अलेहपरसादिरकीजाय मुद्दआअलेहमजाज़ है कि जिस अदालतसे डिकरी सादिर हुईहो उसमें इसग़रज़से दरख़्वास्तदे कि डिकरीकी मन्सूख़ीकाहुक्म सादिरहो ॥

और अगरवह अदालतको मुतमय्यनकरदे किसम्मन कीतामील हस्बज़ाबितानहींकीगई याकिवह किसीवजह मवज्जहसे उसरोज़ अदालतमें हाज़िरनहोसकाजब कि मुक़द्दमासमाअतकेलियेपेशाकियागयातो अदालतहुक्म मुतज़म्मिनमन्सूख़ीडिकरीमयशरायतदरबाबख़र्चा औ-या
औरतौरपरजोमुनासिबमालूमहोसादिरकरेगी और मुक़द्दमे में कारखाई होनेकेलियेएकतारीख़ मुक़र्रर करेगी॥

दफ़ा१०९—कोई डिकरी बवजह गुज़रने दरख़्वास्त क़िस्म मज़कूरके मन्सूख़नकीजायेगीइल्ला उससूरतमेंकि दरख़्वास्तके गुज़रने की इत्तिला तहरीरी तरफ़सानीको पहुँचाई गईहो॥

आठवां बाब॥

बयानात तहरीरी और मुजराहोनेका ज़िक्र॥

दफ़ा११०—फ़रीक़ैन मुक़द्दमेको अख्तियार है कि मुक़द्दमेके अव्वलरूबकारकेवक़्त या उससेपहले किसीवक़्त अपनी २ तरफ़के बयानाततहरीरी दाख़िलकरें औरअदालत उनको लेकर शामिल मिसल करेगी॥

दफ़ा१११—अगर किसी मुक़द्दमेमें जो वास्तेपानेज़र नक़दके हो मुद्दआअलेह को यह दावाहो कि उसका

कोईमतालिबा मुअय्यन ज़रनक़दकाजो उसकोक़ानूनन् मुद्दईसे पानाहै मुद्दईके मतालिबेमें मुजरा दिया जाय और अगर ऐसेदावेमें जोमुद्दआअलेहको मुद्दईपर पहुँचताहै दोनों फ़रीक़ को वही हैसियत हासिल हो जो मुद्दईके दावेमें इनकोहासिलहै तो यह बातजायज़होगी कि मुद्दआअलेह मुक़द्दमेके अव्वल रूबकारके वक़्एक बयान तहरीरी जिसमेंउसके मतालिबे मुजरा तलबकी तफ्सील हो दाख़िलकरे लेकिन उसकेबाद किसी और वक़्पर दाख़िल नकरसकेगाइल्ला उससूरतमें कि अदालतसे उसकी इजाज़त मिले ॥

बाद अज़ां अदालत उसदावेकी तहक़ीक़ात करेगी और अगर अदालतको इसअम्रका इतमीनानहोजाय कि मुक़द्दमेकी कैफ़ियत मुताबिक़ उन शरायतके है जो इस दफ़ाकी ऊपरकी इबारतमें मरक़ूम हैं और अगर वह तादाद मुतदाविया जिसका मुजरालेना मंज़ूर हो अदालत के अख़्तियार समाअतसे बाहरनहो तो अदालत एक क़रज़ेको दूसरे क़रज़ेमें मुजरा करादेगी ॥

ऐसा मुजरा दिलाना उसीक़दर मवस्सर होगा कि गोया मुद्दआअलेहकी तरफ़से अरज़ीदावा दायरहुईथी हत्ता कि अदालतको अख़्तियारहोगा कि असल दावा औरउसकेमुक़ाबिलमुद्दआअलेहकेदावेदोनोंकीनिस्बत एकही मुक़द्दमे में फ़ैसलाक़तई सादिरकरे लेकिनतादाद डिक्रीशुदहपर जोहक़ किसीवकीलका बाबत उसख़र्चे के हो जो डिक्रीके बमूजिब उसको पानाहो इसपर वह फ़ैसला मवस्सर न होगा ॥

तमसीलात ॥

(अलिफ़)ज़ैदने दोहज़ार रुपये वास्ते उमरूके छोड़े और बकर को अपना वसी और मौसीलहू बाक़ीमुन्दा का क़रारदिया उमरूफ़ौतहुआ और ख़ालिदनेचिट्ठियात मोहतममी तरका उमरूकीहासिलकीं और बकरने एक हज़ार रुपया बाबतज़मानत ख़ालिदके अदाकिये बादअज़ां ख़ालिदने बकरपर बाबत ज़रवसीयतीके नालिशकी बकर ज़रवसीयतीमेंसे एकहज़ार रुपया बाबत क़रज़े के मुजरा नहीं पासक्ताहै क्योंकि बकर और ख़ालिदकी जो हैसियत निस्बत अदाय मुबलिग़ एकहज़ार रुपयेके है वही निस्बत माल वसीयतीके नहीं है ॥

(बे)ज़ैद बिलावसीयत और उमरूका मक़रूज़ मर गया बकरने चिट्ठियात मोहतममीतरका ज़ैदकीहासिल की और उमरूने जुज्व उस जायदाद का बकरसे ख़रीद किया पस जोनालिश बाबत ज़रसम्मन मिंजानिबबकर बनाम उमरूहो उसमें उमरू उस क़ीमत में से अपना क़रज़ा मुजरानी नहीं पासक्ता है क्योंकि यहां बकर की दो हैसियत मुख़तलिफ़ हैं एक हैसियत बायाहोने की बमुक़ाबिले उमरू के जिसमें कि वह उमरूपर नालिश करताहै और दूसरी हैसियत क़ायममुक़ामी ज़ैदकी है ॥

(जीम) ज़ैदनेउमरूपर बज़रिये बिलआफ़ एक्सचेंज के नालिशकी उमरू बयान करताहै कि ज़ैदने उमरू के माल के बीमा कराने में बेजा ग़फ़लत की और वह ज़िम्मेदार मुआवज़े का है जो मुजरा होना चाहिये जो-कि इस मुआमले में तादाद रक़म मुजराई की मुतहक़्क़

नहीं है इसलिये मुजरा नहीं दिलाई जासक्ती ॥

(दाल) ज़ैदने उमरूपर पांच सौ रुपयेके बिलआफ़ ऐक्सचेंजके ज़रियेसे नालिशकी और उमरूके पासएक डिकरी बनाम ज़ैद बाबत मुबलिग़ एकहज़ार रुपयेके है जोकि यहदोनों दुवावीरक़म मुअय्यन ज़रनक़दकेहैं इस-लिये एकबमुक़ाबिला दूसरेके मुजरादिलाया जासक्काहै॥

(हे) ज़ैदने उमरूपर बाबत हरजा एकमुदाख़िलत-

रुपयेका ज़ैदका लिखाहुआहै और वह यहदावा करता है कि जो रुपया ज़ैदको इसनालिशमें दिलायाजाय उसमें से यह रक़म मुजराकीजाय उमरू ऐसा करसक्काहै इस-वास्ते कि जब ज़ैदको रुपया दिलाया जायेगा तब दोनों रक़में ज़रनक़द की मुअय्यनहो जायेंगी ॥

(वाव) ज़ैद और बकरने मिलकर एकहज़ाररुपयेकी नालिश उमरू पर की उमरू ऐसा क़रज़ा जो तनहा याफ्तनी उसका ज़ैदके ज़िम्मेहै मुजरा नहीं पासक्काहै ॥

(ज़े) ज़ैदने बकर और उमरूपर एकहज़ार रुपयेकी नालिशकी बकर ऐसाक़रज़ा जो तनहा याफ्तनी उसका ज़ैदके ज़िम्मेहै मुजरा नहीं पासक्का है ॥

(हे) ज़ैद बकर और उमरूकीकोठी शराकतीकाबक़-दर एकहज़ार रुपयेके देनदारहै बकर उमरूको छोड़कर फ़ौतहोगया ज़ैदने उस उमरूपर बाबत क़रज़े तादादी पन्द्रह सौ रुपये के जिसका उमरू बज़ातख़ास देनदार था नालिशकी उमरू को अख़्तियारहै कि क़रज़ा एक हज़ार रुपयेका मुजराले ॥

दफ़ा११२-बजुज़ उस सूरतके जो दफ़ा मुलहक़ा बालामें मज़कूरहै कोई बयान तहरीरी मुक़द्दमेके पहले समाअ़त होजाने बाद मंज़ूर कियाजायेगा ॥

मगर शर्त्तयहहैकिअ़दालतजिसवक़्तचाहे किसीफ़रीक़ से बयान तहरीरी या तितिम्मै बयान तहरीरी तलबकरे और उसके दाख़िल होनेकेलिये एकमीआ़द मुक़र्ररकरे॥

नीज़ शर्त्तयहहै कि वास्ते तरदीद किसी बयान तहरीरीके जोअ़दालतसे तलबहोकर दाख़िलहुआहोबयान तहरीरी या तितिम्मै बयान तहरीरी किसीवक़्त अ़दालत की इजाज़त से मक़बूल होसक्ताहै ॥

दफ़ा११३-अगर कोईफ़रीक़ जिससे बयान तहरीरी तलबहुआहोउसमीआ़दकेअंदर बयानतहरीरी दाख़िल न करे जो अ़दालतसे मुक़र्रर हुईहो तो अ़दालत मजाज़ होगी कि उस फ़रीक़पर डिकरी साबितकरे या मुक़द्दमे की निस्बत कोईहुक्मदे जो मुनासिब मालूमहो ॥

दफ़ा११४-बयानात तहरीरी उसक़दर इख़्तिसार के साथ जो बलिहाज़हालात मुक़द्दमै मुमकिनहों लिखेजायेंगे और ब इन्दराज दलायल मुरत्तिब न हुआकरेंगे बल्कि चाहिये कि हत्तुलइम्कान उनमें सिर्फ़बयान उन्हीं वाक़ियाकाहो जिनको वह फ़रीक़ जिसने बयानतहरीरी मुरत्तिब कियाहो या जिसकीतरफ़से मुरत्तिब कियागया हो नफ़्समुक़द्दमा बावरकरे याजिनको वहतसलीमकरता हो यायह समझताहो कि वहउनको साबितकरसकेगा॥

ऐसा हरबयान तहरीरी दफ़आ़त में मुन्क़सिम किया जायगा जिनपर नम्बर मुसलसल सब्तहोगा और हर

दफ़ामें जहांतक मुमकिनहो एकजुदीबात लिखीजायेगी॥

दफ़ा ११५—बयानात तहरीरीपर दस्तख़त और तसदीक़ की इबारत उसी तरह ज़ैलमें लिखीजायगी जिस तरहदफ़आ [illegible] स्तख़तकरने औरतसदीक़ की इबारत लिखनेका हुक्महै और कोई बयानतहरीरी जिसपरहस्बमरक़ूमा सदरदस्तख़त और तसदीक़की इबारत न हो अदालतमें मक़बूल न होगा॥

दफ़ा११६—अगर अदालतके नज़दीक कोई बयान तहरीरी जिसे अदालतने तलब कियाहो याकिसीफ़रीक़ ने अज़ख़ुद दाख़िल कियाहो पुरअज़ हुज्जत बदलायल या तूलोतवील या मुतज़म्मिन किसी अम्र ग़ैरमुतअल्लिक़ मुक़द्दमे का हो तो अदालत मजाज़है कि उसीवक़्त और वहीं उसकी इसलाहकरे या उसकी पुश्तपर हुक्म लिख कर उसको नामंज़ूर करे या यह हुक्मलिखे कि वह दाख़िलकरनेवालेको इसग़रज़से वापिस दियाजाय कि वह मीआदकेमुक़र्ररहअदालतके अन्दरउसकी इसलाहकरे और निस्बत ख़र्चा दिलाने या न दिलानेके ऐसीशरायत लिखे जो अदालतको मुनासिब मालूमहो ॥

जब इसदफ़ाके बमूजिब किसीबयान तहरीरीमेंइसलाहकीजाय तोइसलाहकी तसदीक़केलिये जज उसपर अपने दस्तख़त करेगा ॥

जब इसदफ़ाके बमूजिबबयानतहरीरी नामंज़ूरकिया जाय उसकादाख़िल करनेवाला कोई और बयान तहरीरी दाख़िल नकरसकेगा इल्ला उससूरतमें किअदालतसराहतन् तलबकरे या उसकेदाख़िल होनेकी इजाज़तदे ॥

नवांबाब ॥

फ़रीक़ैनकी ज़बानबन्दीअ़दालतकी मारफ़त ॥

दफ़ा ११७—मुक़द्दमेकी समाअ़त अव्वलवक़्त अ़दालत मुद्दआ़अ़लेह या उसकेवकीलसे दरियाफ़्तकरेगी किवह बयानात वाक़ै मुन्दरजे अ़र्ज़ीदावेकोतसलीमकरताहै या उनसे इन्काररखताहै और हरफ़रीक़ या उसकेवकीलसे निस्बत उनबयानात वाक़ैकेजो फ़रीक़सानीके बयानतहरीरीमें (अगर कोई बयान तहरीरीहो) लिखेगयेहों और जिनको सराहतन् या अज़रूये मफ़हूम लाज़िमी के उस फ़रीक़ने जिसके मुक़ाबिल वह लिखेगयेथे नहीं तसलीम किया या उनसे इन्कार नहींकियाहो इस्तफ़्सार करेगी कि तुम उनको तसलीमकरतेहो या उनसे इन्कार करतेहो औरउसतसलीमयाइन्कारकोअ़दालतक़लम्बन्दकरेगी॥

दफ़ा११८—मुक़द्दमकी समाअ़त अव्वल या किसी समाअ़त माबादकेवक़्तअ़दालतकोअख़्तियारहैकि ज़बानबन्दी किसी फ़रीक़की जो अ़दालत में हाज़िर आये या मौजूदहो या किसीशख़्सकी जोमुक़द्दमे के मरातिबज़रूरी का जवाबदेसके और जिसका फ़रीक़ मज़कूर या उसका वकील अपनेसाथअ़दालतमें लायाहो क़लम्बन्द करले और अ़दालत मजाज़है कि अगरमुनासिबसमझेज़बानबन्दी लिखेजानेके दरमियान को इस्तफ़्सारकरना मंज़ूरहो इस्तफ़्सार करे ॥

दफ़ा ११९—ज़बानबन्दी का ख़ुलासा जजके हाथ लिखाजायेगा और वह शामिल मिसल रहेगा ॥

दफ़ा१२०—अगरवकीलकिसीफ़रीक़का जो वकालतन्

हाज़िरहोकिसीसवालज़रूरी मुतअल्लिकैमुक़द्दमेकेजवाब देनेसे मुन्किर या माज़ूर हो और अदालतके नज़दीक उसफ़रीक़पर जिसका वह क़ायममुक़ामहै उसका जवाब देना वाजिबहोऔर बदानिस्तअदालतके मुमकिनहोकि अगर उससे असालतन् इस्तफ्सारकियाजाय वहजवाब उसका देसकेगा तो अदालत मजाज़होगी किमुक़द्दमेको किसीतारीख़ आयन्दातक मुल्तवी करके हुक्मदे कि वह फ़रीक़ बतारीख़ मज़कूरै असालतन् हाज़िर हो ॥

अगर फ़रीक़ मज़कूर बतारीख़ मुअय्यना बिलाउज़्र जायज़ असालतन् हाज़िर नहो तोअदालतको अख्तियारहोगा कि उसपर डिकरी या ऐसाहुक्मबनिस्बत मुक़द्दमेके जो उसकेनज़दीक मुनासिबहो सादिरकरे ॥

दशवां बाब ॥

बाबत इन्कशाफ़हालऔरमक़बूली और मुआयना और दरपेश और ज़ब्ती और वापिसी दस्तावेज़ातके॥

दफ़ा१२१—हर फ़रीक़को अख्तियार है कि किसी वक़्त बहुसूल इजाज़त अदालतके तहरीरी बंद सवालात का जिनके जवाबात तरफ़सानी से लेने मंज़ूरहों या जब कि तरफ़सानी एकसे ज़ियादहहों और उनमेंसे एकया ज़ियादह से लेनेमंज़ूरहों अदालतकी मारफ़त हवाले करे और सवालातके ज़ैलमें यह सराहतकरदे कि हरशख्स से किस किस सवालका जवाब तलबहै ॥

मगर शर्त्तयहहै कि बिलाइजाज़त अदालतके किसी फ़रीक़को अख्तियार न होगा कि एकही शख्स को एक

ज़ियादह बंद सवालातके हवालेकरे और कोई मुद्दआअ़-लेह वास्तेलियेजाने इज़हार मुद्दईके मजाज़देने बंदसवालातकानहोगाइल्लाउसहालमें किउसमुद्दआअ़लेहनेकोई बयान तहरीरी पहले दाख़िलकरदियाहो और वहबयान लेलियागयाहो और शामिल मिसलकरदियागयाहो ॥

दफ़ा १२२—बंद सवालात जो दफ़ा १२१ के बमूजिब हवाले कियाजाय उसफ़रीक़के वकीलको (अगर कोईहो) जिससे सवालात कियेजायँ दिया जायेगा या उस तरह उसकी तामील कीजायेगी जिसतरहहस्ब अहकाम मुंदर्जे दफ़आत बाला सम्मन की तामील के वास्ते हुक्महै और अहकाम दफ़आत ७९ व ८० व ८१ व ८२ दरसूरत आख़िरुज़्ज़िक्र जहांतक कि मुमकिनहो मुतअ़ल्लिक़होंगे॥

दफ़ा १२३-मुक़द्दमे का ख़र्चा तै करने के वक़्त किसी फ़रीक़ की दरख़्वास्त पर अदालत इस अम्र की तहक़ीक़ात करेगी या तहक़ीक़ात करायेगी कि बंद सवालात जारी करना मुनासिबथा या नहीं और अगर अदालतके नज़दीक बंद सवालात बिलावजह या बराह ईज़ारसानी या तवालत बेजाके साथ हवाले किया गयाहो तो ख़र्चा जो बंद सवालात मज़कूर और उसके जवाब लेनेमें पड़ाहो फ़रीक़ क़ुसूरवार पर आयद कियाजायेगा ॥

दफ़ा १२४--अगर मुक़द्दमे में अहदुल फ़रीक़ैन कोई कारपोरेशनयाने जमाअ़तसनदयाफ़्तह या जायंटइस्टाक कम्पनीयाने शराकती जमाअ़तहो आम इससे कि उसको कारपोरेशन की सनद मिलीहो या नहीं या ऐसी जमाअ़त मुश्तरक हो जिसको क़ानूनन् अपने नाम से या

दफ़ा १२९—मुक़द्दमेके दौरानमें हरवक़्त अ़दालत को अख़्तियार है कि किसी फ़रीक़ मुक़द्दमे को हुक्म दे कि तमाम दस्तावेज़ात जो उसके क़ब्ज़े या अख़्तियारमें हों या रही हों और मुक़द्दमेके किसी अम्र निज़ाईसे मुतअ़ल्लिक़ हों उनको बज़रिये तहरीरी बयान हल्फ़ीके ज़ाहिर करदे और हर फ़रीक़ मुक़द्दमे को क़ब्ल समाअ़त अव्वल हरवक़्त अख़्तियार है कि इसतरह का हुक्म देने के लिये अ़दालतसे दरख़्वास्त करे ॥

हर तहरीरी बयान हल्फ़ी जो इस दफ़ा के बमूजिब किया जाय उसमें यह तसरीह होनी चाहिये कि किस दस्तावेज़ को मिंजुम्लै दस्तावेज़ात मज़कूर मुज़ाहिर पेश करनेमें उज़्र रखता है और ऐसे उज़्र की वजूहात भी उसमें बयान की जायँ ॥

दफ़ा १३०—मुक़द्दमेके दौरानमें हरवक़्त अ़दालत को अख़्तियार है कि किसी फ़रीक़को मिंजुम्लै उन दस्तावेज़ातके जो नालिश या मुक़द्दमेके किसी अम्र निज़ाई से मुतअ़ल्लिक़ उसके क़ब्ज़े [illegible] ाँ जिसक़दर दस्तावेज़ात का पेशकरना अ़दालतकी दानिस्तमें मुनासिब हो उनके पेशकरनेका हुक्म दे और जब वह दस्तावेज़ात पेश होजायँ अ़दालत उनकी निस्बत हस्बमुक़्तज़ाय इन्साफ़ अ़मल करेगी ॥

दफ़ा १३१—हर फ़रीक़ मुक़द्दमे को अख़्तियार है कि मुक़द्दमेकी समाअ़तसे पहले या बरवक़्त समाअ़त किसी वक़्त किसी और फ़रीक़को अ़दालतकी मारफ़त इस मज़मून की इत्तिलाअ़ दे कि वह किसी दस्तावेज़ मख़सूस को वास्ते

मुआयना फ़रीक़ इत्तिलाअदिहन्दा या उसके वकीलके पेश करे और फ़रीक़ मज़कूर या उसके वकील को उस दस्तावेज़ की नक़ल लेनेदे ॥

कोईफ़रीक़ जो ऐसीइत्तिलाअकी तामील नकरे दस्तावेज़मज़कूरको उसमुक़द्दमेमें आयन्दा अपनीतरफ़से बतौर सुबूतके दाख़िल न करसकेगा इल्ला उससूरतमें कि वह अदालतका इतमीनानकरदे कि दस्तावेज़ मज़कूर सिर्फ़ उसीके हक़से मुतअल्लिक़ या किउसको इत्तिलाअ कीतामील न करनेकीकोई और वजहकाफ़ी हासिलथी॥

दफ़ा१३२–जिस फ़रीक़ को ऐसी इत्तिलाअ दीजाय उसको लाज़िमहै कि इत्तिलाअ पानेसे दसरोजके अंदर अदालतकी मारफ़त उसफ़रीक़को जिसने इत्तिलाअदी हो अपनी तरफ़से इसमज़मूनकी इत्तिलाअदे कि फ़लां वक़्पर जो उस इत्तिलाअदेनेकी तारीख़से तीनरोज़ के अंदरहो दस्तावेज़ात मतलूबा या उनमेंसे उसक़दर दस्तावेज़ात जिनके पेश करनेमें उसको उज़्र नहो उस[illegible] वकीलके दफ्तर में या किसी और मुक़ाम मुनासिबपर मुआयनाहोसकेंगी और इत्तिलाअमें यहभी लिखाजायेगा कि किस २ दस्तावेज़ के पेश करनेमें अगर कोई ऐसीहों उसको उज़्रहै और किन वजूहसे उज़्रहै ॥

दफ़ा १३३–अगरकोई फ़रीक़ जिसपर दफ़ा १३१ के बमूजिब इत्तिलाअकी तामीलहो दफ़ा १३२ केबमूजिब इत्तिलाअ इसबातकीकिदस्तावेज़ात किसवक़्त मुआयना होसकेंगी न भेजे या मुआयना करानेसे इन्कार करे या मुआयनेकेलिये कोई मुक़ाम नामुनासिब मुक़र्ररकरे तो

वह फ़रीक़ जिसको मुआयना मंज़ूर है अदालतमें यह दरख्वास्तदेसक्ताहै कि मुआयनेकाहुक्मसादिर कियाजाय॥

दफ़ा १३४—जब दस्तावेज़ात मुआयनातलब उन दस्तावेज़ातमेंसे नहीं जिनकाहवाला अर्ज़ीदावे या बयान तहरीरी या उस फ़रीक़ के बयान हल्फ़ीमें हो जिसपर दरख्वास्तगुज़रीहोयाजो उसकेबयानहल्फ़ी मुतअल्लिक़े दस्तावेज़ातसे ज़ाहिरहोंतो दरख्वास्त मज़कूरकी ताईद में बयान हल्फ़ी बतफ़सील इनमरातिबके दाख़िलकिया जायगा (अलिफ़) किस किस दस्तावेज़का मुआयना मंज़ूर है (बे) यह कि फ़रीक़ दरख्वास्तकुनिन्दामुआयनाकरने कामुस्तहक़ (जीम) यहकि वहदस्तावेज़ात उसफ़रीक़के क़ब्ज़े या अख्तियारमें हैं जिसपर दरख्वास्त गुज़रीहै॥

दफ़ा १३५—अगर वह फ़रीक़ जिससे किसी क़िस्मका अफ़शाहाल या किसीशैका मुआयनाकराना मतलूबहो उसकेया उसके किसीजुज्वके अफ़शा या मुआयना कराने से इन्कारकरे और अदालतकोइतमीनानहो कि इस्तहक़ाक़ ऐसेअफ़शा या मुआयनाकरानेका मुक़द्दमेके किसी अम्रतन्क़ीही या वहसतलबकी तजवीज़पर मुनहसिरहै याकि किसी और वजहसे ऐसेअफ़शा या मुआयना कराने का इस्तहक़ाक़ तैकरनेसे पहले उसअम्रतन्क़ीही या बहस तलबकी तन्क़ीह करनीज़रूरहै तो अदालत यह हुक्मसादिर करसकेगी कि उसअम्र तन्क़ीही या बहस तलबकी तजवीज़ पहलेहोजाय और अफ़शा या मुआयनाकराने का अम्र पीछेसे तै कियाजाय॥

दफ़ा १३६—अगर इसबाबके मुताबिक़ कोईहुक्म किसी

फ़रीक़पर जारीकियाजाय इसमज़मूनसे कि वह किसीबंद सवालातका जवाबदे या अफ्शा या हाज़िर या मुआयना कराये और वहहुक्म हस्बज़ाबिता हवालेहोचुकाहो और बावजूद इस्के वह उस हुक्मकी तामील न करे तो वह मुस्तौजिबहोगा किअगरमुद्दईहो तो उसकीनालिशअदम पैरवीमें डिसमिसकीजाय और अगर मुद्दआअलेहहो तो उसका जवाब अगर गुज़रा हो ख़ारिज कियाजाय और उसकी निस्बत ऐसा अमल कियाजाय कि गोया वह हाज़िर नहींहुआ और उसने जवाबदिही नहीं की ॥

और वहफ़रीक़ जिसने बंदसवालात दाख़िलकियाहो या अफ्शा याहाज़िरयामुआयनाकरानेकी दरख्वास्तदी हो मजाज़होगा कि उस मज़मूनका हुक्म सादिरकरनेके लिये अदालतमें सवालदे और अदालत उस मज़मूनका हुक्म सादिरकरनेकी मजाज़होगी ॥

अगर इसबाबके बमूजिब कोई हुक्म किसी फ़रीक़की ज़ातपर इसमज़मूनसे जारीहोचुकाहो कि वह बंदसवालातका जवाबदे या अफ्शा या हाज़िर या मुआयनाकराये और वहहुक्म मज़कूरकी तामील न करे तो वह उस जुर्मका भी मुर्त्तकिबसमझाजायगा जो मजमूये ताज़ीरात हिंद की दफ़ा १८८ में मज़कूरहै ॥

दफ़ा १३७—अदालत मजाज़है कि अपनीखुशीसे और अगर फ़रीक़ैन में से किसी फ़रीक़की तरफ़से दरख्वास्त गुज़रे तो बशर्त्त मुनासिबसमझनेके किसी और मुक़द्दमे याकाररवाईकी मिस्लकोअपने याकिसी और अदालत के दफ्तरख़ानेसे तलबकरके उसका मुआयनाकरे ॥

बताईद हरदरख्वास्तके जो इसदफ़ाके बमूजिबगुज़रे (अगर अदालत औरतरहका हुक्म न देतो) लाज़िमहै कि दरख्वास्तकुनिन्दा या उसका वकील एक तहरीरीबयान हल्फ़ी बसराहत इस अम्रके दाख़िल करे कि मिस्ल मतलूबा उस मुक़द्दमे में जिसमें दरख्वास्त गुज़रीहै क्योंकर मवस्सरहै और यह कि नक़ल मुसद्दक़ै हस्बज़ाबिते काग़ज़ात मशमूला मिस्ल की या उसजुज्वके जो सायल को दरकारहै बिला तवक़्क़ुफ़ या बिलासर्फ़ नामुनासिबके नहीं मिलसक्ती है या यह कि पेशहोना असल काग़ज़ात का वास्ते अग़राज़ मादिलतके ज़रूरी है॥

इसदफ़ाकी किसी इबारतसे यह न समझाजायगा कि अदालत किसी ऐसे काग़ज़को शहादतमें मुस्तैमिल कर सक्तीहै जो हस्ब क़ानून शहादत मजरियेहिन्द उस मुक़द्दमे में दाख़िल न होसक्ता॥

दफ़ा १३८—फ़रीक़ैन मुक़द्दमा या उनके वुकला को लाज़िमहै कि मुक़द्दमेकी समाअत अव्वलकेवक्त दस्तावेज़ात मुफ़स्सिलैज़ैल अपने साथ लेते आयें और उनको अपने पास रक्खें ताकि बवक्त तलब अदालतके उनको पेशकरसकें याने हरक़िस्मकी दस्तावेज़ात वजह सुबूतजो उनकेक़ब्ज़े या अख्तियारमें लायक़ इस्तदलालकेहों और जो उसकेपेश्तर अदालतमें दाख़िल न होचुकीहों और ऐसी कुल दस्तावेज़ात जिनकीनिस्बत अदालतने समाअत अव्वलसे पहले किसीवक्त पेशकरने का हुक्मदियाहो॥

दफ़ा १३९—कोई दस्तावेज़ी सुबूत जो किसी फ़रीक़के क़ब्ज़े या अख्तियारमेंहो और जिसको मुताबिक़ शरायत

दफ़े १३८ पेशकरना ज़रूरथा मगर जो पेश न हुआ हो मुक़द्दमेकी कारवाई की किसीनौबत आयंदापरशामिल मिस्ल न कियाजायेगा—इल्लाउस सूरतमें कि उसकेपेशन करनेकी वजह मवज्जह हस्ब इतमीनान अदालत ज़ाहिर कीजाय और अगर जज उसको शामिल मिस्लकरलेतो उसकोशामिलमिस्लकरनेकी वजूहलिखनाज़रूरहोगा ॥

दफ़ा १४०—जो दस्तावेज़ात फ़रीक़ैन की तरफ़ से मुक़द्दमेकी अव्वल समाअतके वक़्त पेशकीजायें उनको अदालत लेलेगी मगर शर्त्तयहहै कि दस्तावेज़ात जो हरफ़रीक़ पेशकरे उनके साथ एकसही फ़ेहरिस्त उस नमूनेकी जिसकी अदालत हाईकोर्ट वक़्त बवक़्त हिदायत करती रहे तय्यार करके मुन्सलिक करदे ॥

अदालतमजाज़ है कि मुक़द्दमेकी किसीनौबतपरकि-सी दस्तावेज़को नामंज़ूर करे जो बदानिस्त उसके मुक़-द्दमेसे ग़ैर मुतअल्लिक़हो या और तरहपर लेनेके लायक़ नहो और अदालत उसकी नामंज़ूरीकी वजहलिखेगी ॥

दफ़ा १४१—कोईदस्तावेज़ उसवक़्ततक शामिल मि-स्ल नकी जायगी जबतक कि क़ानून शहादत मजरिये वक़्तके बमूजिब उसकासबूत न दियागयाहो या वहतस-लीमनकीगईहो—और हरदस्तावेज़की ज़ोहरपर जो हस्ब मरक़ूमैबाला साबित या तसलीम हुईहो मुक़द्दमेका नंबर और फ़रीक़ैनके नाम वग़ैरह और दाख़िल करनेवालेका नाम और दाख़िलकरनेकी तारीख़लिखीजायगीबादअ-ज़ांजजअपनेदस्तख़तसेउसकीपुश्तपरलिखदेगाकिजिस

हपेशकीगई उसके ख़िलाफ़साबित

हुई या उसनेउसको तसलीमकिया याने जैसीकिसूरतहो और उसकेबाद वहदस्तावेज़मिस्लमें शामिलकीजायेगी॥

मगर शर्त्त यह है कि अगर दस्तावेज़ मज़कूर किसी वहीखाते या और किताबकी रक़म या इबारतहो तोवह फ़रीक़ जिसकीतरफ़से ऐसी किताब पेशकीजाय मजाज़है कि उसरक़म या इबारतकी नक़लदाख़िलकरे औरजायज़ है कि उसपर नम्बर मुक़द्दमा वग़ैरह मरातिब मुतज़क्किरै बाला लिखेजायें और वहनक़ल मिस्लमें नत्थीकीजायेगी और अदालत रक़म याइबारत मज़कूरपर निशान करके किताब मज़कूर शख़्स दाख़िलकुनिन्देको वापिसदेगी ॥

तमाम दस्तावेज़ात जोबरवक़्तसमाअ़तअव्वल पेश हों और इसतौर से साबित या तसलीम न की गईहों वह फ़रीक़ दाख़िलकुनिन्दे को वापिस दीजायेंगी ॥

दफ़ा १४२—जब दस्तावेज़ साबित शुदह या तसलीम शुदह पर फ़रीक़ैनमें से कोई इस्तदलालकरे लेकिन अदालत उसको क़ाबिल दाख़िल होनेके न समझे तो उसपर अलावह इबारत ज़ोहरी मज़कूरै बालाके लफ्ज़ नामंज़ूर शुदह लिखदिया जायेगा और जजउसतहरीर ज़ोहरीपर अपने दस्तख़त करदेगा ॥

बादअज़ां वह दस्तावेज़ फ़रीक़ दाख़िलकुनिन्दे को वापिस दीजायेगी ॥

दफ़ा १४३— बावजूद किसी हुक्म दफ़आत ६२ व १४१ व १४२ के अदालतको अख़्तियारहै कि अगर वजह काफ़ीदेखे तो हिदायत करे कि कोई दस्तावेज़ या किताब जो उसके रूबरू मुक़द्दमेमें पेशकीगई हो ज़ब्त

होकर अदालतके किसी ओहदेदार की हिरासत में उस मुद्दततक और उन शरायत के साथ रक्खीजाय जो अदालतको मुनासिब मालूमहों ॥

दफ़ा १४४–जिन मुक़द्दमात में अपील क़ानूनन् नहीं होसक्ताहै मुक़द्दमे के फ़ैसलहोनेपर और जिन मुक़द्दमात में अपील क़ानूनन् जायज़है बाद गुज़रने मीआद अपील के या अगर अपील दाख़िल होगयाहो तो बाद तस्फ़िये अपीलके जो शख़्स आम इससे कि वह फ़रीक़ मुक़द्दमाहो या न हो किसी दस्तावेज़को जो उसकीतरफ़से मुक़द्दमेमें दाखिल और शामिल मिस्लहुईहो वापिसलेना चाहता हो उसके वापिस पानेका मुस्तहक़ होगाइल्ला उससूरत में कि वहदस्तावेज़ दफ़ा १४३के बमूजिब ज़ब्तहुईहो॥

मगर शर्त्त यहहै कि दस्तावेज़ सूरत हाय मुतज़क्किरे बालामें से किसीके वाक़ैहोने से पहिलेभी किसीवक्त वापिस होसक्तीहै दरहाले कि वहशख़्स जो उसकी वापिसी की दरख़्वास्तकरे दस्तावेज़ मज़कूरकी एकनक़ल मुसद्दक़ै असलकी जगहपर रक्खेजाने के लिये अदालतके अहल्कार मुनासिबके हवाले करदे ॥

और यहभी शर्त्तहै कि कोई दस्तावेज़ जो डिकरीकी रूसे रद या बेकार होगईहो वापिस न कीजायेगी ॥

जबकोई दस्तावेज़ जो वजहसुबूतमें लीगईहो वापिस कीजाय तो दस्तावेज़का लेनेवाला उसकेवापिसपानेकी रसीद एक रसीदबही में लिखदेगा जो उसग़रज़से मुरत्तिब रहा करैगी ॥

दफ़ा १४५–अहकाम जो इस मजमूयेमें दस्तावेज़ात

की निस्बत दर्जकियेगयेहैं जहांतक होसके तमाम और अशियायमादी सेभी मुतअल्लिक़ होंगे जो बतौर शहादत पेश होसक्ती हैं ॥

ग्यारहवांबाब ॥

क़रार दियाजाना उमूरतन्क़ीह तलब का ॥

दफ़ा १४६–उमूरतन्क़ीह तलब उसवक़ पैदा होते हैं जब कि कोईफ़रीक़ किसी अम्रनफ्स मुक़द्दमा मुतअल्लिक़े वाक़िआत या क़ानूनको बयानकरे और फ़रीक़सानी उससे इन्कारकरे ॥

उमूरनफ्स मुक़द्दमा वह उमूर क़ानूनी या वाक़िआती हैं जो मुद्दईको वास्ते ज़ाहिर करने हक़ नालिशके बयान करने लाज़िम हैं ॥

हरअम्रनफ्स मुक़द्दमा जिसे एक फ़रीक़ बयान करे और दूसरा उससे इन्कारकरे एक अलाहिदा अम्रतन्क़ीहतलब क़रार दियाजायगा ॥

उमूर मज़कूर दो क़िस्मकेहैं (अलिफ़) उमूर तन्क़ीह तलब मुतअल्लिक़ वाक़िआत (बे) उमूरतन्क़ीहतलब मुतअल्लिक़ क़ानून मुक़द्दमेकी अव्वल समाअतपर अदालत को लाज़िमहै कि बाद पढ़ने अरज़ीदावा और बयानात तहरीरीके अगरहों और फ़रीक़ैनकी उसज़बानबंदीकेबाद जो ज़रूरी मालूमहो यह दरियाफ्तकरे कि किस २ अम्र वाक़िआती या क़ानूनीनफ्स मुक़द्दमेकीबाबत फ़रीक़ैनके दरमियाननिज़ाअहै उसकेबाद अदालत उनउमूरतन्क़ीह तलबको जिनपर बदानिस्त अदालत मुक़द्दमेकी सही तजवीज़का मदारहो क़रार देकर क़लम्बन्दकरेगी ॥

जब कि उमूर तन्क़ीहतलब क़ानूनी और वाक़िआती दोनोंएकही मुक़द्दमेमें पैदाहों और अदालतकीरायमें सिर्फ़उमूरक़ानूनीकी बिनायपर मुक़द्दमा तैहोसक्ताहो तोअदालतको लाज़िमहै कि पहले उन्हीं उमूरकी तजवीज़करे और उसग़रज़केलिये अगर मु

जायज़है कि क़रारदेना उमूर वाक़िआतीका उसवक़्तक मुल्तवीरक्खे कि उमूर क़ानूनी तजवीज़ होजायँ॥

इसदफ़ाकी किसीइबारतसे अदालतपर उसहालतमें उमूर तन्क़ीह तलबका क़रारदेना और क़लम्बन्द करना लाज़िमनहींहै जबकि मुक़द्दमेकी समाअत अव्वलकेवक़्त मुद्दआअलैह की तरफ़से कुछ जवाबदिही न हो॥

दफ़ा १४७—

(अलिफ़)उनबयानात हल्फ़ीसेजोफ़रीक़ैनने याकिसी अशख़ासने उनकीतरफ़से हाज़िरहोकर याउनफ़रीक़ या अशख़ासके वुकलाने कियेहों॥

(बे)बयानात मुंदर्जैअर्ज़ीदावा या बयानात तहरीरीसे अगर ऐसे बयानात मुक़द्दमेमें गुज़राने गयेहों याउन सवालातके जवाबातमेंकियेगयेहोंजोमुक़द्दमेमेंदियेजायँ॥

(जीम)उनदस्तावेज़ातके मज़मूनसे जो फ़रीक़ैनमेंसे किसीने पेशकीहों॥

दफ़ा १४८—अगर अदालतकी यहराय हो कि बिला इज़हार किसीशख़्सके जोअदालतमें हाज़िरनहोयाबिला मुआयना किसी दस्तावेज़के जो मुक़द्दमेमें पेश न हुईहो उमूर तन्क़ीहतलब क़रारवाक़ई क़ायमनहींहोसक्के तोउसे

अख्तियारहोगाकि क़ायमकरना उमूर तन्क़ीह तलबका
किसी तारीख़ आयन्दापर जिसे अदालत मुक़र्रर करेगी
मुल्तवीरक्खे और(बरिआयतक़वायद मुंदर्जेक़ानूनशहा
दत मजरियेहिन्द)बज़रिये इजरायसम्मन याओरहुक्म-
नामेके जबरन् किसी शख़्सको हाज़िर कराये या किसी
दस्तावेज़को उसशख़्ससे जिसके पासहो पेशकराये ॥

दफ़ा १४९–अदालतको अख्तियारहै कि डिकरी सा-
दिरकरनेसे पहले किसीवक़ उमूर तन्क़ीहतलबको उन
शरायतसे जो मुनासिब मालूमहों तरमीमकरे या उनमें
औरइसातरहवास्ते
तस्फ़ियें निज़ाअमाबैन फ़रीक़ैनके जोतरमीम याइज़ाफ़ा
उमूर तन्क़ीहतलबका ज़रूरीहो अमलमें आयेगा ॥

अदालतको यहभी अख्तियारहै कि डिकरी सादिर
करनेसे पहले किसीवक़ किसीउमूर तन्क़ीहतलबको जो
बराह ग़लती क़रार दियेगये या बढ़ायेगये मालूमहोतेहों
ख़ारिज करदे ॥

दफ़ा१५०–जब फ़रीक़ैन मुक़द्दमा बाहम इत्तिफ़ाक़
करें कि फ़लांअम्र वाक़िआती या क़ानूनीकातस्फ़ियाफ़ी-
माबैन उनकेहोनाचाहिये तोउनको अख्तियारहै किअम्र
मज़कूरको बतौर अम्रतन्क़ीहतलबके क़लम्बंदकरके एक
इक़रारनामाबइंदराज शरायत मुफ़स्सिलेज़ैलकेलिखदें॥

(अलिफ़)यहकि जबअदालत निस्बतअम्रतन्क़ीह
तलब मज़कूरकेअपनीराय मुतज़म्मिन असबातयानफ़ी
के क़ायमकरे तोउसवक़ मुबलिग़ मुंदर्जे इक़रारनामा या
जिसक़दर कि अदालत मुतहक़्क़िक़ करे या जिस तौरसे

अदालतहिदायतकरे एकफ़रीक़दूसरेफ़रीक़को अदाकरे या कि कोई फ़रीक़ किसी ऐसे हक़का मुस्तहक़ याऐसी ज़िम्मेदारी का पाबन्द क़रारदियाजाय जिसकी सराहत इक़रारनामेमें मुंदर्जहो ॥

(बे) यहकि अदालतकी उसतौरपर रायक़ायमहोनेपर जायदाद जो इक़रारनामेमें मुंदर्ज और मु. मुतनाज़ाफ़ियह हो एकफ़रीक़ दूसरे फ़रीक़के हवालेकरे याजिसतरह दूसराफ़रीक़ हिदायतकरे उसीतरहअमल कियाजाये या—

(जीम)यहकि अदालतकी उसतौरपर रायक़ायम होनेपर फ़रीक़ैनमेंसे एक या ज़ियादहफ़रीक़कोईखासफ़ेल जो अम्रनिज़ाईसेमुतअ- ल्लक़हा अ उ

दफ़ा१५१—अगर बादकरने उसक़दरतहक़ीक़ातके जो मुनासिबमालूमहोअदालतको इसअम्रकाइतमीनानहो॥

(अलिफ़)कि इक़रारनामा मुतख़ासमीन की तरफ़से बाज़ाबिता मुकम्मिलहुआ ॥

(बे)औरउनको अम्रतस्फ़ियेतलब मज़कूरके इन्फ़िसालमें हक़ीक़ी ग़रज़है और—

(जीम)औरअम्रमज़कूरक़ाबिलतजवीज़इन्फ़िसालहै॥

तोउसको अख्तियारहै किअम्र तन्क़ीहीको क़लम्बंदकरके उसकी तजवीज़ करे और अपनी तजवीज़ या रायबनिस्बत उसके उसीतरहसेलिखे कि गोयाअदालत ने खुद उसको अम्रतन्क़ीह तलब क़रारदियाथा ॥

औरअदालत मज़कूर अपनीतजवीज़यारायानिस्बत

अम्र मज़कूरके लिखकर बमूजिब शरायत इक़रारनामे के फ़ैसला सादिर करेगी ॥

और बमूजिब उसफ़ैसलेके डिकरी सादिरहोगी और जायज़ होगा कि डिकरीका इजरा इसीतरह कियाजाय कि गोया फ़ैसला ऐसे मुक़द्दमे में जिसमें निस्बत अम्र तन्क़ीहीके फ़रीक़ैनमें इख़्तिलाफ़हो सादिर हुआथा ॥

बारहवां बाब ॥

ज़िक्र उससूरतका जब मुक़द्दमा समाअत अव्वलपर फ़ैसल कियाजाय ॥

दफ़ा१५२—अगर मुक़द्दमेकी समाअत अव्वलके वक़्त मालूमहो कि फ़रीक़ैनमें बनिस्बत किसीमसयलै क़ानूनी या अम्र वाक़ैके बहस नहींहै तो अदालतको जायज़होगा कि फ़ैसला उसीवक़्त सादिरकरे ॥

दफ़ा१५३—जिसहालमें कि कई मुद्दआअलेहहों और उनमेंसे किसी एकको किसी अम्रक़ानूनी यावाक़िआती में मुद्दईके साथ इख़्तिलाफ़ न हो तो अदालतको अख़्तियारहै कि उसमुद्दआअलेह के हक़में या उसके ख़िलाफ़ मुरादफ़ौरन् फ़ैसला सादिरकरे और मुक़द्दमेकी कार्रवाई सिर्फ़दीगर मुद्दआअलेहुमके मुक़ाबिले में जारीरहेगी ॥

दफ़ा१५४—जबफ़ीमाबैन मुतख़ासमीनके बहस किसी अम्रक़ानूनी या वाक़िआती की हो और उमूर तन्क़ीह तलब हस्ब तरीक़े मुतज़क्किरे बाला अदालत ने मुक़र्रर कियेहों और अदालतको इतमीनान हासिलहो किबनिस्बत किसी उमूर तन्क़ीह तलबके जोमुक़द्दमेके फ़ैसलेके लिये काफ़ीहों कोई और दलील या सुबूत सिवाय उसके

जो फ़रीक़ैन फ़िल्फ़ौर पेश करसक्ते हैं ज़रूर नहींहै और मुक़द्दमेमें फ़ौरन् कारखाई करनेसे कुछ बे इन्साफ़ी पैदा नहोगी तो अदालत को अख़्तियार होगा कि उन उमूर तन्क़ीह तलबकी तजवीज़ शुरूकरे॥

और अगर तजवीज़ उमूर मज़कूरकी वास्ते इन्फ़िसाल मुक़द्दमे के काफ़ीहोतो मुताबिक़ उसके मुक़द्दमेको फ़ैसल करदे आम इससे कि सम्मन सिर्फ़ बग़रज़ क़रार देने उमूर तन्क़ीह तलब या इन्फ़िसाल क़तई मुक़द्दमे के जारी हुआहो॥

मगर शर्त्तयहहै कि जबसम्मनसिर्फ़बग़रज़ क़रारदेने उमूर तन्क़ीह तलबके सादिरहो तो फ़रीक़ैन मुक़द्दमाया उनकेवकील हाज़िरहों और कोईउनमेंसे एतराज़नकरे॥

अगर वहतजवीज़ वास्ते इन्फ़िसाल मुक़द्दमेके काफ़ी नहोतोअदालत मुक़द्दमेकीसमाअतमज़ीद मुल्तवीकरके कोईतारीख़वास्तेपेशकरनेसुबूत मज़ीद याऔर दलायल के जैसा कि मौक़ाहो मुतअय्यन करेगी॥

दफ़ा १५५—अगर सम्मन बग़रज़ इन्फ़िसाल क़तई मुक़द्दमेके जारीहुआहो औरकोईफ़रीक़ बिलावजहकाफ़ी उससुबूतको जिसपरउसको इस्तदलालहो पेशनकरे तो अदालतकोअख़्तियारहै किफ़ौरन् मुक़द्दमेकोफ़ैसलकरे॥

या अगर उसकी दानिस्तमें मुनासिब हो तो हस्ब दफ़ा १४६ तन्क़ीहात क़रारदेने और उनको क़लम्बन्द करनेके बाद मुक़द्दमेको वास्तेपेशहोने उसशहादतके जो बराबिनाय तन्क़ीहात मज़कूर उसको फ़ैसलकरनेके लिये ज़रूरीहो मुल्तवी रक्खे॥

तेरहवां बाब ॥

इल्तवा का ज़िक्र ॥

दफ़ा १५६—अदालतको अख्तियारहै किबहालत पेश होने वजह मवज्जहके असनाय दौरान् मुक़द्दमेमें किसी वक्त फ़रीक़ैन या किसी फ़रीक़ को मोहलतदे और मुक़द्दमेकी समाअतको वक़्तन् फ़वक़्तन् मुल्तवी करतीरहे ॥

[illegible] और रोज़ वास्ते समाअत आयंदा मुक़द्दमे के मुक़र्ररकरेगी और निस्बत खर्चेके जो इल्तवाके बायससे आयंदाहो हुक्ममुनासिब समझे सादिर करेगी ॥

मगर शर्त्तयहहै किजबशहादतकी समाअत एकमर्त्तबा शुरूहोजाय चाहिये किसमाअत मुक़द्दमा रोज़बरोज़ बराबर जारीरहे जबतक कि कुल गवाहान हाज़िरीनके इज़हारात क़लम्बन्दनहोलेंबजुज़उससूरतकेकिअदालत की दानिस्तमें समाअतको मुल्तवी करना बवजहज़रूरी हो और उन वजहको जज अपने हाथसे लिखेगा ॥

दफ़ा१५७—अगर उसतारीखपर जो बाद इल्तवाके समाअतके लिये मुक़र्ररहुई हो फ़रीक़ैन या उनमेंसे कोई हाज़िरहोनेसे क़ासिररहे तो अदालतको अख्तियारहोगा कि मुक़द्दमे को उन तरीक़ों में से किसी एकके बमूजिब फ़ैसलकरेजो अज़रूय बाबके मुक़र्ररहुयेहैं या ऐसा और हुक्मसादिरकरे जो उसकेनज़दीक मुनासिबहो ॥

दफ़ा१५८—अगर फ़रीक़ मुक़द्दमा जिसको मोहलत मिलीहो अपना वजहा सुबूत पेशकरे याअपने गवाहोंको हाज़िर न कराये या और कोईअम्र जो वास्ते जारीरहने

कारखाई मुक़द्दमेके ज़रूरी नहो और जिसके लिये मोह-
हो [illegible] फ़ उसअदम
[illegible]
॥

चौदहवां बाब ॥

गवाहोंकी तलबी और हाज़िरी का ज़िक्र ॥

दफ़ा १५९—अहाली मुक़द्दमे को अख़्तियार है कि बादअज़ांकि सम्मन मुद्दआअलेह पर तामील पानेकी ग़रज़ से हवाले कियाजाय आमइससे कि वह सिर्फ़ तन्क़ीहात के क़रारदेनेके लियेहो या वास्ते इन्फ़िसाल क़तई मुक़द्दमे के अदालतमें या उस ओहदेदार के रूबरू जो इस कामकेलिये मुक़र्ररहो दरख़्वास्त देकर उस तारीख़ से पहले जो वास्ते क़रारदाद तन्क़ीह या इन्फ़िसाल क़तईके मुक़र्ररहुईहो याने जैसीसूरतहो सम्मन उनलोगों के नाम हासिल करलें जिनकी हाज़िरी अदाय शहादत या दस्तावेज़ पेशकरने के लिये ज़रूरी हो ॥

दफ़ा१६०—जो शख़्स इजराय सम्मनकी दरख़्वास्त करे उसको लाज़िमहै कि सम्मनके दियेजाने से पहले और इस मीआदके अंदर जो अदालतने मुक़र्ररकीहो
त [illegible]
सम्मन भेजाजाय जिसक़दर रुपयाउस अदालतके आमदरफ्त के लिये जिसमें तलबी उसकी कीगई और भी बाबत एकरोज़ हाज़िरी अदालतके काफ़ी समझे अदालतमें दाख़िलकरे ॥

अगर वह अदालत महकमैहाईकोर्ट के मातहत हो तोशरह इख़राजात मज़कूरके मुक़र्ररकरनेमेंउनक़वायद

की पाबन्दहोगी जो हाकिम ज़ीअख़्तियार की तजवीज़ से इस बाबमें मुक़र्ररहों अगर कुछहों ॥

दफ़ा१६१—मुबलिग़ जो बाबत ख़र्चे मज़कूरके अदालतमें जमाकियाजाय बरवक़ तालीमहोने सम्मनकेउस शख़्सके रूबरू हाज़िर कियाजायगा जिसकेनामकावह सम्मनहोअगरउसकीतामीलउसकीज़ातपरमुमकिनहो॥

दफ़ा१६२—अगर अदालतको या उस ओहदेदार को जो इस कामके लिये अदालत से मुक़र्ररहुआहो यहदरियाफ्तहोकिजोमुबलिग़ अदालतमें दाख़िलाकियागया वह इख़राजात मज़कूरके अदाके लिये काफ़ीनहीं है तो अदालत यह हिदायत करसक्तीहै कि बज़ादमुबलिग़मज़कूरके जिसक़दर रुपया शख़्समौसूमा सम्मनको देना बाबत इख़राजात मज़कूरके ज़रूरी मालूमहो दियाजाय और अगर ज़रमज़कूर अदा नकियाजाय तो अदालत यह हुक्म देसक्तीहै कि ज़र मज़ीद मतलूबा उसशख़्स की जायदाद मन्क़ूलाकी क़ुर्कीऔरनीलामसेवसूलकिया जाय जिसने सम्मन हासिल कियाहो याअदालतशख़्स तलबशुदहको बग़ैरलेने उसके इज़हारकेरुख़सतकरे या ज़रमज़कूरके वसूलकरने और उसशख़्सकोरुख़्सतकरने याने दोनोंबातोंकाजैसाकिऊपरबयानकियागयाहुक्मदे॥

अगर शख़्स तलबशुदहको एकरोज़सेज़ियादहअर्से तक ठहराना ज़रूरीहोतो अदालतमजाज़होगी किवक़न् फ़वक़न् वास्तेअदख़ालउसक़दररुपयेके जोवास्तेअदाय इख़राजात उसके क़ायममज़ीद के काफ़ीहो तलबकराने वालेको हुक्मदे और अगरज़रमज़कूर दाख़िल न किया

जाय तो यह हुक्मसादिरकरे कि ज़रमज़कूरउसशख़्सके मालमन्क़ूलाकी क़ुर्क़ी और नीलामसे वसूल कियाजाय जिसकीदर्ख्वास्तपरवहशख़्सतलबहुआथा याअदालत वग़ैरहलेने इज़हारकेउसशख़्सकोरुख़सतकरे या ज़रमज़कूरके वसूलकरने और उसशख़्सको रुख़सत करने याने दोनों बातोंका जैसाकि ऊपर बयान कियागया हुक्मदे ॥

दफ़ा १६३–हर सम्मन में जो बहुक्म हाज़िर होने शख़्स तलबशुदहके वास्ते अदाय शहादत या पेश करने दस्तावेज़के हो शराहत उसवक़्त और मौक़ेकीहोगीजिस वक़्त और जहां उसको हाज़िरहोना ज़रूरहै और उसमें यहभी लिखाजायेगा कि हाज़िरी बग़रज़ अदायशहादत या दरपेशीदस्तावेज़ या दोनों अम्रकेलियेमतलूबहैऔर अगर शख़्स तलबशुदहको किसीदस्तावेज़ ख़ासकेपेश करनेकाहुक्महुआहो तो कैफ़ियत उसदस्तावेज़कीसेहत मुनासिबके साथ सम्मनमें लिखीजायेगी ॥

दफ़ा १६४–हरशख़्सदस्तावेज़के पेश करने के लिये बिदून इसके कि वास्ते देने इज़हार के तलबहो तलब होसक्ताहै और अगर कोईशख़्स जो सिर्फ़वास्ते दरपेशी दस्तावेज़केतलबहुआहो दस्तावेज़पेशकरनेकेलिये असालतन् हाज़िर नहोबल्कि किसी औरशख़्ससे दस्तावेज़को पेशकराये तो उसकी निस्बत यह समझाजायेगा कि उसने हुक्म सम्मनकी तामीलकी ॥

दफ़ा १६५–अदालतकोअख्तियारहै कि किसीशख़्स हाज़िर अदालतको हुक्म दे कि वह अदाय शहादतकरे

या ऐसी कोई दस्तावेज़ पेशकरे जो उस वक्कवहीं उसके क़ब्ज़ेवाक़ई या अख्तियारमें हो ॥

दफ़ा १६६–जो सम्मन किसी शख्सके नामइसहुक्म से जारीकियाजाय कि वह शहादतदे या दस्तावेज़ पेश करे उसकी तामील हत्तुल्इम्कान क़रीब २ इसी तौरसे की जायेगी जिसतरह इस मजमूये की दफ़आतबालामें मुद्दआअलेहपर सम्मनके तामील करनेका हुक्महै और वह क़वायद जो इस मजमूयेकेछठेंवबाबमें दरबाबसुबूत तामीलसम्मनके मुन्दर्जहैं हरसम्मनसेमुतअल्लिक़होंगे जिसकी इसदफ़ाके बमूजिब तामील कीजाय ॥

दफ़ा १६७–हरएक सूरतमें सम्मन की तामील इतने अरसे पहले उस वक्कके जो शख्स मतलूबकी हाज़िरीके लिये सम्मन में मुन्दर्जहो कीजायेगी कि उसको बग़रज़ तहय्ये और तैमनाज़िलके उस मुक़ामतक जहां उसका हाज़िरहोना ज़रूर है मोहलत क़ाफ़ी मिले ॥

२—यहकि बतारीख़——माह——सन्——मुद्दई ने क़बाला मकान मज़कूर का मुद्दआअलेह से तलबकिया और मुबलिग़——मुद्दआअलेह को देनेके लियेपेशकिया (या यहकि तमाम शरायतपूरीकीं औरतमाम उमूरवक़ूअमें आये और तमाम ज़माना मुन्क़ज़ीहुआजोकिमुद्दआअलेहकी जानिबसे इक़रारनामे मज़कूरकी तकमील बहक़ मुद्दई होनेकेलिये ज़रूरीथा)

३—यहकि मुद्दआअलेहने जायदाद मज़कूरका कोई क़बाला बनाम मुद्दई नहीं लिखदियाहै (या यहकि जायदाद मज़कूरपर दावा एक रेहनकाहै जोकि मिन्जानिब——बनाम——बाबत मुबलिग़——कियागयाथा जिसकी रजिस्टरी दफ्तर——में बतारीख़——माह——सन्——की गईथी और हिनोज़ वह रुपयानहीं अदाकियागयाहै या और नेहजका हुक्म हक़ीयतवाक़ै है)

४—यह कि मुद्दई इस वजहसे उस मुबलिग़के इस्तफ़ादेसे जोकि उसने बतौर अमानत मज़कूर अदाकिया और उसतमाम रुपयेके इस्तफ़ादेसे जो उसनेवास्तेतकमील ख़रीद जायदाद मज़कूरके दिया महरूमरहाहैऔर मुद्दआअलेहकीहक़ीयतकीतहक़ीक़ातमेंऔरअपनीतरफ़से इक़रारनामेकी तय्यारीमेंऔरमुद्दआअलेहकीतरफ़

से उसइक़रारनामेकी तकमील करानेकी जहदमें जो म-सारिफ़ मुद्दईने किये वहसब ज़ायहहुये ॥

बिनाबरआंमुद्दईबाबतहरजामुबलिग़——दादख्वाहहै॥

नम्बर ५७ ॥

बाबत ख़िलाफ़ वरज़ी मुआहिदा ख़रीदअराज़ी ॥

(उनवान)

(अलिफ़बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि बतारीख़——माह——सन्

इक़

ख़तसेलिखागया जिसकीनक़ल मुन्सलिकहै॥

(या यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम मुद्दई औरमुद्दआअलेहने बाहम यहइक़रार किया किमुद्दईमुद्दआअलेहके हाथ४०बीघाअराज़ी वाक़ेमौज़ा——बइवज़मुबलिग़——बेंकरे और मुद्दआअलेह उस को मुद्दईसे ख़रीदकरे) ॥

२—यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दईने जो उसवक्तमालिक बिलाशिरकत जायदाद(मज़कूरका था और जायदाद मज़कूरतमामज़िम्मेदारियोंसे बरीथी जैसा कि मुद्दआअलेह पर ज़ाहिरकर दियागया)मुद्दआअलेहकोएकवसीक़ाकामिलइन्तक़ाल जायदादमज़कूरका इसशर्त्तपर देनेकेलिये पेशकियाकि मुद्दआअलेह मुबलिग़ मज़कूरअदाकरे(यामुद्दआअलेहके नामबज़रियेवसीक़ैकामिलके उसकाइन्तक़ालकरनेके लिये मुस्तैद और राज़ीथा और इस अम्रके वास्ते कहा था) ॥

३—यह कि मुद्दआअलेहने वहरुपया नहीं अदाकिया॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ५८ ॥

दूसरानमूना ॥

नालिश बाबत अदमतकमील ख़रीदारी
जायदाद ग़ैरमन्क़ूलाके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैल अर्ज़करता है ॥

१—यह कि बज़रियेइक़रारनामे मवर्रख़ैतारीख़——
माह——सन्——माबैन मुद्दईऔर मुद्दआअलेहकेयह इक़रार पायाथाकि मुद्दई एकमकान और अराज़ीबक़ीमत मुबलिग़—बशरायत और क़यूदमुन्दर्जै ज़ैल मुद्दआअलेहके हाथबैकरे और मुद्दआअलेहमुद्दईसे ख़रीद करे याने ॥

(अलिफ़) यहकि मुद्दआअलेह मुबलिग़——इक़रारनामा मज़कूरपर दस्तख़त करनेके वक़मिन्जुमलै ज़र सम्मनके मुद्दई को अदाकरे और बाक़ी बतारीख़—माह——सन्——कि उसतारीख़ख़रीदारी मज़कूरकी तकमील होजायगी चुकादे ॥

यहकि मुद्दई बतारीख़——माह——सन्——या मकान मज़कूर की बाबत अपनी हक़ीयत कामिलज़ाहिर और साबितकरे और जबकिज़रबाक़ीमज़कूरमिन्जुमलैज़रसम्मनमुतज़क्किरैबालाकेअदाहोजाय मुद्दआअलेहकेनाम एकक़बालामुनासिबमकानमज़कूरकालिखदे और सिर्फ़उसकाज़िम्मामुद्दआअलेहहो॥

—यहकि इक़रारनामामज़कूरकीतकमीलमिन्जानि-
ब [illegible] और [illegible] नेकेलियेजो
शरायतज़रूरीथींउनकीतकमीलहुई औरतमामउमूरवक़ू
[illegible]
[illegible] अदानहींकिया ॥

३—यह कि मुद्दईपर उसवजह से नुक़्सान उनमसा-
रिफ़का जोकि उसकी जानिबसे इक़रारनामा मज़्कूरकी
तकमीलकीतय्यारीमेंहुयेआयदहुआ और मुद्दआअलेह
की तरफ़से उसकीतकमील करानेकी कोशिशमेंभी मसा-
रिफ़ आयदहुये ॥ (इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ५९ ॥

बाबत न हवालेकरने फ़रोख़्त कियेहुये माल के ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़्कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यहकि बतारीख़—माह——सन्——बमुक़ाम
——मुद्दई और मुद्दआअलेहने बाहम यहइक़रार किया
कि मुद्दआअलेह (बतारीख़—माह—सन्—) मुद्दई
को(एकसौ बोरे आटेके)हवालेकरे (और मुद्दई बरवक़्
हवालगीमालके उसकी बाबत मुबलिग़——अदाकरे)॥

२—यहकि बतारीख़(मज़्कूर)मुद्दई बरवक़् हवालगी
मालमज़्कूर ज़रमज़्कूर मुद्दआअलेह को अदाकरनेपर
आमादाऔरराज़ीथाऔरउसकेलेलेनेकोउससेकहाथा॥

३—यहकि मुद्दआअलेहने माल मज़्कूर नहीं हवाले
किया जिसके सबबसे मुद्दई उस मुनाफ़े से महरूम रहा
जोकि माल मज़्कूर की हवालगीसे उसको होता ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ६० ॥

नालिशख़िलाफ़ वरज़ी मुआहिदे मुलाज़िम रखने की ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

—माह—सन्—बमुक़ाम

— — ई अ मुद्दआअलेह बाहम यह इक़रार हुआ कि मुद्दई बतौर(मुहासिब या पेशदस्त के या जैसी कि सूरतहो)मुद्दआअलेहकी मुलाज़िमतकरे औरमुद्दआ-अलेह ख़िदमतमज़कूरपर मुद्दईकोवास्तेमुद्दत(एकसाल) के मुलाज़िम रक्खे और उसको मुबलिग़——तन्ख्वाह महीना दियाकरे ॥

२—यह कि बतारीख़—माह—सन्—मु
मरक़ूमे वाला मुद्दआअलेह का नौकर रहा और जब से नौकर है और ताइख्तिताम साल मज़कूर हनोज़ उसी ख़िदमतपर मामूर रहने के लिये आमादा और राज़ी है औरइसअम्रकीमुद्दआअलेहकोहमेशाइत्तिलाअरहीहै॥

३—यह कि बतारीख़—माह—सन्——मुद्दआ-
— — — रपर मुद्दईको मौक़ूफ़करदिया औरख़िद-मत मज़कूरके अदा करने से मनाकिया और नौकर की तनख्वाह देनेसेभी इन्कार किया ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर६१ ॥

नालिश ख़िलाफ़ वरज़ीमुआहिदे मामूरी ख़िदमतकी जिसहाल में कि हनोज़मुलाज़िमतवक़ूअमें न आईहो ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—(हस्बनमूने मरक़ूमैबाला)

२—यहकिबतारीख़—माह—सन्—बमुक़ाम—मुद्दईने मुद्दआअलेहसे कहा कि मैं मुलाज़िमत करनेपर हाज़िरहूँ और जबसे हमेशा उसकेवास्ते आमादा और राज़ीरहा ॥

३—यह कि मुद्दआअलेहनेउसकामपरमुद्दईको मसरूफ़ होने देने से या काम करने की तनख्वाह देने से इन्कार किया ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ६२ ॥

ख़िलाफ़ वरज़ी मुआहिदै मुलाज़िमत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह किबतारीख़—माह—सन्—बमुक़ाम—माबैन मुद्दई और मुद्दआअलेहके यहइक़रारहुआ कि मुद्दई सालानामुबलिग़—परमुद्दआअलेहकोमुलाज़िम रक्खे और मुद्दआअलेह बतौर (एक कारीगर के) वास्ते मुद्दत (एकसाल) के मुद्दईका मुलाज़िम रहे ॥

२—यहकिमुद्दईहमेशाइक़रारनामेमज़कूरकीतामील अपनीतरफ़से करनेपरआमादा और राज़ीहैऔर (बतारीख़—माह—सन्—इसबातका इज़हार किया) ॥

३—यहकि मुद्दआअलेह (मुद्दईकीमुलाज़िमतमेंबतारीख़ मज़कूर दाख़िलहुआ लेकिनामिनबाद बतारीख़—

माह—सन्—) उसने मुद्दई के हस्ब मज़कूरे बाला ख़िद्मत करनेसे इन्कार किया ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ६३ ॥

नालिशबनाम मेमारके ख़राबकाम बनाने की बाबत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि बतारीख़—माह—सन्—बमुक़ाम—मुद्दई और मुद्दआअलेहके दरमियानबाहमएकइक़रारनामा लिखागयाथा जिसकी नक़ल मुन्सलिक है ॥

(या इक़रारनामेका मज़मून लिखाजाय)

(२—यह कि मुद्दई ने अपनी तरफ़ से इक़रारनामे मज़कूरकी तमाम शरायत क़रारवाक़ई पूरीकी) ॥

३ मकान

नामेमज़कूरबुरेतौरपरऔरकारीगरीके ख़िलाफ़बनाया)॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ६४ ॥

नालिश उस्तादकी बनाम बाप या वली किसी शागिर्द के ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि बतारीख़—माह—सन्—बमुक़ाम—मुद्दआअलेहनेएकइक़रारनामाअपनेदस्तख़त और मोहर+से लिखदियाथा जिसकी नक़लमुन्सलिक है ॥

(या उसइक़रारनामेका मज़मून लिखदियाजाय)

+ नमूनमुन्दर्जेऐक्ट१९ सन्१८५० ई०की रूसेज़रूरहै कि बाप या वलीकीमोहरहो ॥

२—यह कि बाद तहरीरइक़रारनामे मज़कूरके मुद्दई ने उस(शागिर्द)को अपनी ख़िदमतमें बतौर शागिर्द के मुद्दत मज़कूरैबालाके वास्तेरक्खा औरजो उमूर किउस इक़रारनामेमेंमुद्दईकी तरफ़से तामील पाने चाहिये वह सबहमेशापूरेकियेऔरपूरेकरनेपरआमादा औरराज़ीहै॥

३—यह कि बतारीख़——माह——सन्——वह(शागिर्द)अमदन् मुद्दईकीख़िदमत गुज़ारीसेग़ैरहाज़िरहुआ और अबतक ग़ैरहाज़िर है॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ६५॥

नालिश शागिर्द की बनाम उस्तादके॥

(उनवान)

(अलिफ़बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैल अर्ज़ करता है॥

१—यहकि बतारीख़—माह—सन्——बमुक़ाम—— (अलिफ़बे)मुद्दआअलेह और मुद्दईकेबाप(हे वाव)केदरमियान एक इक़रारनामा बसब्त उनकेदस्तख़त व मोहर के हुआथा जिसकी नक़ल मुन्सलिक है॥

२—यह कि बाद तहरीर इक़रारनामा मज़कूर मुद्दई ने मुद्दआअलेह की ख़िदमत बतौरशागिर्दी वास्तेमुद्दत मुतज़क्किरै इक़रारनामे मज़कूर केअख़्तियार की और तमाम उमूर जिनकीतामीलबमूजिबइक़रारनामेमज़कूर मुद्दई की तरफ़से होनी चाहियेथीं हमेशाकी॥

३—यह कि मुद्दआअलेहने(मुद्दई को काम—नहीं सिखाया जिस अम्रमें कि ख़िलाफ़वरज़ी हुई हो वह

लिखनाचाहियेमसलन् बेरहमी या खूराक बक़दरकाफ़ी न देना या और बदसलूकी) ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ६६ ॥

नालिश बाबत इक़रारनामे दियानतदारी एक क्लर्क यानी मुहर्रिरके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दईमज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१–यहकि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दईने(हे वाव)को बतौर क्लर्कके नौकर रक्खाथा ॥

२–यहकि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दआअलेहने मुद्दईसे इक़रारकियाथाकिअगर(हे वाव)मज़कूर अपनाकाम ओहदेक्लर्कका दियानत व अमानतसे न करे और तमामरुपयेकी बाबतया क़रज़कीदस्तावेज़ात या और माल जो कि मुद्दईके इस्तैमाल के वास्ते उसकोमिले उसकाहिसाब न देसकेतोजोकुछ कि मुद्दईको उसकीवजहसे नुक़्सानहो उसकीबाबत मुद्दआअलेहउस क़दर रुपया जो मुबलिग़——से ज़ियादहनहो अदाकरे ॥

(या २–यहकि उसीवक़्त और उसीमुक़ाममें मुद्दआअलेहने बज़रिये तहरीर अपनी दस्तख़ती के मुद्दई से बक़रारदाद जुर्माना मुबलिग़——के इक़रार कियाथा कि अगर (हे वाव) मज़कूर अपनी ख़िदमात ओहदेक्लर्क और ख़ज़ानचीगरी मुद्दईको बदियानत अंजाम देगा और तमाम रुपया और दस्तावेज़ात क़रज़ा या और जायदाद जो किसीवक़्त उसकेक़ब्ज़ेमें मुद्दईकेवास्ते अमानतन्

आये उस सबका हिसाब वाजिबी मुद्दईको दे तो यह न-
विश्तह फ़िस्ख़ होजाय मगर औरनेहजसे फ़िस्ख़ नहोगा]॥

(या २—यह कि उसी मुक़ाम औरवक़्तमें मुद्दआअलै-
हने मुद्दईको एक इक़रारनामा लिखदिया जिसकीनक़ल
इस अर्ज़ीकेसाथ मुन्सलिकहै) ॥

३—यह कि माबैनतारीख़——माह——सन्——और
तारीख़——माह——सन्——(हे वाव) मज़कूरने रुपया
और और माल मालियती मुबलिग़——वास्ते इस्तैमा-
लमुद्दईकेवसूल किया औरउसका हिसाब उसेनहींदिया
है और वह अबतक याफ्तनी और ग़ैर मवद्दाहै ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ६७ ॥

नालिश किरायेदारकी बनाममालिकमकान
बाबत ख़ास हरजेके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करताहै॥

१—यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम
——मुद्दआअलेह ने बज़रिये एक तहरीर के मुद्दई को
(मकान नम्बर——वाक़ैसड़क——) वास्ते——सालकीमी-
आदके किरायादियाथा और मुद्दईसेयहइक़रारकियाथा
कि मुद्दई और उसके क़ायम मुक़ामजायज़ बिलातअ-
र्रुज़ मीआद मज़कूरतक उसपर क़ाबिज़रहैं ॥

२—यह कि तमाम शरायतका ईफ़ाकियागया और
तमाम उमूरवक़ूअमें आये जो वास्ते इस्तहक़ाक़ नालि-
श मुद्दई के ज़रूरी थे ॥

३–यहकिबतारीख़——माह——अन्दरमीआदमज़्कूर(हे वाव) मालिक जायज़ मकान मज़्कूर ने मुद्दईको जवाज़न् उसमकानसेख़ारिजकिया और अबतकउसका क़ब्ज़ा मुद्दई को नहीं देता है ॥

४–यहकि इस सबबसे मुद्दई बमकान मज़्कूरपेशा दरज़ीका कारोबार करनेसेममनूअहुआ और वहांसेनिकल जानेमें बतादाद मुबलिग़——ख़र्चपड़ा और(ज़े हे) और (तो ये) का काम वहांसे निकलजानेके सबबउसके हाथसे निकल गया ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ६८ ॥

ख़िलाफ़ वरज़ीमुआहिदै ज़िम्मेदारी
बाबत अशियाय मन्क़ूलै ॥

(उनवान)

(बे)मुद्दई मज़्कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१–यह कि बतारीख़——माह——सन् बमुक़ाम -मुद्दआअलेहने यह ज़िम्मा करलियाथा कि एक ख़ानी कलअच्छाकामदेतीहुईहै और इसबयानसेमुद्दई इसके ख़रीदनेकी रग़बतहुई और उसकीबाबतमुबलिग़——मुद्दई ने अदाकिया ॥

२–यहकि दुख़ानीकल मज़्कूरउसवक़्त अच्छाकाम देतीहुईनथीजिससेमुद्दईकोउसकीमरम्मत करानेमेंख़र्च करनापड़ा औरवहमुनाफ़ा दरअस्नाय मरम्मत उसको हासिल होता ॥

नम्बर ६९ ॥

नालिश बरबिनाय इक़रारनामै बरीयंत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैलअर्ज़ करता है॥

१–यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दई और मुद्दआअलेह कोठी (अलिफ़ बे) और (जीम दाल) के नामसे बशराकत ब्योपार करतेथे कि उन्होंने शराकत फ़िस्ख़करकेबाहम यहइक़रार किया कि मुद्दआअलेहतमाममाल शरायतीलेकरअपनेपासरक्खे और कोठी का तमामक़रज़ा अदाकरे और जो दआवे कि मुद्दईपर इसकोठी के मक़रूज़ होनेके बाबत क़ायम कियेजायँ उनसबसे मुद्दई को बरीकरदे ॥

२–यह कि मुद्दईने तमाम शरायत जो बमूजिबइक़-रारनामैमज़कूर उसकीतरफ़से पूरीहोनीचाहियेथींक़रार वाक़ईपूरीकीं ॥

३–यह किबतारीख़——माह——सन्——(एकफ़ैसला बनाममुद्दईऔरमुद्दआअलेह(हेवाव)नेअदालतहाईको-र्ट मुक़ाम——से बाबतक़रज़ेके जोकि (हे वाव)मज़कूरको कोठी मज़कूरसे यापतनीथाहासिलकियाऔर बतारीख़ माह——सन्——)मुद्दई ने मुबालिग़ -(बाबत मता-लिबे मज़कूर) अदाकिया ॥

४–यहकि मुबलिग़ मज़कूर मुद्दआअलेहनेमुद्दईको नहीं अदाकिया ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ७० ॥

नालिश मालिकजहाज़की मालकेलादनेवाले पर वास्ते न लादने मालके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करताहै ॥

१-यह किबतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——माबैन मुद्दई और मुद्दआअलेहके एक इक़रारनामा लिखागया।जिसकी नक़ल मुन्सलिक है ॥

(या१-यहकि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दई और मुद्दआअलेहने बज़ारियेचारतरपारटीके बाहम यहइक़रार कियाकि मुद्दआअलेह मुद्दईके जहाज़——मुक़ीम——पर बतारीख़——माह——सन्——पांचसौटनमाल तिजारतीहवालेकरे और वहजहाज़उस मालको मुक़ाम——तकलेजाये और वहां बरवक़्त अदा होने किराये के माल हवालेकरदे और मुद्दआअलेहको——योमकी मोहलत वास्ते लादनेके और——योमकी मोहलत वास्ते उतारनेमालके और——योमकीमोहलत वास्तेहर्जमर्जके अगर ज़रूरतहो मुबलिग़——योमिया के हिसाबसे मिले ॥

२-यहकि बतारीख़मुअय्यन हस्बइक़रारनामे मज़कूर मुद्दईआमादा और राज़ीथाऔरउसनेमुद्दआअलेह से(मालमज़कूर या माल मुतज़क्किरैइक़रारनामेमज़कूर) लेनेको कहा था ॥

३-यहकि मुद्दत जो वास्ते लादने और हर्ज मर्ज के

मुक़र्रर कीगईथी वह गुज़र गई लेकिन मुद्दआअलेहने मालमज़कूर उसजहाज़परहवालेनहींकिया बिनाबरआं मुद्दई वास्ते मुबलिग़——बाबत हर्ज मर्जके और वास्ते मुबलिग़——ज़ायद बाबत हर्जेके दादख्वाह है ॥

(जीम)-अरायज़दावा बाबत हर्ज फ़अलबेजा के ॥

नम्बर ७१ ॥

अराज़ी पर मदाख़िलतबेजाकी बाबत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१-यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दआअलेहमुद्दईकी अराज़ीमें जो——नामसे मशहूरहैदाख़िलहुआ(औरउसमेंमवेशीको चराया और घासको पामाल किया और दरख्तकीलकड़ी काटीऔर और नेहजसे ज़रर पहुँचाया) ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ७२ ॥

मदाख़िलतबेजा मकान मस्कूनामें घुसजानेसे ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करताहै ॥

१-यह कि मुद्दआअलेहमुद्दईके मकानमस्कूनामौसूमा——में घुसगया और देरतक उसमेंशोर और फ़साद करतारहा और उसमकान मस्कूनाके दरवाज़े तोड़डाले औरमुद्दईकी जोअशियायउसमकानमें मुलसिक़थीं और जोमालथा वहलेगया और मुद्दआअलेहने अपनेवास्ते उनकोबेचडाला औरमुद्दईकोऔरउसकेअहलवअयाल

को उस मकानसे निकालदिया और बहुत देरतक इसी तरह निकालाहुआ रक्खा ॥

२—यह कि इसवजहसेमुद्दई अपनेकारोबारके इजरासे ममनूअरहा और दूसरा मकान मस्कूना अपने और अपने अहलवअयालके वास्ते लेनेमें उसपर मसारिफ़ आयद हुये ॥ (इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ७३ ॥

मदाख़िलतबेजा बाबत अमवाल मन्कूला ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दईमज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करताहै ॥

१—यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दआअलेहने मुद्दईके दसपीपे रमशराबके खोल डाले और उनमें जो शराब थी वहसड़कमें डालदी [या ईका माल याने लोहा चावल असबाब ख़ानेदारीया सी कि सूरतहो अपने ज़ब्तमें लाकर लेलिया और लेकर चलागया और अपने वास्ते उसको बेचडाला]॥ (या मुद्दई की गाय और बैल पकड़कर लेगया और बन्दकरदिये और अरसेदराज़तक उनको बन्दरक्खा)॥

२—इस सबबसे मुद्दई गाय और बैलोंकेइस्तफ़ादेसे इस अरसे तक महरूम रहा और उनको चराने और वापिस लानेमें मुदईपर सर्फ़ आयदहुआ और—मेलेमें उनके बेचनेसेबाज़रहा वरना वहांबेचडालता औरमुद्दई को उनगाय और बैलकी क़ीमतमें घटजानेका नुक़्सान हुआ (अगर और कोई नुक़्सानहो तो मुताबिक़ हालातके बयान कियाजाय) ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ७४ ॥

माल मन्कूलैको अपने काममें लेआनेकी बाबत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१--यह कि बतारीख़---माह---सन्------मुद्दई क़ाबिज़ माल मुसर्रह फ़र्दमुन्सलिके का था (याएकहज़ार आटे के बोरे का)

२----यहकि बतारीख़ मज़कूर बमुक़ाम----मुद्दआअलेह उसको अपने काममेंलाया और उसनेमुद्दईकोउसके इस्तफ़ादे और क़ब्ज़ेसे बेजा महरूमकिया ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

फ़र्दमाल ॥

नम्बर७५ ॥

बनाम मालिक गोदाम मालके हवाले करनेसे इन्कार करनेकी बाबत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करता है ॥

१----यह कि बतारीख़-----माह----सन्----बमुक़ाम ----मुद्दआअलेह ने बशर्त्त अदाय मुबलिग़----(या मुबलिग़----फ़ीबोरामाहाना वग़ैरह)यहइक़रार किया कि वह अपने गोदाममें(सौबोरेआटेके)रक्खेगा और जबकि ज़र मज़कूर अदाकिया जाय तो वह उसमालको मुद्दई के हवाले करेगा ॥

२----यहकि इसशर्त्तपर मुद्दईने मुद्दआअलेहके पास (आटेके सौ बोरे)मज़कूर अमानत रक्खे ॥

३—यह कि बतारीख़—माह—सन्— मुद्दई ने माल मज़कूर मुद्दआअलेहसे तलबकिया और मुबलिग़—(या कुल तादाद किराया गोदाम जो उसकी बाबत वाजिबुल्अदाथी)देनेको पेशकीलेकिन मुद्दआअलेहने उसमालके हवाले करनेसे इन्कार किया ॥

४—यहकि मुद्दईइसवजहसेमाल मज़कूरको (हे वाव) केहाथ बेचनेसे बाज़ रक्खागया और वह माल मुद्दई के हाथसे जातारहा ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर७६ ॥

फ़रेबन् लेना मालका ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैल अर्ज़करता है ॥

१—यह कि बतारीख़—माह—सन्—बमुक़ाम—मुद्दआअलेह ने मुद्दईको कुछमाल मुद्दआअलेह के हाथ बेचनेपर राग़िब करनेकेलिये मुद्दईसे यह ज़ाहिर किया(किमुद्दआअलेहमुस्ततीअहैऔरअपनेतमामदयूनसे ज़ियादह मुबलिग़—की इस्तताअत रखता है ॥

२—यहकि मुद्दई इसवजहसे(ख़ुश्कमाल)मालियती मुबलिग़—मुद्दआअलेहके हाथ बेचने (और हवाले करने)पर राग़िबहुआ ॥

३—यहकि उसकेबयानातमज़कूरग़लतथे (यादरोग़गोई की कैफ़ियत बयान करनी चाहिये)और उसवक़्त मुद्दआअलेह ख़ुद जानताथा कि वह बयान ग़लत है ॥

४—यहकि मुद्दआअलेह ने माल मज़कूर की बाबत

रुपया नहीं अदाकिया है—(या अगर माल हवाले न किया गयाहो तो) यह कि मुद्दईपर माल मज़कूरकी तय्यारी और उसको जहाज़पर लादने और उसको फिर वापिस लेनेमें सर्फ़ बक़दर मुबलिग़—आयद हुआ ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ७७ ॥

फ़रेबन् दूसरे शख्सको क़र्ज़ दिलाना ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि बतारीख़—माह—सन्—बमुक़ाम—मुद्दआअलेहने मुद्दई से बयान किया कि (हे वाव) मुस्ततीअ़ और ख़ूब मोतिबर शख्सहै और अपने तमामदयूनसे ज़ियादहमालियत बक़दरमुबलिग़—के रखताहै (या यह कि (हे वाव) उसवक़्त एकओहदाज़िम्मेदारीका और अच्छी हैसियत रखताहै और उसको उधारमाल कुछ अंदेशा नहीं है)

२—यह कि इसवजहसे मुद्दई (हे वाव) मज़कूरकेहाथ (चावल) मालियती मुबलिग़—का (—महीने के वायदेपर) बेचनेपर राज़ीहुआ ॥

३—यह कि बयानात मज़कूर दरोग़थे और मुद्दआअलेह ख़ुद उस दरोग़से उसवक़्त वाक़िफ़था और वह बयान बनीयत मुग़ालते और फ़रेबदिही मुद्दईकेकियेगयेथे(या मुद्दईको धोखादेने और ज़ररपहुँचानेके वास्ते)॥

४—यहकि(हे वाव)मज़कूरने(बाबत मालमज़कूरकेबादगुज़रनेवायदेमरक़ूमेबालाके रुपयानहीं अदाकिया या)

बाबत उसचावलकेरुपयानहींदियाऔरमुद्दईबवजहबया नात मरक़ूमैबालाके उसमालको बिल्कुलहाथसेखोबैठा॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ७८ ॥

मुद्दईकी ज़मीनके पानीको नजिसकरने के बाबत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि मुद्दई ज़मीन मौसूमै——वाक़ै——पर और एककुवें पर जो उसमें है और उस पानी पर जो उसकुवेंमेंहै क़ाबिज़है और हमेशा उसमुद्दततक जिसका ज़िक्र ज़ैलमें किया जायेगा क़ाबिज़ रहाहै और इसकुवें और उसकेपानीको इस्तैमालमेंलाने और उससेफ़ायदा उठाने का मुस्तहक़है और नीज़ इस बातका इस्तहक़ाक़ रखताहै कि चन्दसोते और चश्मे पानीके जो उसकुवेंमें बहकर आतेहैं और गिरतेहैं वह इसतौरसे बहकरआयें और गिरें कि पानी गंदा या नजिस न हो ॥

२—यह कि बतारीख़——माह——सन्——मुद्दआ- अलेहने बेजा उस कुवें और उसके पानी को और उन चश्मों और सोतों को जो उस कुवेंमें गिरतेहैं गन्दा और नजिस किया ॥

३—यह कि बवजूहमरक़ूमैबाला पानीकुवें मज़कूरका नापाक होकर ख़र्चखाने और दीगर अग़राज़के लायक़ नहीं रहा और मुद्दई और उसका ख़ानदान उसकुवेंऔर इस्तैमाल ——तफ़ादेसे महरूमहै ॥

(इस्तद्आयदादरसी)

नम्बर ७९ ॥

बाबत जारीरखने कारख़ाने ईज़ारसांके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुदई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यहकि मुदई अराज़ी मौसूमा—वाक़ै—पर क़ाबिज़है और उसतमाम अरसेसेजो सवालहाज़ामेंबाद अर्ज़ी मरक़ूमहै क़ाबिज़ रहा ॥

२—यह कि तारीख़—माह—सन्—से मुद्आअलेहके कारख़ाने फ़लज़ातसे धुवां और दीगरबुख़ारात बदबूदार और समियतआमेज़ और मुज़िर तन्दुरुस्ती और मुवादफ़ासिद निकलताहै औरअराज़ी मज़कूरपर फैलताहै और वहांकी हवामें मिलकरउसकोबिगाड़ताहै और अराज़ीकी मिट्टी औरसतहपरबैठकरजमाहोताहै॥

३—यहकि उसकी वजहसे दरख़्त और झाड़ी और नबातात और फ़सल ज़राअतको जोउसज़मीनपरहोती है मज़र्रत पहुँचती है और मालियत का नुक़्सान होता और मवेशी और जानवर मुद्दईके जो उस ज़मीनपर वह ज़ईफ़ और बीमार होजाते हैं और चन्द उनमें से मसमूम होकर मरगये ॥

४—यहकि बवजह मरक़ूमेबाला मुद्दई अराज़ी मज़कूर में अपने मवेशीऔर भेड़ोंको नहींचरासकाहै औरअगर ऐसा न होता तो चरासक्ता अबमुदईको अपनेमवेशीऔर शी ज़राअतके जानवर वहांसे लेजाने पड़े औरअराज़ी मज़कूरकेउसफ़ायदेबख़्शआ तआवर

इस्तैमाल और दख़लसे जोकि दरसूरत न होने वजह मज़कूरके हासिल होता महरूम है॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ८०॥

बाबत मज़ाहिमत राह॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है॥

१—यहकि मुद्दई क़ाबिज़(एकमकानवाक़ै मौज़े— काहै) और उसवक़् जिसका ज़िक्र बादअर्ज़ी मरक़ूम है क़ाबिज़ था॥

२—मुद्दई मुस्तहक़था कि सालके हरमौसिममें ख़ुद और ब हमराही अपने नौकरोंके(मै सवारीके यापियादे या)अपने मकान मज़कूरसे फ़लां खेतकेऊपर होकर एक शारैआमतक जायाकरे और फिर शारैआमसे उसीखेत पर होकर अपने मकानको लौटआये॥

३—यहकि बतारीख़—माह—सन्—मुद्दआअलेहने उसराहकोबतरीक़नाजायज़ रोंकदियाइसवजह से मुद्दई(सवारीपर यापैदल या किसीतरह)आमदोरफ्त नहीं करसक्ता(और जबसे उसराहको बतरीक़नाजायज़ रोंक रक्खा है)॥

४—(अगर कोई ख़ासनुक़्सान हुआहोतोवहबयान कियाजाय)॥ (इस्तदुआयदादरसी)

नमूनैदीगर॥

ने बेजातौरपर एक खा

आमपर जो——से

तकहै इसतौरपर जमाकररक्खाहै कि रास्ताबंदहोगया॥

२—यह कि इसवजहसे मुद्दई उसवक्त कि जायज़ तौरपर उस रास्तेसे गुज़रताथा उसमिट्टी और पत्थरके ढेरपर (या उसखाईमें) गिरपड़ा और मुद्दई का हाथटूट गया और बड़ी तकलीफ़उठाई और मुद्दततकअपनाकाम नकरसका औरमुआलिजाकरनेकासर्फ़भीआयदहुआ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ८१॥

बाबतफेरने गोल या मुजराय आब या पानीकी नाली के॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करताहै॥

१—यह कि मुद्दई क़ाबिज़ एक पनचक्की वाक़े नाली मारूफ़ब— वाक़ेमौज़े—ज़िले—है और उसवक़्त जोकि बादअर्ज़ी मरक़ूमहै क़ाबिज़था॥

२—यह कि बवजह उसक़ब्ज़ेके मुद्दईमुस्तहक़इसका है कि नाली मज़कूर उस पनचक्कीके चलानेके लिये बहतीरहे॥

३—यहकि बतारीख़—माह—सन्—मुद्दआअलेहने उस नालीका किनारा काटकर उसके पानीको बतरीक़ नाजायज़ इसतरहफेरदियाहै कि मुद्दईकी पनचक्की की तरफ़ पानी कम आताहै॥

४—यहकिइसवजहसेमुद्दई—मिक़दारग़ल्लायोमिया से ज़ियादा नहीं पीससक्ताहै हालां किउसपानीकेफेरदेने सेपहिलेमुद्दई योमिया—मिक़दारग़ल्लापीससक्ताथा॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ८२ ॥

बाबत मज़ाहिमत इस्तहक़ाक़ लेने पानी के आबपाशी के लिये ॥

(उनवान)

(अलिफ़बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यहकि मुद्दई अराज़ी वाक़ै——का क़ाबिज़ है और उसवक़् जिसका ज़िक्र बाद्अर्ज़ीं मरक़ूमहै क़ाबिज़ था और इस्तहक़ाक़ रखताथा कि फ़लां नहर या नदी या नाली के पानी का हिस्सा अराज़ी मज़कूरकी आबपाशी के लिये मुस्तैमिल करे ॥

२—यहकिबतारीख़——माह——सन्——मुद्दआ- [illegible] उसपानीके हिस्से मज़कूरको हस्बमरक़ूमैबाला लेने और उसका इस्तैमाल करने से मुद्दईको इस तरह बाज़ रक्खा कि पानी की धारको बतरीक़ नाजायज़ रोक कर दूसरी तरफ़ फेरदिया ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ८३ ॥

बाबत उस ज़ियानके जो किरायेदारने कियाहो ॥

(उनवान)

(अलिफ़बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यहकिबतारीख़——माह——सन्——मुद्दआ- अलेह ने मुद्दई से मकान नम्बर——वाक़ै सड़क वास्ते——मुद्दतके किराया लियाथा ॥

२—यहकिमुद्दआअलेहकिरायेपरउसमेंदख़ीलरहा ॥

३—यहकि [illegible] ——मुद्दआअलेहने

मकान को बहुत ज़रर पहुँचाया (दीवारोंकोबिगाड़डाला फ़र्शको फ़ाड़डाला दरवाज़ोंको तोड़डाला या और तौर से ज़रर की तसरीह जहांतक कि मुमकिनहो कीजाय)॥

बिनाबरआं मुद्दई वास्ते हर्जा तादादी मुबलिग़——के दादख्वाह है ॥

नम्बर ८४ ॥

नालिश बाबत हमला और ज़दोकोबके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दआअलेहने मुद्दईपर हमला करके ज़दोकोबकी ॥

बिनाबरआं मुद्दई बाबत हर्जा मुबलिग़——के दादख्वाह है ॥

नम्बर ८५ ॥

बाबत हमले और ज़दोकोब के ख़ास ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१——यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दआअलेह ने मुद्दईपर हमला करके यहां तक मारा कि बेहोश होगया ॥

२——यह कि मुद्दई उस वजहसे बेकार होकर अपने कामपर (उसके बाद छःहफ्ते तक) न जासका और मुबलिग़——मुआलजेकेवास्ते तबीबकोदेनेपड़े औरजबसे (अपनेदायें हाथसे काम करने से) माज़ूर होगया है (या जो कुछ हर्ज हुआहो वह बयान करना चाहिये)॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ८६ ॥

बाबत हमलै और हब्स बेजाके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करताहै॥

१–यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम——मुद्दआअलेह ने मुद्दई पर हमला करके उसको——योम(याघण्टोंतक)क़ैदरक्खा (अगर कोईख़ासहर्जाहुआ हो तो उसको भी बयान करना चाहियेमसलन्) ॥

२—यहकिउस वजहसे मुद्दई के जिस्मको तकलीफ़ और दिलको रंजबहुत पहुँचा और उसके एतबार और हैसियत को बहुत ज़रर पहुँचा और बदनामी हुई और अपने कारोबारको जारीरखने और अहलोअयाल के वास्ते अपनी ज़ातीफ़िक्र वतरद्दुद करके मुआश पैदाकरनेसे माज़ूररहा और हब्स मज़कूरसे अपनीरिहाई हासिल करनेमें मुद्दईका ख़र्चा भी पड़ा (या और जोकुछहाल हो बयान कियाजाय) ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

नम्बर ८७ ॥

बाबत ज़ररके जो रेलकी सड़कपर मुद्दआअलेह की ग़फ़लत से हुआ ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि बतारीख़—माह—सन्—मुद्दआलेहुम् मामूलन् मुसाफ़िरों को बसबील रेलमाबैन मुक़ाम—और बमुक़ाम—के पहुँचाया करते थे ॥

२—यह कि बतौरीस्न मज़कूर मुद्दई ज़ैल मज़कूर पर मुद्दआअलेहुम्की गाड़ियोंमेंसे जो सड़क मज़कूर पर थीं एक गाड़ीपर सवार हुआ ॥

३—यहकि दरअसनाय सफ़र मज़कूर बमुक़ाम——[या क़रीब इस्टेशन——केया माबैन इस्टेशन——और इस्टेशन——के रेलवे मज़कूरपर इंजन लड़गया और यह हादसा बवजह ग़फ़लत और नाकरदाकारी मुलाज़िमान मुद्दआअलेहुम्के वाक़ैहुआजिसकेसबबसे मुद्दईकोबहुत ज़ररपहुंचा(मुद्दईकीटांगटूटगईशिरमेंजख्मलगायाऔर जो कुछकि खासनुक़सान पहुंचाहो बयान कियाजाय)और मुआलजेमें सर्फ़पड़ा और हमेशाके वास्ते अपनेकारसाबिक़ा यानी फ़रोख्तके लिये फेरी करनेसे माज़ूरहोगया ॥

(इस्तदुआयदादरसी)

(या इसतौरपर——२यहकि बतारीख़ मज़कूर मुद्दआअलेहुम्के

और गाड़ियोंको जो उससे लगी हुई थीं मुद्दआअलेहुम् की रेलवेपर जिससे मुद्दई उसवक़ बतौर जायज़गुज़रता था हांका और चलाया कि वह इंजन और गाड़ी मुद्दई की तरफ़ आई और उसको टक्कर लगी जिससे अला आख़िरह जैसा कि फ़िक़रे ३ में है ॥

नम्बर ८८ ॥

नालिश बाबत उस नुक़सान के जो बेएहतियाती के साथ हांकने से पैदा हो ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करताहै ॥

१—मुद्दई जूता बनानेवालाहै और अपना कारख़ाना मुक़ाम——में चलाता है और मुद्दआअलेह सौदागर है मुक़ाम——का ॥

२——(२३मई सन् १८७५ई०)को मुद्दई शहर कलकत्तेमें दोपहर पर तीन बजने के अमलपर चौरंगी की सड़क होकर जानिब पूरब पियादे पाजाताथा राहमें सड़क मौसूमा हरंगटनइस्ट्रेट को इस वजहसे क़तैकरना पड़ा कि उस सड़क और सड़क चौरंगी का तक़ातैज़वा यायक़ायमापर होताहै जब मुद्दई सड़कके इसपारसे उस पारजाता था और क़ब्ल उसके कि वह उसपारके वास्ते गुज़र मुसाफ़िरान प्यादा तक पहुँचने पाये एक गाड़ीमुद्दआअलेहकी जिसमें दो घोड़े लगेथे और जोबसुपुर्दगी और एहतमाम मुलाज़िमान मुद्दआअलेह केथी दफ़तनं और बराहग़फ़लत और बिलाहोशियार करने राहगीरा केतुंदी और ज़ूदी ख़तरनाकके साथ हरंगटन इस्ट्रेट से निकलकर सड़क चौरंगीमें दाख़िल होगई गाड़ी मज़कूर के बमसे मुद्दई को चोटलगी और उसके सदमें से मुद्दई गिरपड़ा और घोड़ोंके पावँके तले बहुत रौंदागया ॥

३——उससदमें और गिरपड़ने और रौंदेजाने से मुद्दई का बायांहाथ टूटगया औरउसके पहलुओं और पीठ मेंऔरजिस्मके अन्दरभीसदमापहुँचा और उनज़रबात और सदमातके सबबसे मुद्दई चार महीने तक बीमार और बहुत तकलीफ़ उठातारहा और अपना कारोबारन करसका और डाक्टरोंके हक़ुल ख़िदमत और दीगर

अख़राजातमें मुद्दईका बहुत रुपयासर्फ़हुआ औरउसके कारोबार और मुनाफ़े में बहुत कमीहुई ॥

लिहाज़ा मुद्दई दावीदार है कि मुबलिग़——बतौर ख़िसारा उसको दिलायाजाय ॥

(उनवान)

मुद्दआअलेह का बयान तहरीरी ॥

१—मुद्दआअलेहकोबयानमुद्दईसेइन्कार है कि गाड़ी मुतज़क्किरेअर्ज़ीदावामुद्दआअलेहकीगाड़ीहै औरनवह मुद्दआअलेहकेमुलाज़िमोंकेएहतमाम औरसुपुर्दगीमेंथी इसगाड़ीकेमालिकमुसम्मियान(हेवाव) और(ज़हे) साकिन—इस्टेटशहरकलकत्तापेशेअड़गड़ेकेहैं जिनसे मुद्दआअलेहगाड़ियां और घोड़े किरायेपर लियाकरताहै और वहशख़्स जिसके एहतमामऔर सुपुर्दगीमें गाड़ी थीमुसम्मियान(हे वाव) और (ज़ हे)का मुलाज़िमथा॥

२—मुद्दआअलेहयह तसलीमनहींकरताहै किगाड़ी मज़कूर दफ़तन् या बराह ग़फ़लत या बिलाहोशियार करनेराहगीरों केया ख़तरनाक तुंदी और तेज़ीकेसाथ चलतीहुई हरंगटन इस्ट्रेटसे मोड़ीगई ॥

३—मुद्दआअलेह का यह बयानहै कि मुमकिन था कि अगर मुद्दईएहतियातऔर कोशिश माक़ूलअमलमें लाता तो ज़रूर गाड़ी मज़कूरकोअपनी तरफ़आतेहुये देखता और अपने तईं उसके सदमेंसे बचाता ॥

४—अर्ज़ीदावेकीतीसरीदफ़ामेंजोमरातिबमुन्दर्ज हैं उनको मुद्दआअलेह तसलीम नहींकरता है ॥

नम्बर ८९ ॥

बाबत तहरीर तोहमत आमेज़—जिसहालमें
तोहमतआमेज़ हो ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करताहै॥

१—यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम
——मुद्दआअलेह ने एक अख़बार मौसूमा——में (या
एकचिट्ठीमौसूमा(हे वाव)में) इबारतमुन्दर्जैज़ैलनिस्बत

(यह कि वह इबारत लिखनी चाहिये)

२—यहकिवह तशरीहझूठी और अदालतआमेज़थी॥

(इस्तदुआय दादरसी)

(तंबीह—अगर तहरीरतोहमत आमेज़अदालतकी
होतोइबारततोहमतआमेज़लफ्ज़
बलफ्ज़ उसी ग़ैरज़बानमेंजो छपीहो लिखदीजाय और
बादअज़ां इसतौरपर बयान करनाचाहिये—वहइबारत
ज़बान—में तरजुमा करनेसे मानीहस्बज़ैल रखती है
और जिन लोगोंमें कि वहइबारतमुश्तहरकीगईउन्होंने
उसको इसतौरपर समझायानी—यहां लफ्ज़ीतरजुमा

करना चाहिये ॥ नम्बर९० ॥

बाबत तहरीर तोमहत आमेज़ जिसमेंखुद
अलफ़ाज़ तोहमतआमेज़ न हों ॥

(उनवान)

मज़कूर हस्बज़ैलअर्ज़करता है ॥

१–यहकि मुद्दई एक सौदागर शहर–मेंकारोबार करता है और बतारीख़—माह—सन्—और उससे पहले करताथा॥

२–यहकि बतारीख़—माह—सन्—बमुक़ाम—मुद्दआअलेहनेएकअख़बार मौसूमामें इबारतमुंदर्जेज़ैल निस्बत मुद्दईकेछापी [याएक चिट्ठीमौसूमा (हेवाव)मेंया और नेहजपर मुश्तहरकीजिसका हाल लिखनाचाहिये कि किस नेहजपर]॥

(अलिफ़बे)साकिनउसशहरकाचुपकेसेमुल्कग़ैरको चलागया औरयह कहतेहैंकि उसकेक़रज़ख्वाहजिनका क़रज़ा बतादाद मुबलिग़—है बतरद्दुद उसके पतेको दरियाफ़्त करते फिरते हैं॥

३–यह किमुद्दआअलेहकी इससे मुरादयहथी कि (मुद्दई अपने क़रज़ख्वाहोंसे बचने और उनको फ़रेब देनेकी निय्यतसे रूपोश होगयाहै)॥

४–यह कि इबारत मज़कूर दरोग़ और अदावत आमेज़थी॥ (इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर९१॥

बाबत तहत्तुक जिसके खुद अल्फ़ाज़ लायक़ नालिशकरने के हों॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दईमज़कूरहस्बज़ैल अर्ज़ करताहै॥

१–यहकि बतारीख़—माह—सन्—बमुक़ाम ... ने दरोग़ और अदावतन् मुद्दई के-निस्बतयहअल्फ़ाज़कहे(फ़लांशख़्सचोरहै)और(हेवाव)

या (चंदअशखास ने) उसे यह 1 सुना ॥
२—यहकि बवजह कहने इन अल्फ़ाज़ के मुद्दई का ओहदा———बमुलाज़िमत———के जातारहा ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ९२ ॥

बाबततहक़ुक जिसके अल्फ़ाज़ नालिश करने के लायक़ न हों ॥

(उनवान)

(अलिफ़बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करताहै॥
१—यह कि बतारीख़———माह———सन्———बमुक़ाम———मुद्दआअलेह ने दरोग़ और अदावतन् (हे वाव) से मुद्दई कीनिस्बतकहा (वहएकशख्सनवजवानअजीब तरह काहै जिसके ईमानका ठिकाना नहींहै) ॥
२—यहकि मुद्दई उसवक़् क्लर्क यानी मुहर्रिरकी नौकरी तलाश करताथा और मुद्दआअलेह कीमुरादउन अल्फ़ाज़ से यहथी कि मुद्दईवास्ते उसओहदेकेमोतबिर शख्स नहीं है) ॥
३—यहकि बवजह अल्फ़ाज़ मज़कूरके [(हेवाव)मज़कूरनेमुद्दईकोक्लर्ककेकामपर नौकररखनेसेइन्कारकिया]

(इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ९३ ॥

बाबत नालिशफ़ौजदारी मबनी बर अदावत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करताहै॥
१—यह किबतारीख़———माह———सन्———बमुक़ाम

——मुद्दआअलेहने वारंट गिरफ्तारीका (मजिस्ट्रेट शहर मज़्कूरयाजोकुछकिसूरतहो)सेबइल्ज़ाम——जारीकराया जिसपर मुद्दई गिरफ्तार कियागया और तामीआद ——(दिन या घंटा क़ैदरहा और उसको हाज़िर ज़ामिनी बतादाद मुबलिग़——अपनी रिहाई हासिल करने के लिये देनीपड़ी)

२——यहकि यहअम्र मुद्दआअलेहने अदावतन् और बिलावजह माक़ूल याक़रीन क़यासके किया ॥

३——यह कि बतारीख़——माह——सन्——मजिस्ट्रेट मौसूफ़ ने मुद्दआअलेह की नालिश को ख़ारिज करके मुद्दई को बरीकिया ॥

४——यहकि बहुत अशख़ासने जिनके नाम मुद्दई को मालूमनहींहैं गिरफ्तारी का हालसुनकर और मुद्दई को मुजरिम ख़यालकरके मुद्दईके साथ कारोबार करना छोड़ दियाहै बवजह उसी गिरफ्तारीके मुद्दईका ओहदा क्लर्क या मुहर्रिरका बमुलाज़िमत (हे वाव) जातारहा यायह कि बवजूह मरक़ूमेबाला मुद्दईके जिस्मको तकलीफ़और दिलकोरंज पहुँचा और अपना कारोबार करनेसेमाज़ूर रहा और उसके एतबारमेंभी ख़ललपड़ा और क़ैदमज़-कूरसे रिहाई हासिल करने और उस नालिशकी जवाब दिहीमें ख़र्चभी करनापड़ा ॥

(इस्तदुआय दादरसी)

(दाल) अ नालिशात जायदादख़ास की

नम्बर ९४ ॥

नालिश मालिक कामिल मिल्कियतकी वास्ते क़ब्ज़े जायदाद ग़ैरमन्क़ूलाके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१——यहकि(ज्वाद ग़ैन) मालिक कामिल मिल्कियत

——वा

औ

यत यामालिकमकान

तख़-

ग़——है)का था ॥

२–यह कि बतारीख़——माह——सन्——(ज़ो)ने ख़िलाफ़क़ानून(ज्वाद ग़ैन)मज़कूरको उसमुहाल(याहिस्सै या मकान से बेदख़ल करदिया)

३–यहकि बादअज़ां (ज्वाद ग़ैन)बिलावसीअत(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूरको अपना वारिस वक़ायममुक़ाम छोड़कर मरगया ॥

४——यहकि मुद्दआअलेह क़ब्ज़ा उस मुहाल(याहिस्सै या मकान)का मुद्दईको नहींदेता है ॥

मुद्दई दादख्वाह उमूर मुफ़स्सिलै ज़ैल काहै ॥

(१)दख़लयाबी जायदाद मज़कूरह ॥

(२)दिलापाने मुबालिग़——का बाबत हर्जाबेदख़ली मज़कूरके ॥

दूसरानमूना ॥

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर यह अर्ज़ करताहै कि——

१——तारीख़——माह——सन्——को मुद्दई ने बज़

दस्तावेज़ तहरीरी के मकान व अहातैनमूनै ५२ वाक़ै सड़करसलइस्टेट मुतअ़ल्लिक़ै——बकिराया ५००) रु० माहवारी पांचबरसके लिये तारीख़——से मुद्दआ़अ़लेह को किरायेपर दिया ॥

२—उसदस्तावेज़कीरूसेमुद्दआ़अ़लेहनेअपनीतरफ़ से वादा किया कि मकान वअहातै मज़कूरको मरम्मतसे दुरुस्त और लायक़ सकूनतके रक्खेगा ॥

३—दस्तावेज़ मज़कूरमें एकदफ़ाबमुराद फिरदख़ल करनेके है जिसका यह मज़मून है कि अगर ज़रकिराया मुक़र्ररह आम इससे कि वह तलब कियाजाय या नहीं वाजिबुल्अदाहोनेसे इक्कीसरोज़तकअदानकियाजायया अगरमुद्दआ़अ़लेहकिसीवायदेकी तामीलमेंजिसकाईफ़ा उसने अपने ज़िम्मेलियाहो क़ुसूरकरे तो मुद्दई मुस्तहक़ होगा कि मकान व अहातै मज़कूरपर फिरदख़लकरले ॥

४—तारीख़—माह—सन्—कोएकमहीने का किराया और तारीख़—माह—सन्—को एक और महीनेका किराया वाजिबुल्अदाहोगया औरतारीख़—माह—सन्—तक दोनों महीनों का किराया इक्कीस रोज़तक ग़ैरमवद्दा रहाथा और अबतक ग़ैर मवद्दाहै ॥

५—उसतारीख़—माह—सन्—१८—ई० को मकान व अहाता मरम्मतसे दुरुस्त और लायक़ सकूनतके न था और न अबहै और उसमकान व अहातै को मरम्मतसे दुरुस्त औरलायक़सकूनत करनेमें ज़रख़तीर सर्फ़होगा और मुद्दईकी मिल्कियत आयन्दामें इसवजह

से बहुत कमी होगई है लिहाज़ा मुद्दई मरातिब मुफ़स्सिलै ज़ैलका दावा करता है ॥

(१) दख़ल ऊपर मकान और अहातै मज़कूरके ॥

(२) मुबलिग़——बाबत बाक़ी ज़र किरायेके ॥

(३) मुबलिग़——बाबत ख़िसारै बाअ़सवायदै ख़िलाफ़ी मुद्दआअ़लेह बीचमरम्मत वग़ैरह मकानके ॥

(४) मुबलिग़——बाबत दख़ल मकान व अहातैमज़कूर तारीख़——माह——सन् १८——ई० से रोज़ हुसूल दख़लतक ॥

नम्बर ९५ ॥

नालिश असामीकी ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैल अर्ज़करता है ॥

१——यह कि (हे वाव) मालिक कामिल (क़ितैअराज़ीवाक़ैशहरकलकत्ता)—महदूदबहुदूदमसर्रहःज़ैलकाहै

२—यह कि बतारीख़——माह——सन्——(वाव हे) मज़कूरने अराज़ी मज़कूर मुद्दई को वास्ते——सालके तारीख़——से पट्टे परदी ॥

ह कि मुद्दआअ़लेह क़ब्ज़ा उसका मुद्दई को ॥ (इस्तदुआय दादरसी)

नम्बर ९६ ॥

बाबत जायदाद मन्क़ूला जो बेजातौरपर लेलीगईहो ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करताहै ॥

१—यह किबतारीख़——माह——सन्——मुद्दईमा-

लिक (या क़ाबिज़) एकसौबोरे आटेकाथा जिसकीतख़-
मीनी मालियत मुबलिग़——है ॥

२—यह कि बतारीख़ मज़कूर बमुकाम——मुद्दआ-
अलेह ने वह आटा उससे लेलिया ॥

बिनाबरआं मुद्दई दादख्वाह बाबत उमूर मुफ़स्सिलै
ज़ैलके है ॥

अव्वल—वास्ते दिलापाने क़ब्ज़ामालमज़कूरके या
जिसहालमें कि उसमालका क़ब्ज़ा न मिलसके तो वास्ते
दिलापाने मुबलिग़——के ॥

दोम—बाबतमुबलिग़—हर्जारोकरखनेमालमज़कूरके॥

नम्बर १७ ॥

बाबत मालमन्कूला जो बेजातौर पर रोक रक्खागया ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि बतारीख़——माह——सन्——मुद्दईमा-
लिक (या वह वाक़िआत लिखेजायें जिनसे हक़ क़ब्ज़ेका
ज़ाहिरहोताहो)माल मसरेंहःफ़र्दमुन्सालिकैका था(माल
की तसरीह लिखनी चाहिये) और मालियत तख़मीनी
उसमालकी बक़दर मुबलिग़——है ॥

२—यह कि तारीख़ मज़कूरसे ताशुरूअ नालिश
हाज़ा मुद्दआअलेहने वह माल मुद्दईको नहीं दियाहै ॥

३—यह कि इसनालिशके शुरूअहोनेसे पहलेयानेब-
तारीख़——माह——सन्——मुद्दईने मालमज़कूरमुद्दआ-
अलेहसे तलबकिया लेकिन उसने देनेसे इन्कारकिया॥
बिनाबरआंमुद्दईदादख्वाहवास्तेउमूरमुफ़स्सिलैज़ैलकेहै

अव्वल—वास्ते दिलापाने क़ब्ज़े माल मज़कूरके या जिसहालमें कि क़ब्ज़ा उसमालका न मिलसके तोवास्ते दिलापाने मुबलिग़——के ॥

दोम—वास्ते मुबलिग़——याने हर्जा रोकरखनेमाल मज़कूरके ॥

फ़ेहरिस्तमाल ॥

नम्बर ९८ ॥

नालिश बनाम उसशख्सके जिसनेबफ़रेब ख़रीदारी की और बनाम उसके जिसके नाम उसने मुन्तक़िल किया दरहालेकि मुन्तक़िल अलेह को उस फ़रेबका इल्मथा ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि बतारीख़——माह——सन्——बमुक़ाम ——मुद्दआअलेह (जीम दाल) ने मुद्दईको असबातकी रग़बत दिलानेके लिये कि कुछमाल उसकेहाथ फ़रोख्त कियाजाय मुद्दई से यह ज़ाहिर किया कि (मुद्दआअलेह मुस्ततीअ और अपने तमामदयूनसे ज़ियादह मुबलिग़ ——का मक़्दूर रखताहै) ॥

२—यह कि मुद्दई इसवजहसे (जीम दाल) मज़कूर केहाथ (एकसौसंदूक चायके) जिनकी तख़मीनी मालि-यत बतादाद मुबलिग़——है बेचने और हवाले करदेने पर राग़िब हुआ ॥

३—यह कि बयानात मज़कूर दरोग़थे और उसवक़्त (जीम दाल) मज़कूर उनको दरोग़ जानताथा या यहकि

बयानात मज़कूरके वक़्त (ज़ीमदाख़्ल) मज़कूर दीवालिया+ था और अपना दीवालिया होना जानताथा) ॥

४-यह कि (ज़ीमदाख़्ल) मज़कूरनेमिनूबाद वहमाल बिलाक़ीमत (हे वाव) मुद्दआअ़लैहके हाथ (या जिसको उस बयानके झूठहोनेका इल्मथा) मुन्तक़िल किया ॥

बिनाबरआं मुद्दई दादख्वाहहै कि—

१-मालमज़कूर दिलायाजाय या जिस हालमें कि यह मुमकिन न हो मुबलिग़—दिलाया जाय ॥

२-माल मज़कूरको रोकरखनेकी बाबत हरजा मुबलिग़—दिलाया जाय ॥

(हे) अरायज़दावा दादरसीख़ास ॥

नम्बर ९९ ॥

बाबत मन्सूख़ी मुआहिदेके ग़ल्तीकी बिनापर ॥

(उनवान)

(बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करताहै ॥

१—यह कि बतारीख़—माह—सन्—मुद्दआअ़लैहने मुद्दई से बयान किया कि एक क़िता अराज़ी अज़ां मुद्दआअ़लैह वाक़ै मुक़ाम—(दस बीघाहै) ॥

२-यह कि मुद्दईको इस बातसे उस आराज़ीको बक़ीमत मुबलिग़—ख़रीदनेके लिये बई एतबार रग़बत दिलाई गई कि वह बयान रास्त था और मुद्दई ने

+ तम्बीह मिन्मुतरज्जिम—इस तरजुमे में लफ़्ज़ दीवालिये का उस शख़्सके वास्ते मुस्तैमिल हुआ है जिसके क़रज़े इतने हों कि वह उनको अपनी कुल जायदादसे न अदा करसक्ताहो जोकि इस तमाममाने के लिये कोई लफ़्ज़ हिंदुस्तानी ज़बान में मुरव्विज़ नहीं है इस वास्ते दीवालिये का लफ़्ज़ जो ऐक्ट ८ सन् १८५९ ई० में और पिछले क़ानून में मुस्तैमिल हुआ है बतौर इस्तेलाह के क़ायम रक्खागया ॥

एक इक़रारनामे पर दस्तख़त करादिये चुनांचेनक़लउस की मुन्सलिकहै लेकिन उसअराज़ीका क़बाला मुद्दई के नाम नहीं लिखदिया गया ॥

३—यहकिबतारीख़—माह—सन्—मुद्दईने मुद्दआअलेह को मुबलिग़—मिंजुम्लै ज़र सम्मन के अदा करदिये ॥

४—यहकि क़िताअराज़ीमज़कूर फ़िलहक़ीक़तसिर्फ़ (पांच बीघे) है ॥

बिनाबरआं दादख़्वाह है कि—

अव्वल—मुबलिग़—मैसूद तारीख़—माह—सन्—से दिलादिये जायें ॥

दोम—इक़रारनामा मज़कूर वापस करा दियाजाय और मन्सूख़ हो ॥

नम्बर १००॥

बमुराद सुदूरहुक्म मुमानियत ज़ियान ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है॥

१—यहकि मुद्दई मालिक कामिल (यहांजायदादका बयान करना चाहिये) का है ॥

२—यहकि मुद्दआअलेहउसपरबमूजिबपट्टादियेहुये मुद्दईके क़ाबिज़ है ॥

३—यहकिमुद्दआअलेहनेबिलारज़ामन्दीमुद्दई (चंद क़ीमतीदरख़्तकाटडालेहैं और बेंचदेनेकेलिये चन्दऔर दरख़्त काटडालने को कहताहै) ॥

बिनाबरआं मुद्दई दादख़्वाह होकर मुस्तदई हो

मुद्दआअलेह उस अराज़ी में कोई और ज़ियानकरनेया ज़ियान करनेकी इजाज़त देने से बज़रिये हुक्म इम्त-नाईके बाज़ रक्खाजाय ॥

(जायज़ है किमुआबिज़ा ज़रनक़दके दिलादेने की दरख्वास्तभी की जाय)

नम्बर १०१ ॥

नालिश अम्र तकलीफ़देहके रफ़ाकरनेके लिये ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुदई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है॥

१—यहकिमुदई(मकाननम्बर—वाक़ैसड़क—शहर कलकत्ते)का मालिक बमिल्कियत कामिलहै औरहमेशा उस तमामवक़्में जिसकाज़िक्र ज़ैलमेंहै मालिक रहा ॥

२—यहकिमुद्दआअलेहमालिकबमिल्कियतकामिल (एकक़िते अराज़ीवाक़ैसड़क—मज़कूर)काहै और उस तमामवक़्में मालिकरहा ॥

३—यहकि बतारीख़—माह—सन्—मुद्दआ-अलेहनेक़िते अराज़ीमज़कूरपरएकमज़बह मुक़र्ररकिया और वहमज़बहहनोज़वहांक़ायमहै और उसरोज़सेउस वक़्तक जानवरोंको हमेशा वहांमँगाकर ज़िबैकरतारहा है(और ख़ून और छीछड़े वग़ैरह फ़ुज़लासड़कमज़कूरमें मुदईके मकान मज़कूरके सामने फिकवाता रहताहै)॥

४—यहकि बवजूहमरक़ूमैबालामुदईकोमकानमज़कूर छोड़देनापड़ाऔरउसकोकिरायेपरभीनहींचलासक्ताहै॥

बिनाबरआं मुदई दादख्वाह होकर मुस्तदई है कि वह अम्र तकलीफ़देह मौक़ूफ़ कराया जाय ॥

नम्बर १०२॥

मुजराय आब यानी पानी के गोल या नालीको फेर देने
की मुमानियत का हुक्म हासिल करनेके लिये॥

(उनवान)

(बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करता है॥

(मिस्ल नमूना नम्बर ८१)

मुद्दई दादख्वाह होकर मुस्तदई है कि मुद्दआअलेह बज़रिये हुक्म इम्तनाई के उस पानीको फेरदेने से बाज़ रक्खाजाय॥

नम्बर १०३॥

बमुराद दिलापाने मालमन्कूले के जिसके तलफ़
करडालनेकी मुद्दआअलेह धमकी देताहै
और बग़रज़ सुदूरहुक्म इम्तनाईके॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है॥

१—यहकिमुद्दई(अपने दादाकी एक शबीहका जिसे एकनामी मुसव्विरने तय्यार कियाथा)मालिक है और उन तमाम औक़ातपर जिनकाज़ैलमें ज़िक्रहै मालिकथा और उस शबीहकी कोई नक़ल मौजूद नहीं है(या कोई ऐसा अम्र बयान कियाजाय जिससे ज़ाहिर हो किमाल इसक़िस्मकाहैकिबसर्फ़ज़रफिरमुयस्सर नहीं होसक्ता॥

२—यहकि बतारीख़—माह—सन्—मुद्दईनेउसकोब-हिफ़ाज़तरखनेकेलियेमुद्दआअलेहकेपासरखवागयाथा॥

३—यहकि बतारीख़—माह—सन्—मुद्दईने वह शबीहमुद्दआअलेहसेमांगीऔर जोख़र्चावाजिबी उसको बहिफ़ाज़त रखनेकाहुआहो उसकेअदाकरदेनेको कहा॥

४–यह कि मुद्दई को उसके हवाले करदेनेसे मुद्दआ-अलेहने इन्कार किया और धमकीसे कहता है कि अगर उसके हवाले करदेने को कहाजायेगा तो वह उसे छिपालेगा या बेचडालेगा या काटडालेगा या उसको ज़रर पहुँचायेगा॥

५–यह कि अगर किसी क़दर मुआविज़ा ज़रनक़द दियाजायतो वह मुआविज़ाकाफ़ीवास्तेमुद्दईके(शबीह) मज़कूरके तलफ़ होजाने का न होगा॥

बिनाबरआं मुद्दई दादख्वाह है कि–

अव्वल–बज़रिये हुक्म इम्तनाईके मुद्दआअलेह (शबीह) मज़कूर के बेचने या छिपाडालने या उसको ज़रर पहुँचाने से बाज़ रक्खाजाय॥

दोम–मुद्दआअलेहसे (शबीह) मज़कूर मुद्दईको वापिस दिलादीजाय॥

नम्बर १०४॥

नालिशअमीनबमुरादतस्फ़ियेबैनुल्मुतनाज़एन॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दईमज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करताहै॥

१–यहकि क़ब्ल उन दुआबीके जिनकाज़िक्र ज़ैलमें कियाजाताहै (ज़े हे) ने मुद्दईके पास (यहां तसरीहमाल की करनी चाहिये) (बहिफ़ाज़त रखनेकेलिये) अमानत रक्खाथा॥

२–यह कि मुद्दआअलेह (जीम दाल) उसीमालका दावाकरताहै (इसबयानसे कि (ज़े हे) मज़कूरने वहमाल उसके नाम मुन्तक़िल करदिया है)॥

३—यहकि मुद्दआअलेह(हे वाव)उसीमालपर (बज़रिये तहरीर इसमज़मूनके कि(ज़े हे)मज़कूरने वहमाल उसकेनाम मुन्तक़िल कियाहै) दावीदार है ॥

४—यह कि मुद्दई इनदोनों मुद्दआअलेहों के हुक़ूक़के हालसे नावाकिफ़ है ॥

५—यह कि मुद्दईको उसमालपर कुछ दावा नहीं है और उसमालको उनअशख़ासके हाथजिनकी अदालत हिदायतकरे हवालाकरदेनेपर आमादह और राज़ीहै ॥

६—यहकि मुद्दआअलेहुम्में से किसीकेसाथ साजिश करके नालिश रुजूअ नहीं की गई है ॥

बिनाबरआं मुद्दई दादख्वाह है कि—

अव्वल—बज़रिये हुक्म इम्तनाई के मुद्दआअलेहुम् को मुमानियतहोकि इसमालपरकी निस्बतमुद्दईपरकोई मुक़द्दमा क़ायम न करें ॥

दोम—इनकोहुक्महो किइसमालकी निस्बत अपने अपनेदावे का तस्फ़िया अदालतसे करालें ॥

सोम—किसी शख्सको दरअशनायनिज़ाअ अदालत उसमालके वसूल करनेकी इजाज़त दीजाय ॥

चहारुम—जब उस (शख्स)को माल मज़कूर हवाले कियाजाय तो मुद्दई बरीकरादियाजायकि उसमालकीनिस्बतमुद्दआअलेहुम्मेंसेकिसीकामवाख़िज़ामुद्दईसेनरहे।

नम्बर १०५ ॥

बमुराद एहतमाम क़रज़ख्वाहके ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूरहस्बज़ैलअर्ज़ करता है ॥

१-(हे वाव) मुतवफ्फ़ा साकिन——बरवक़्त अपनी वफ़ात के क़रज़दार मुद्दईका वास्ते मुबलिग़——(यहां नौअय्यत क़रज़ा और हाल उसकी ज़मानत याकिफ़ालत का अगर कुछहो बयानकरना चाहिये) केथा और उस की जायदाद अबतक मक़रूज़ है ॥

२-(हे वाव) मज़कूरने वसीयतनामा मवर्रुखे़——लिखदिया और उसकीरूसे (जीम दाल) को वसीमुक़र्ररकिया (या अपनी जायदाद अमानत वग़ैरहमें रक्खी या बिला वसीयत मरगया याने जैसी कि सूरतहो) ॥

३-यह कि वसीयतमज़कूरको (जीम दाल) मज़कूर ने साबितकिया (या चिट्ठियात मोहतमिमी तरका उसको अताहुई हैं) वग़ैरह ॥

४-यह कि मुद्दआअलेहने (हे वाव) मुतवफ्फ़ा की जायदाद मन्क़ूला (और ग़ैरमन्क़ूला या आमदनी जायदाद ग़ैरमन्क़ूला) पर क़ब्ज़ा करलियाहै और मुद्दईको क़रज़ा मज़कूर नहीं अदा किया ॥

५-यह कि (हे वाव) मज़कूर बतारीख़ या क़रीब तारीख़——के फ़ौत हुआ ॥

६-यह कि मुद्दई मुस्तदई है कि (हे वाव) मुतवफ्फ़ा के माल मन्क़ूला और (ग़ैरमन्क़ूला) का हिसाब लिया जाय और उसका एहतमाम हस्बहुक्मि अदालतके जो सादिर हो कियाजाय ॥

नम्बर १०६ ॥

(बमुराद एहतमाम जायदाद मुतवफ्फ़ा बज़रिये ख़ासमूसीलहुमके)

(उनवान)

(नमूनै १०५ को इस तौर पर बदलदो)

(फ़िक़रै अव्वल को मतरूक करो और फ़िक़रै २ से शुरूअकरो (हे वाव) मुतवफ्फ़ा साकिन----ने वक़्मर्ग वसीयतनामे मरक़ूमैतारीख़--हस्बज़ाबिता लिखा और उसके ज़रियेसे (जीम दाल) को अपना वसीमुक़र्ररकिया और उस वसीयतनामेकी रूसे मुदईके लिये (यहां ख़ास शैवसीयती लिखनी चाहिये) छोड़ी)

बजाय फ़िक़रै ४ के यह इबारत क़ायमकरो॥

मुदआअलेह (हे वाव) मज़कूरकी जायदाद मन्क़ूला पर क़ाबिज़है और मिन्जुमला दीगर अशियायके (यहां नामख़ास शैवसीयती का लिखना चाहिये)

बजायशुरूअ फ़िक़रै ६ के यह इबारत क़ायमकरो॥

मुदई मुस्तदई है कि मुदआअलेह को हुक्म हो कि (यहां नामख़ास शैवसीयतीका लिखाजायगा) मज़कूर मुदईके हवाले करे या यहकि आख़िर तक॥

नम्बर १०७॥

वास्ते एहतिमाम जायदाद मुतवफ़्फ़ाके बज़रिये मूसीलहुम् नक़द पानेवालों के॥

(उनवान)

(नमूना १०५में इसतौरपर तब्दील करनी चाहिये)

(फ़िक़रैअव्वल मतरूककियाजाय औरबजायफ़िक़रै २ के यह इबारत क़ायम कीजाय) (हे वाव) मुतवफ्फ़ा साकिन----ने हस्बज़ाबितै वसीयतनामा वक़् मर्ग

बतारीख़–माह——सन्——लिखा और उसकी रूसे (जीम दाल) को वसी मुक़र्रर किया और बज़रिये इसी वसीयतनामे के मुद्दईके वास्ते मालवसीयती मुबलिग़——छोड़ा ॥

फ़िक़रे ४ में बजाय लफ्ज़ क़रज़ेके शैवसीयतीलिखनी चाहिये ॥

दूसरा नमूना ॥

माबैन (हे वाव) मुद्दई और (ज़े हे) मुद्दआअलेह॥

(हे वाव) मुद्दई मज़कूर यह अर्ज़ करता है ॥

१–(अलिफ़ बे) साकिन——वाक़े——ने अपना वसीयतनामा मवर्रुखे यकुम्मार्च सन् १८७३ ई० हस्ब ज़ाबिते इस मज़मूनसे लिखवाया कि मुद्दआअलेहहाल और (मीम नून) (जोमूसीकी हयातमें मरगया) वसीयानतरकामुक़र्रर कियेजायें और अपनी जायदादमन्क़ूला और ग़ैरमन्क़ूला अमानतन् अपनेऔसियाको इस ग़रज़से तफ़वीज़की कि वहलोग ज़रहाय किराये या लगान और आमदनी जायदाद मज़कूर मुद्दईको उसकीहयाततकदेतेरहें और मुद्दईकी वफ़ातके बाद औरदरसूरत न होने किसी ऐसे पिसर मुद्दईके जो इक्कीस बरस की उमरको पहुँचे या न होने किसी दुख्तरके जो इक्कीस बरसकी उमरको पहुँचे या जिसकीशादी होजाय जायदाद ग़ैर मन्क़ूला अमानतन् उसशख्सके लिये रहे जो मूसीका वारिस जायज़हो और जायदादमन्क़ूला अमानतन् उन अशखासके लिये रहे जो मूसीके क़रावतदार क़रीबहों उस सूरतमें कि मुद्दईकी वफ़ात वक़्त मूसी बि-

लावसीयत मरगयाहो और कोई औलाद मुद्दईकीहस्ब मज़कूरै बाला बाक़ी न रहीहो ॥

२—मूसीयकुमजूलाईसन् १८७८ ई० को मरगयाऔर मुद्दआअलेह ने उसका वसीयतनामा ४—अक्टूबर सन् १८७८ ई०को साबितकिया—मुद्दईकीशादी नहीं हुई ॥

३—मूसीउसकीवफ़ातकेवक़् जायदाद मन्क़ूलाऔरग़ैर मन्क़ूलाका मुस्तहक़थामुद्दआअलेहनेजायदादग़ैरमन्क़ूलाकेज़रकिरायायालगानकातहसीलकरनाशुरूअ किया औरजायदादमन्क़ूलाकोभी एकजगहजमाकिया—मुद्दआअलेहने जायदादग़ैरमन्क़ूलामेंसेकुछजायदादबेंकीहै लिहाज़ामुद्दई उमूरमज़कूरैज़ैल का दावीदार है ॥

(१)यह कि (अलिफ़ बे)की जायदादमन्क़ूलाऔरग़ैरमन्क़ूलाका एहतिमाम इसअदालतमेंहो और उसमुराद से हिदायात मुनासिब जारीहों और हिसाबदियाजाये ॥

(२) ऐसी दादरसी मज़ीद की जाये जो बलिहाज़ हालात मुक़द्दमा ज़रूरीहो ॥

माबैन (हे वाव) मुद्दई और (ज़े हे) मुद्दआअलेह॥

मुद्दआअलेहका बयान तहरीरी ॥

१—(अलिफ़ बे) केवसीयतनामेमेंजायदादउसकीक़र जोंमेंमकफ़ूलथी-वहबरवक़् वफ़ातदीवालियाथा—वहमुस्तहक़थाकिअपनीवफ़ातके रोज़कुछजायदादग़ैरमन्क़ूला हासिल करता जिसको मुद्दआअलेहने फ़रोख्तकर डाला और जिसके ज़रसम्मनसेमुबालिग़—पैदा हुआ और मूसीकेपास कुछ जायदाद मन्क़ूलाथी जिसकोमुद्-

अाअलेह ने फ़राहमकिया और जिसकी फ़रोख्तसेमुब-लिग़—पैदाहुआ ॥

२—मुद्दआअलेहने तमाममुबालिग़मज़कूर और भी मुबलिग़—जो मुद्दआअलेह को जायदाद ग़ैरमन्क़ूला के किराये या लगानसे वसूलहुआ मूसीकीतकफ़ीनऔर तदफ़ीनमें और अख़राजात वसीयती और मूसीकेबाज़ क़रजोंके अदाकरनेमें सर्फ़किया ॥

३—मुद्दआअलेहनेआमदनीऔरख़र्चकाहिसाबबना करउसकी एकनक़लबतारीख़ १० जनवरीसन् १८७५ ई०मुद्दईके पास भेजदी और वास्ते तसदीक़ हिसाबके मुद्दईकोकहाकिरसीदातवग़ैरहाबिलामज़ाहिमत आनकर देखलोमगरउसनेपैग़ाममुद्दआअलेहकाक़बूलनकिया ॥

४—मुद्दआअलेहको यहउज्रहै कि ख़र्चा मुक़द्दमे का मुद्दईके ज़िम्मे पड़ना चाहिये ॥

नम्बर १०८

तामील अमानत ॥

बअदालत——मुक़ाम——

मुक़द्दमा दीवानी नम्बर——

(अलिफ़ बे)साकिन—मुद्दई बनाम (जीम दाल) साकिन—मुतमत्ता या अहदुलअशख़ासमुतमत्तामुद्-आअलेह ॥

(अलिफ़ बे)मुद्दईमज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—यह कि मुद्दईमिन्जुमलाउमनायकेएकअमीन ब-मूजिब एकतमलीकनामेके है जो बतारीख़—याउसके क़रीब किसी तारीख़ पर बरवक़्त अज़दवाज़ (हे वाव)

और(ज़े हे)याने वालिद और वालिदह मुद्दआअलेहके लिखागया[या बमूजिब दस्तावेज़ हवालगी जायदाद और अमवाल (हे वाव)केजो (जीम दाल)मुद्दआअलेह और दीगर क़रज़ख्वाहान(हे वाव)की मुन्फ़अतकेवास्ते अमलमें आई]

२-(अलिफ़ बे)मज़कूरने अपने ज़िम्मेकार अमानत मज़कूर का लिया और माल मन्क़ूला और ग़ैरमन्क़ूला पर जो बज़रिये दस्तावेज़ मज़कूरै बालाके मुन्तक़िल कियागया(या हवालेकियागया)(या माल मज़कूर की आमदनीपर) क़ाबिज़ है ॥

३-(जीम दाल) मज़कूर दस्तावेज़ मज़कूरै बालाके बमूज़िबदावा इस्तहक़ाक़ इन्तफ़ाअका रखताहै ॥

४-मुद्दई चाहताहै कि हिसाब तमामलगान या किराया और मुन्फ़अत जायदाद ग़ैरमन्क़ूला मज़कूर का (और ज़रसमन जायदाद ग़ैरमन्क़ूला या मन्क़ूलामज़कूर या उसके हिस्सेका या ज़र समन जायदाद मन्क़ूला मज़कूर या उसके हिस्सेका या मुनाफ़ैका जोकिमुद्दई कोबमन्सबइन्सरामकारअमानतमज़कूरकेहुआ)समझा देपसमुद्दई मुस्तदईहै कि अदालत रूबरू (जीम दाल) मज़कूर और ऐसेदीगरअशख़ासकेजिनकोग़रज़होऔर अदालत हिदायत करे अमानतमज़कूरका हिसाबलेले और कुलजायदाद अमानतीमज़कूरकाएहतिमामवास्ते मुन्फ़अत (जीम दाल)मुद्दआअलेहमज़कूरऔरतमाम दीगर अशख़ास के जिन को एहतमाममज़कूरमें ग़रज़ हो अमलमेंलाये या (जीम दाल)मज़कूर इस अम्रके

अमल मैं न आने की वजह माक़ूल बयान करे ॥

[तम्बीह—जबकि नालिश मिन्जानिब शख्समुत-मत्ताके हो तो अरज़ीदावा बतब्दील अल्फ़ाज़तब्दील तलब मिस्लअर्ज़ीदावा मूसीलहूकेहो]॥

नम्बर१०९॥

बैअबात या बै ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे)मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़करताहै ॥

१—यहकि बज़रिये रहननामे के जो बतारीख़——माह—सन्—लिखागयाथा एक मकान मै बाग़ और दीगरमुतअल्लिक़ातकेअंदर हुदूदइलाक़ेइसअदालतके मुद्दआअलेहने मुद्दई और उसकेवुरसा(या औसिया या मोहतमिमानतर्का)औरमहवलुलअलेहुमकेनामबइवज़ज़र असल मुबलिग़—मैसूदबहिसाबफ़ीसदी मुबलिग़——सालानाके मुन्तक़िल किया इस शर्त्तपर कि फ़लां तारीख़जिसकोगुज़रेहुयेमुद्दतहुईबअदायज़रअसलमज़कूरमैसूद मुद्दआअलेहमज़कूरउसकाइन्फ़िकाककराले॥

२—अब मुद्दईको मुबलिग़—बाबत असल व सूद रहन मज़कूरके मुद्दआअलेहसे याफ्तनीहै ॥

३—मुद्दई मुस्तदईहैकि अदालतसे मुद्दआअलेहको हुक्महो कि(अलिफ़)ज़रमज़कूरमै उसक़दर सूदमज़ीद केजोतारीख़ गुज़रनेअर्ज़ीदावेसेतारीखअदातकवाजिब हो और नीज़खर्चा नालिशहाज़ा उस तारीख पर जो कि अदालत से मुक़र्ररकीजाय अदाकरदे और दरसूरतन अदाकरने के हक़ इन्फ़िकाक मकान मरहूना मज़कूर का

साक़ितहोकर बैअबात होजाय और मुद्दईकोमकानवग़ै-
रह मरहूनापर क़ब्जादिलायाजाय या(बे)यहकि मकान
मज़कूर बैकरादिया जाय और ज़र समन से ज़रअसल
और सूदऔर ख़र्चामज़कूर अदाकियाजाय और(जीम)
अगर ज़र फ़रोख़्त मुबलिग़ मज़कूरकीबाक़ी कामिल के
लिये काफ़ी नहो तो मुद्दआअलेह तादाद कमी मै सूद
बालाय कमी बहिसाब छःरुपयासैकड़ा सालाना तारोज़
वसूल मुद्दईको अदाकरे और(दाल)मुद्दई मुस्तदई है कि
ब मुराद मज़कूर तमाम हिदायात मुनासिबअदालत से
सादिरहों और हिसाब लियाजाय ॥

नम्बर ११० ॥

इन्फ़िकाक

(उनवान)

नमूनानम्बर १०९ को इसतौरपर बदलदेना चाहिये
कि फ़रीक़ैन और वाक़िआतमेंसे एक बजायदूसरेकेफ़ि-
क़रै अव्वल में बदल दियाजाय ॥

बजाय फ़िक़रै २ के यह क़ायम करना चाहिये ॥

२—अब मुद्दईसे मुद्दआअलेह को बाबतज़रअसल
और सूद रहन मज़कूर के कुल मुबलिग़——याफ़्तनी
है और यहरुपया मुद्दई मुद्दआअलेहको अदाकरदेनेपर
मुस्तैदऔरराज़ीहै और इसअर्ज़ीदावेकेगुज़रनेसेपहिले
इसअम्रकी मुद्दआअलेहको इत्तिलाअथी ॥

बजाय फ़िक़रै ३ केयहइबारत क़ायमकरनी चाहिये ॥

मुद्दई मुस्तदईहै कि मकान मज़कूर इन्फ़िकाककराले
और मुद्दआअलेहको हुक्महो कि बरवक़्त अदाहोनेमुब-

लिग़—मज़्कूर मैं सूद और उसक़दर ख़र्चेके (अगर कुछहो)जोकि अदालत एक तारीख़तक जिसेवहमुक़र्ररकरेगी दिलाये मकान मज़्कूर मुद्दई को बज़रिये तहरीर वापिसकरे और नीज़ यह कि अदालत वास्ते मुशख़्ख़िसकराने और तक्मील करने ऐसी तहरीर वापिसीके और अमलमेंलाने ऐसे अफ़्आलदीगर के जोकि मुद्दईको मकान मज़्कूरपर रहन मज़्बूर से मुबर्राक़ाबिज़ होनेकेलिये ज़रूरीहों हिदायात मुनासिबसादिरकरे ॥

नम्बर १११॥

तामीलख़ास(नम्बर१)

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़्कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करताहै॥

१—बज़रिये एक इक़रारनामे मवर्रुख़े तारीख़— माह——सन——दस्तख़ती (जीमदाल) मुद्दआअलेह मज़्कूरके उसने मुद्दईसेएकजायदादग़ैरमन्क़ूलाजिसका बयान और ज़िक्रइक़रारनामेमज़्कूरमेंहै बइवज़मुबालिग़ —ख़रीद करने (या फ़रोख़्तकरने) का इक़रारकिया ॥

२—मुद्दईने (जीम दाल) मज़्कूरसेदरख़्वास्तकी कि वह अपनी तरफ़से उसइक़रारनामेकी तकलीम ख़ास करे लेकिन उसने नहीं की ॥

३—मुद्दई अपनी तरफ़ से ख़ासतकमील इक़रारनामे की करनेपर मुस्तैद औरराज़ीहै और इसअम्रकी इत्तिलाअ (जीम दाल) मज़्कूरको है ॥

४—बिनाबरआंमुद्दई दादख़्वाह बदीं मुराद है कि अदालत (जीम दाल)मज़्कूरकोइक़रारनामेमज़्बूरकी

तामील खासकरने और उनतमामअफ़आलकेअमलमें लानेकाहुक्मदे जो कि जायदाद मज़कूर पर मुद्दई को क़ब्ज़ाकामिल देनेकेलिये ज़रूरी हों (या जायदादमज़कूरका इन्तक़ाल औरक़ब्ज़ा हासिलकरनेकेलियेज़रूरी हों) और नीज़ यहकि ख़र्चा उस नालिश का अदाकरे॥

[तम्बीह—जो नालिश कि वास्तेहवालाकरने किसी इक़रारनामे के बमुराद उसकी तन्सीख़केहो उसमें फ़िकरै हाय २ व ३ मतरूक कियेजायँ और उनके बजाय एक फ़िक़रा इस तौरका क़ायम कियाजाय जिसमें बिलउमूम वजूह चाहने वापिसी इक़रारनामा और उसकी तन्सीख़कीमरक़ूमहों मसलन् यहकि मुद्दईने उसपरदस्तख़तग़ल्तीसे कियेया हिरासतकी हालतमें किये या मुद्दआअलेह के किसी फ़रेबके सबबसेकिये औरजिसतरह की दादरसी मतलूबहो उसीके मुवाफ़िक़ इस्तदुआ का मज़मून बदलाजाय]

नम्बर ११२॥

तामीलख़ास(नम्बर २)

(उनवान)

... मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है॥

१—यह कि बतारीख़——माह——सन्——मुद्दआअलेह क़तअन् मुस्तहक़एकजायदाद ग़ैरमन्क़ूलाकाथा जिसकीतसरीह इक़रारनामेमुन्सलकेमें मुन्दर्ज है॥

२—यहकि उसीतारीख़को माबैन मुद्दई और मुद्दआअलेहकेएक इक़रारनामाबदस्तख़त तरफ़ैनालिखागया जिसकी नक़ल मुन्सलिक है॥

३—यह कि बतारीख़—माह——सन्——मुद्दई ने मुबलिग़——मुद्दआअलेहको देनेकेलिये कहा और बइ-वज़ उसके इन्तक़ालनामे जायदाद मज़कूरका चाहा ॥

४—यहकि बतारीख़—माह—सन्——मुद्दईनेफिर तक़ाज़ा उसइन्तक़ालका किया (या यहकि मुद्दआअलेह ने मुद्दईके नाम उसका इन्तक़ाल करनेसे इन्कार किया)

५—यहकि मुद्दआअलेहने इन्तक़ालनामे मज़कूर में नहीं लिखा ॥

६—यहकि मुद्दईहनोज़ ज़रसमन जायदाद मज़कूर मुद्दआअलेहकोअदा करनेपर आमादा और राज़ीहै ॥

बिनाबरआंमुद्दईबमुरादउमूरमुफ़स्सिलैज़ैलदादख्वाहहै।

अव्वल—यहकि मुद्दआअलेह बनाम मुद्दई क़बाला मोतबर जायदाद मज़कूरका (मुताबिक़ शरायतमुंदर्जे इक़रारनामे मज़कूर) लिखदे ॥

दोम—मुबलिग़—बाबत हर्जा हनोज़ न लिखदेने क़बाला मज़कूरके दिलायेजायें ॥

नम्बर ११३ ॥

शराकत ॥

(उनवान)

(अलिफ़ बे) मुद्दई मज़कूर हस्बज़ैल अर्ज़ करता है ॥

१—मुद्दई औरमुद्दआअलेह(जीम दाल)मज़कूरअर-सा—सालसे (यामहीनेसे)बाहमबमुक़ाम—अंदरइलाक़े अख्तियारउसअदालतके बमूजिब चंदशरायत तहरीरी दरबाबशराकत दस्तख़ती तरफ़ैन(याबमूजिबएकदस्ता-वेज़ मोहरी और दस्तख़ती और तकमीलकरदातरफ़ैन

या बमूजिबइक़रारज़बानी तरफ़ैनयानेमुद्दई व मुद्दआ-
अ़लेह) कारोबार करते हैं ॥

२—दरबाब शराक़तकुछ तनाज़आत औरइख़्तिला-
फ़ात माबैन मुद्दई व मुद्दआअ़लेहपैदाहुयेजिनकेसबबसे
उसकारोबारकोइसतौरपरकितरफ़ैनको फ़ायदाहो जारी
रखना मुमकिन नहीं है ॥

३—मुद्दईचाहताहै कि शराकतमजकूरमौक़ूफ़हो और
मुद्दई अपने हिस्सेकेदयून और ज़िम्मेदारियोंको जो श-
राकतमेंबमूजिबशरायत(दस्तावेज़ या इक़रार)मज़कूरके
आयदहोतीहैंअपनेज़िम्मे लेनेकोआमादाऔरराज़ीहै॥

४—यहकि मुद्दई मुस्तदई है कि अदालत से डिकरी
फ़िस्ख़ शराकत मज़कूरकी सादिरहो और हिसाब कारो-
बार शराकत मज़कूरका तलब कियाजाय और ज़रहाय
याफ्तनी बाबत उसकेवसूल कियेजायें और हरफ़रीक़को
हुक्महो कि जोकुछ हिसाब बाबतशराकत मज़कूर उसके
ज़िम्मेनिकले वहअदालतमें दाख़िलकरे और दयून और
ज़िम्मेदारियां जो उसकी बाबतहैं वह मवद्दे और बेबाक़
कीजायें और शराकतकी जायदाद मेंसे ख़र्चा अदालत
अदाहो और अगर बाद उसमवद्दा और बेबाक़ करनेके
उसमेंसे कुछ बाक़ीरहे तो वह माबैन मुद्दई और मुद्दआ-
अ़लेह मुताबिक़मज़मून शरायत शराकत (या दस्तावेज़
याइक़रार)मज़कूरके तक़सीम कियाजाय याजिसहाल में
कि वहकुलजायदादकाफ़ी न पाईजाय तोमुद्दई और मुद्द-
आअ़लेह मज़कूरको हुक्महोकिजिसक़दर ज़र कि वास्ते
अदाय दयून और ज़िम्मेदारियों और ख़र्चे मज़कूर के

चाहिये वहउस हिसाबसे कि क़रीनइन्साफ़हो अदाकरें और जो और तरहकीदादरसीकि अदालतकीतजवीज़ में मुनासिबहो उसका हुक्म दियाजाय॥

यह अरज़ीदावा मारफ़त——साकिन——वकीलमुद्दई——केगुज़रानीगई या——ने गुज़रानी॥

[तंबीह——उन नालिशातमेंजोवास्ते तैकरनेहिसाबव किताबशराकतकेहों लफ्ज़ मौक़ूफ़ीशराकतका न लिखा जाय लेकिन बजाय उसके एक फ़िक़रा इसबयानसे दाख़िल कियाजाय कि शराक़त मौक़ूफ़ होगई है]

नम्बर ११४॥

बयानात मुख्तसिर के नमूने॥

(मजमूये जाबिते दीवानी दफ़ा ५८)

ज़रक़रज़ा	मुद्दईदावीदारहै——रुपयेकाबाबतरुपया क़रज़ा दियेहुये (और उसके सूदके)॥
चंदमुतालिबे जात	मुद्दईदावीदार है——रुपयेका यानी——क़ीमतमाल जो मुद्दआअलेहकेहाथफ़रोख्त किया और——रुपया जो उसको क़रज़दियाऔर——रुपयाबाबतसूदके॥
किराया या लगान	मुद्दई दावीदार है——रुपये का बाबत बाक़ी ज़र किराया या ज़र लगानके॥
तनख्वाह वग़ैरह	मुद्दई दावीदार है——रुपये का बाबत बक़ीये तनख्वाह ओहदेकाके(याजैसी सूरतहो)
सूद	मुद्दईदावीदारहै——रुपये काबाबत सूद——रुपयेके जो क़रज़ दियागया॥

औसतत्र्प्राम	मुद्दईदावीदारहै—रुपयेकाबाबत हिस्सै रसदी अज़रूय औसत आमके॥
महसूलबारबरदारीमाल।	मुद्दईदावीदारहै—रुपयेकाबाबत महसूल बारबरदारी माल और हर्जेके॥
बाक़ीपास महाजन	मुद्दईदावीदारहै—रुपयेकाजोमुद्दई ने पासमुद्दआअलेहकेबहैसियतमहाजन जमाकिया॥
मेहनताना वग़ैरह वकीलका	मुद्दईदावीदारहै—रुपयेकाबाबत मेहनताना वकालतमय रुपयेके जोमुद्दई ने अपनेपाससेसर्फ़किया बतौरवकीलके॥
कमीशन	मुद्दईदावीदारहै—रुपयेकाबाबतकमीशनके जो मुद्दईने बज़रियेनीलामकरने मालयादल्लालीदेनेयाकिसीऔरपेशेया ख़िदमतअख़्तियार करनेसे कमाया॥
इलाजडाक्टरी	मुद्दई दावीदारहै—रुपये का बाबत करने इलाज बहैसियत डाक्टर॥
वापिसी प्रीमेम	मुद्दईदावीदारहै—रुपयेका बाबत वापिसपाने प्रीमेमके जोपालसी याने तहरीरात बीमेके बाबत अदाहुआथा॥
गोदामका किराया	मुद्दई दावीदार है—रुपयाका गोदाम में मालरखनेकी बाबत॥
मालकाकिराया बारबरदारी	—मुद्दई दावीदारहै—रुपये का बाबत किराया लियेजाने मालकेरेलवेपर॥
इस्तैमालऔर दख़लमकान	मुद्दईदावीदारहै—रुपयेकेबाबतइस्तैमाल और सकूनत मकान॥

किरायामाल का	मुद्दई दावीदार है——रुपये का बाबत किराये असबाब आरारूतगीरख़ाने ॥
——लाख़िदमत	मुद्दई दावीदार है——रुपये का बाबत ख़िदमत पैमायश वग़ैरहके ॥
खाना और सकूनत	मुद्दईदावीदारहै——रुपयेकाबाबतखाने और सकूनतके ॥
परवरिश व तालीम	मुद्दईदावीदारहै—रुपयेकाबाबत(खाने और सकूनत)औरतालीमज़ैदके ॥
मुबलिग़वसूल	मुद्दई दावीदार है——रुपयेका जो मुह-कार याअहल्कारतहसीलमिन्जानिब मुद्दईके वसूल हुआ ॥
फ़ीसओहदा	मुद्दईदावीदारहै——रुपयेकाजोमुद्दआ-अलेहनेबहीलेओहदे——केबतौरफ़ीस वसूल किया ॥
रुपयाजोजिया-दा दियागया	मुद्दई दावीदार है——रुपयेकीवापिसी का जो बाबतमहसूलमालरवानाशुदह बालाय रेलवे के ज़ायद दियागया ॥
ऐज़न्	मुद्दईदावीदारहै——रुपयेकाकिमुद्दआ-अलेहने उसीक़दरफ़ीसज़ायदबहैसि-यत——के मुद्दई से की ॥
वापिसी ज़रमि-न्जानिबअमा-नतदार	मुद्दई दावीदार है——रुपये का बग़रज़ वापिसी उसरुपयेके जो मुद्दआअलेह के पास बतौर अमीन के जमा किया गयाथा ॥

रुपयाजोअमानतदारसे याफ्तनीहुआ	मुद्दई दावीदार है——रुपये का कि उसीक़दर रुपया मुद्दआअलेहको अमानतन् सुपुर्द कियागयाथा औरमुद्दई का याफ्तनी होगया ॥
रुपयाजोएजएट को सुपुर्द कियागया	मुद्दईदावीदार है——रुपयेकायाने मुद्दई उसरुपयाको वापिस चाहता है जोमुद्दआअलेहकोबतौरमुद्दईकेएजंटकेसुपुर्द हुआथा ॥
रुपयाजोफ़रेबसे हासिलहुआ	मुद्दई दावीदार है——रुपये का याने वह रुपया वापिस चाहताहै जोफ़रेबन् मुद्दई से हासिल कियागया ॥
रुपयाजोग़लती से दियागया	मुद्दईदावीदार है——रुपयेकायानेमुद्दई वह रुपया वापिस चाहता है जोग़लती से मुद्दआअलेह को दियगया ॥
रुपया जिसका मुआविज़ातलफ़होगया	मुद्दईदावीदार है——रुपये का याने वह रुपयावापिसचाहताहै जोमुद्दआअलेहकोवास्ते किसीकार माहूदा या किसी कार नातमाम के या वास्ते अदा करने किसीहुण्डी या बाबत किसीहुण्डी ग़ैर अदाशुदह (याकिसीऔरऐसेकामके) दियागया था ॥
ऐज़न्	ऐज़न्——रुपयेका याने बग़रज़वापिसी उसरुपयेकेजोबतौरबैआनाक़ीमत हिसिस किसी सरमाये के अमानतन् जमा किया गया हो ॥

रुपया जो बतौर मुद्दई दावीदारहै—रुपयेका जो मुद्दई
ज़ामिनमुद्दआअ-को मुद्दआअलेहकेएवज़बतौरज़ामिन
लेहकेदेनापड़ाके देनापड़ा॥
किरायायालगा-मुद्दईदावीदारहै—रुपयेका बाबत कि-
नजोदियागया शयाया लगानज़िम्मगीमुद्दआअलेहके
जो मुद्दईको देनापड़ा॥

रुपयाजोहुण्डी रिआयतीपर देनापड़ा	मुद्दई दावीदार है—रुपये का बाबत हुण्डीकेजिसकोमुद्दईनेसिर्फ़मुद्दआअलेह की ख़ातिरसेबिलापाने रुपये के सकारा (या पुश्तपर इबारत फ़रोख़्त लिखी)
हिस्सैरसदी ज़मानत	मुद्दई दावीदार है—रुपये का बाबत हिस्सैरसदी मिन्जुमला रुपयेके जो बहै-सियतज़ामिनमुद्दईको अदाकरनापड़ा॥
हिस्सैरसदी दैनइजमाली	मुद्दई दावीदार है—रुपये का बाबत हिस्सै रसदी मिन्जुमले दैन इजमाली ज़िम्मगी मुद्दईवमुद्दआअलेह जोमुद्दई को अदाकरनापड़ा॥
केदियागया	बरवक़ तलब ज़रहिसिस के अदाकिया और जिस रुपयेके फिर देनेकी ज़िम्मे-दारी मुद्दआअलेह पर है॥

रुपयाजोफ़ैसले मुद्दईदावीदारहै—रुपयेका जो फ़ैसले
सालिसी की रू सालिसी की रूसे वाजिबुत्तलबहै॥
सेवाजिबुत्तलबहै
रुपया जान मुद्दईदावीदारहै—रुपये का जो ज़ैद

बीमा का	मुतवफ़्फ़ाके जानबीमा की पालिसीके बाबत वाजिबुल्अदा है ॥
तमस्सुक	मुद्दईदावीदार है—रुपयेका जो बाबत तमस्सुक तादादी—रुपयाऔर उसके
तजवीज़मुम लिकतग़ैर हुण्डीवग़ैरह	दावीदारहै—रुपयेकाअज़रूयतज- वीज़मुसद्दिरैअदालतमुमालिकतरूसक मुद्दईदावीदार है—रुपयेकाअज़रूयरुक़्के नविश्तैमुद्दआअलेहके ॥
एज़न्	ऐज़न्—रुपयेकाअज़रूय हुण्डी जिस को मुद्दआअलेहनेलिखायासकारा (या पुश्तपर इबारत फ़रोख्त लिखी)
एज़न्	ऐज़न्—रुपयेकाअज़रूयप्रामेसरीनोट केजिसकोमुद्दआअलेहनेलिखायावेचा॥ ।बनाम ज़ैद सकारने लिखनेवा- लेया फ़रोख्त करनेवाले हुण्डी के ॥
ज़ामिन्	मुद्दई दावीदारहै—रुपयेका बनाम मुद्द- आअलेह ज़ामिन्केबाबत क़ीमतमाल फ़रोख्त शुदहके ॥
ऐज़न्	मुद्दई दावीदारहै—रुपयेका बनाम मुद्दआअलेहअसलगिरिन्दाक़रज़ाओ- रवकर मुद्दआ तमालफ़रोख्तशुदह (याबाबतबाक़ीज़र किरायारवाहलगानयाबाबतरुपयेकेजो

	क़रज़ दियागया या बाबत ऐसे रुपयेके जो ज़ैद मुद्दआअलेहनेबतौर मुसाफ़िर मिन्जानिबमुद्दईकेयाबाबत किसी और शैकेवसूल किया)
तलबीज़र हिस्सा	मुद्दई दावीदार है——रुपये का बाबत ज़रहिसिसके जो लायक़ तलबीके हैं ॥

इबारत ज़ोहरी मुतअल्लिक़ै ख़र्चा वग़ैरह ॥

(नमूनैहाय मुंदर्जै बाला में यह इबारत ज़ियादहकी जायेगी) और मुबलिग़——बाबतख़र्चा और अगरतादाद मुतदाविया मुद्दई या उसकेवकीलको इससम्मनके इजराकी तारीख़से अन्दर——योमके (याअगर सम्मन कीअदालतके इलाक़ेसे बाहर तामील होनेवाली होतो वहमीआद लिखीजायजो हाज़िरीकेलियेअज़रूयहुक्म केमुक़र्रर कीजाय)अदाकीजाय तो मुक़द्दमेकी काररवाई मज़ीद मौक़ूफ़ की जायेगी ॥

दावा ख़िसारावग़ैरह ॥

एजण्टवग़ैरह	मुद्दई दावीदारहै——ज़रख़िसारैका कि मुद्दआअलेहनेख़िलाफ़ वायदा अपनेके मुद्दईको मुसाफ़िरतपर मामूर न किया ॥
	मुद्दई दावीदार है——ज़रख़िसारैका कि मुद्दआअ　　मुद्दईको कार मुसाफ़िरत से बेजा मौक़ूफ़किया मैदावे——रुपया बाबत बक़ायाय तनख़्वाह के ॥
एजण्ट वग़ैरह	मुद्दई दावीदार है——ज़रख़िसारैका कि

	मुद्दआअलेहने बतौर नाजायज़मुद्दई के काममुन्सरमीको तरक किया ॥
ऐज़न्	मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसाराका कि मुद्दआअलेह ने बतौर गुमाश्ता(या जो सूरतहो)मुद्दई के अपने मन्सब के ख़िलाफ़अमलकियामैंदावेरुपयेजोमुद्दआअलेहने बतौर गुमाश्तेकेवसूल किया॥
शागिर्द्	मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारे का बवजह खिलाफ़वर्ज़ीशरायतवसीक़ैशागिर्दीकेजोज़ैदने मुद्दआअलेह ख्वाहमुद्दई को लिखदिया ॥
सालिसी	मुद्दईदावीदार है—ज़रखिसारैकाबवजह इसके किमुद्दआअलेहने ज़ैदके फ़ैसले सालिसी की तामील न की ॥
हमलावग़ैरह	मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारैकाबइवजहमलेऔर बेजाक़ैदरखनेऔरअदावतसे माख़ूज कराने के ॥
अज़तरफ़शौहर व ज़ौजा	मुद्दई दावीदारहै—ज़रखिसारैका बवजह इसकेकिमुद्दआअलेहने (जीम दाल)मुद्दईपरहमलाकियाऔरबेजाक़ैदरक्खा ॥
बनाम शौहर व ज़ौजा	मुद्दईदावीदारहै——ज़रख़िसारैकाबवजह इसकेकि (जीमदाल)मुद्दआअलेह ने हमला किया ॥
वकील	मुद्दई दावीदारहै—ज़रख़िसारैका बइवज़ उसनुक्सानकेजोग़फ़लतसेमुद्दआ-

अलेह की जो मुद्दई का वकील था मुद्दई के आयद हाल हुआ ॥

सुपुर्दगी — मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारे का जो बायस ग़फलत मुद्दआअलेह व सुपुर्दगी माल मुद्दई (और बेजा रोकरखने माल मज़कूर के) मुद्दई के आयद हाल हुआ ॥

गिरो — मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारे का जो बायस ग़फ़लत मुद्दआअलेह रख़बरगीरी माल गिरोशुदह (और बायस बेजा रोक रखने माल मज़कूर के) वाक़ै हुआ ॥

मालकिराया — मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारे का जो बायस ग़फ़लत मुद्दआअलेह बीच हिफ़ाज़त असबाब ख़ाने (या गाड़ी वग़ैरह) जो उसको किराये पर दिया गया था और बेजा रोक रखने असबाब मज़कूर के वाक़ै हुआ ॥

महाजन — मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारे का बवजह इसके कि मुद्दआअलेह ने बिलावजह जायज़ मुद्दई के रुक्के का रुपया न दिया (या देने से इन्कार किया)

हुंडी — मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारे का बवजह इसके कि मुद्दआअलेह ने बराह बदअहदी मुद्दई के हुंडियों को नहीं सकारा

इक़रारनामा — मुद्दई दावीदार है—इक़रारनामे की रूसे जिसमें मुद्दआअलेह ने यह शर्त्त लिखी कि हम पेशा फलां न करेंगे ॥

	मुद्दईदावीदारहै—ज़रखि़ मुद्दआअलेहने मालमुद्दई को बसबील रेलवे लेजानेसे इन्कारकिया ॥
	मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारे का बवजह इसके किमुद्दआअलेहनेमुद्दई कोरेलवेपरसवारकरानेसेइन्कारकिया।
ऐज़न्	मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारेकाइस वजहसेकिमुद्दआअलेहनेकोयलारेल-वे पररखकरलेजानेऔर उसके हवाले करनेमें बदअहदी की ॥
ऐज़न्	दावीदार है—ज़रख़िसारे का इसवजहसे किमुद्दआअलेह ने आला तकलकेजहाज़पर लेजाने और उसके हवाले करनेमें बदअहदी की ॥
अहदनामा	मुद्दई दावीदार है—ज़रख़िसारे का बाबतख़िलाफ़वरज़ीअहदनामे किराये जहाज़ मौसूमा मेरे के ॥
नालिशवापिसी माल मैंख़िसारा	मुद्दईदावीदार है—वास्तेवापिस पाने असबाब आरास्तगी ख़ाने(या दीगर अशियायइसक़िस्मके)याक़ीमतउसके मैंख़िसारेमुबलिग़—बइवज़रोकरखने असबाब मज़कूर के ॥
नालिशख़िसारा बवजह लेलेने माल मुद्दई के	मुद्दईदावीदारहै—किमुद्दआअलेह ने बिला वजह जायज़ मुद्दईका मालऔर असबाबख़ानावग़ैरहमुद्दईसेलेलिया ॥

:रमतबहा	मुद्दई दावीदार है ——— रख़िसारे का बएवज़ तहरीर तोहमत आमेज़ के ॥
ऐज़न्	मुद्दई दावीदार है——ज़र ख़िसारेका बएवज़ कलमात तहक़ुक आमेज़ के ॥
क़ुर्क़ीबेजा	मुद्दई दावीदार है ज़रख़िसारे का बए-वज़ क़ुर्क़ीबेजा के ॥

यह नमूना काफ़ीहै आम इससे कि क़ुर्क़ी जिसकी शिकायत हुईहै बेजा या हद्दसे ज़ियादह या ख़िलाफ़ज़ा-बिता अमलमें आईहो ॥

वेदख़ली	मुद्दई का यह दावा है कि ऊपर मकान नम्बर——सड़क——या ऊपरइलाक़े मौसूमे ब्लेकएगर वाक़ै——मौज़े——पर-गने——ज़िले के दख़ल पाये ॥
वास्तेसुबूतहक़ और पाने ज़र लगान और किराये के	मुद्दईका यह दावा है कि अपना हक़नि-स्वत (यहांजायदादकी तफ़सीललिखी जायेगी) केसाबितकरे और उसकाकि-राया या लगान दिलापाये ॥

जायज़है कि दोनों नमूनेजात मुन्दर्जे सदर एकदूसरे में शामिल कियेजायें ॥

शिकारगाह माही	मुद्दई दावीदार है——ज़र ख़िसारेका इसवजहसे कि मुद्दआअलेहने मुद्दई के हक़ शिकारमाही पर दस्तन्दाज़ी की ॥
फ़रेब	मुद्दईदावीदारहै——ज़रख़िसारेकाइस वजहसे कि बरवक़्त फ़रोख़्त एकघोड़े के या (कारोबार हिसिस वग़ैरह) मुद्दआ-

अलेहने फ़रेबन् एक बयान ग़लत किया॥

ऐज़न् — मुद्दई दावीदार है—ज़र ख़िसारे का इस वजह से कि मुद्दआअलेह ने ज़ैद के एतबार को फ़रेबन् ग़लत ज़ाहिर किया॥

क़ालत — मुद्दई दावीदार है—ज़र ख़िसारे का इस वजह से कि मुद्दआअलेह ने जो ज़ैद का कफ़ील था मुआहिदे किफ़ालत से ख़िलाफ़वरज़ी की॥

ऐज़न् — मुद्दई दावीदार है—ज़र ख़िसारे का इस वजह से कि मुद्दआअलेह ने उस इक़रार से ख़िलाफ़वरज़ी की जो बहैसियत एजंट मुद्दआअलेह बमुराद क़ुर्क़ी मुद्दई को बरीउज़्ज़िम्मा करदेने के वास्ते किया था॥

बीमा — मुद्दई दावीदार है—उस नुक़सान का जो बमूजिब पालिसी बीमा मुतअल्लिक़े जहाज़ रायल चारटर के वाजिबुलवसूल है मय किराये माल महमूला के (या वास्ते वापिसी ज़र प्रीमेम के)॥

[तन्बीह—ऊपर का नमूना काफ़ी होगा आम इससे कि नुक़सान जिसका दावा है कुल्ली या जुज़वी]

आतशज़दगी — मुद्दई दावीदार है—उस नुक़सान का जो बमूजिब पालिसी बीमा आतशज़दगी मुतअल्लिक़े मकान और असबाब के वाजिबुलअदा है॥

मुद्दई दावीदार है—ज़र ख़िसारे का कि

मुद्दआअलेहने एकमकानकेबीमें आतशज़दगीका क़ौल व क़रारकरके उसके ख़िलाफ़ अमल किया ॥

ज़मींदार व असामी — मुद्दई दावीदार है——ज़र ख़िसारे का इसवजहसे कि मुद्दआअलेहके मकानकी मरम्मतकरतेरहनेकाक़ौल व क़रार करके उसके ख़िलाफ़ अमल किया ॥

ऐज़न् — मुद्दई दावीदार है——ज़र ख़िसारे का बाबत ख़िलाफ़वरज़ी चंदशरायतकेजो मुस्ताजिरी के पट्टेमें मुन्दर्ज हुईथीं ॥

डाक्टर — मुद्दईदावीदारहै—ज़रख़िसारेका बाबत ज़ररजिस्मकेजोमुद्दआअलेह शख़्सडाक्टरीपेशाकीग़फ़लतसेमुद्दईकोपहुँचा ॥

जानवरज़ररसां — मुद्दईदावीदार है——ज़रख़िसारेका बएवज़उसज़ररकेजोमुद्दआअलेहकेकुत्तेने पहुँचाया ॥

ग़फ़लत — मुद्दई दावीदारहै——ज़रख़िसारेका बएवज़ उस नुक़सानकेजोमुद्दआअलेह या उसके मुलाज़िमानके बग़फ़लतसवारी हांकने से मुद्दईको पहुँचा ॥

ऐज़न् — मुद्दईदावीदारहै——ज़रख़िसारेका बएवज़ उसनुक़सान के जो बहालतसवाररहने मुद्दई के ऊपररेलके मुद्दआअलेहके मुलाज़िमोंकी ग़फ़लतसे मुद्दईकोपहुँचा ॥

ग़फ़लत — मुद्दई दावीदारहै ज़र ख़िसारैकाबएवज़ उसनुक़्सानके जोबायसनाक़िसहालत इस्टेशनरेलके मुद्दईको इस्टेशनमज़कूर पर पहुँचा ॥

ऐक्ट १३ सन् १८५५ ई० — मुद्दईदावीदार है बहैसियत होने वसी मुसम्मा (अलिफ़ बे)मुतवफ़्फ़ाकेबदावा हुसूल ख़िसारा एवज़हिलाकत(अलिफ़ बे)मज़कूरके जो बहालत सवार रहनेब-तौर मुसाफ़िरऊपररेलवे मुद्दआअलेहके बायसग़फ़लतमुलाज़िमानमुद्दआअलेह के मज़रूबहोकर मरगया ॥

वायदैइज़-दवाज — मुद्दई दावीदार है जरख़िसारै का इस वजहसे कि मुद्दआअलेह वायदाइज़द वाजका करके मुन्हरिफ़होगया ॥

फ़रोख्तमाल — मुद्दई दावीदारहै ज़रख़िसारै का इस वजहसे कि मुद्दआअलेह माललेनेऔर उसकीक़ीमतदेनेका इक़रारकरके उससे मुन्हरिफ़ होगया ॥

ऐज़न् — मुद्दई दावीदार है ज़रख़िसारै का इस वजहसे कि मुद्दआअलेहनेबमूजिबइक़-रारकेमाल रुई(याकोई औरशै) हवाले नहीं किया याकमहवालेकिया या नाक़ि-सक़िस्मका मालदिया (याऔरतरह पर इक़रारफ़रोख्तके ख़िलाफ़अमलकिया)

ऐज़न् — मुद्दई दावीदार है ज़रख़िसारै का इस

वजहसे कि मुद्दआअलेह घोड़ेकी जिन ख़ूबियों की बाबत कफ़ील हुआथा वह ख़िलाफ़ निकलीं ॥

फ़रोख्त अराज़ी- मुद्दई दावीदार है ज़रख़िसारैका बवजह इसके कि मुद्दआअलेह अराज़ी बेचने या मोललेनेका इक़रारकरकेउससेमुन्हरिफ़ होगया ॥

ऐज़न् मुद्दई दावीदारहै ज़रख़िसारैका बवजह इसके किमुद्दआअलेहएकमकान किराये पर लेने या किराये पर देनेका इक़रार करके उससे मुन्हरिफ़ होगया ॥

ऐज़न् मुद्दईदावीदारहै ज़रख़िसारैका ब वजह इसके कि मुद्दआअलेहनेपट्टाया सरख़त एकमकानजलसैआमकामैगुडविल (यानेनेकनामी)और चौखट किवाड़ वग़ैरह और सामानतिजारतअन्दरमकानमज़कूरके बेचने या मोललेनेका इक़रारकरके उससे इन्हिराफ़ किया ॥

ऐज़न् मुद्दई दावीदारहैज़रख़िसारैका बवजह इसके कि अराज़ी के बैनामेमें जो शर्त्त बाबत मज़बूती इस्तहक़ाक़ मिल्कियत या बाबत दख़ल बिला मज़ाहिमत या और किसी अम्रकीशर्त्तमुन्दर्जहैमुद्दआअलेहने उससे ख़िलाफ़वरज़ीकी ॥

मदाख़िलत मुद्दई दावीदारहै ज़रख़िसारैका इसवज-

बेजा दर अराज़ी — हसे कि मुद्दआअलेहनेबिलावजहजायज़ मुद्दईकी अराज़ीपर दख़्लकिया और मुद्दईके कुवेंसे पानीलिया (या मुद्दई की घासकाटी या उसके दरख़्त और बाड़ा को गिरादिया या फाटक निकाललिया या मुद्दईके रास्ते या पगडंडीको अपने इस्तेमालमेंलाया या मुद्दईके खेतपर से गुज़रा या वहां बालू डालदी या वहांसे कंकड़उठवादिये या उसकीनदीसे पत्थर निकाल लेगया)

पुश्ता — मुद्दईदावीदारहैज़ररख़िसारैका इसवजहसे कि मुद्दआअलेहने बिलावजह जायज़ मुद्दईकी ज़मीन या मकान यामअदनके पुश्तेको दूर करदिया ॥

राह — मुद्दईदावीदारहैज़ररख़िसारैका इसवजहसे कि किसीराह (शारैआम या राहख़ानगी)में बतौर बेजा मज़ाहिमतकीगई ॥

मुजराय आब वग़ैरह — मुद्दई दावीदारहै ज़ररख़िसारैका इसवजहसे कि कोई मुजरायआब बतौर बेजा किसी और तरफ़ जारी करदिया गया (या उसकेइजरायमेंहर्जहुआ या उसका पानी गन्दाकर दियागया या पानी दूसरी तरफ़रवां करादिया गया ॥

ऐज़न — मुद्दई दावीदारहै ज़ररख़िसारैका बवजह कि बतरीक़ बेजा बाहरका पानी

मुद्दईकी अराज़ीपर या मुद्दईकी मअ़्दन में जारीकरदियागया ॥

ऐज़न् — मुद्दई दावीदारहै ज़रख़िसारैका इस वजहसेकि उसवक़्त जबकि मुद्दईकुवेंसेपानीलेताहैबतरीक़बेजाहर्जडालाजाताहै॥

चरागाह — मुद्दईदावीदारहैज़रख़िसारैका इसवजहसेकिमुद्दईके मवेशीचरानेकेइस्तहक़ाक़ मेंबतरीक़बेजारख़लल डालाजाता है ॥

[तन्बीह—ऊपरका नमूना काफ़ी है आम इससे कि मवेशी चरानेकेहुक़ूक़ किसी क़िस्मकेहों ॥

रोशनी — मुद्दई दावीदार है ज़रख़िसारै का इस वजह से कि मुद्दई के मकान के अन्दर रोशनी आनेमें हर्ज डालाजाता है ॥

पेटंट — मुद्दई दावीदार है ज़रख़िसारै का इस वजहसे कि मुद्दईकेपेटंट याने सनद्के ख़िलाफ़ अमलकिया जाताहै ॥

हक़मुसन्नफ़ी — मुद्दई दावीदारहै ज़रख़िसारैका बवजह इसके कि मुद्दईके हक़मुसन्नफ़ीमेंख़लल अंदाज़ी की जाती है ॥

निशानतिजारती — मुद्दई दावीदार है ज़रख़िसारै का इस वजहसेकि बतरीक़बेजा मुद्दईके निशान तिजारतीकाइस्तैमाल सकी नक़ल उतारीगई ॥

तामीर — मुद्दई दावीदार है ज़र ख़िसारै का इस वजहसेकि एकजहाज़ बनानेया मकान

की मरम्मत करने के क़ौल व क़रार में बदअ़हदी की गई ॥

ऐज़न् — मुद्दईदावीदार है ज़रख़िसारे का इस वजहसेकिमुद्दईके हाथसेजहाज़बनवाने या औरकामकरानेकेइक़रारमें ख़िलाफ़वरज़ी की गई ॥

शैतकलीफ़देह — मुद्दईदावीदारहैइसनुक़सानका जो मुद्दआ़अ़लेहकेकारख़ानेसेबुख़ारातफ़ासिद केपैदाहोनेसे मुद्दईके मकान और दरख़्तोंऔरफ़सलग़ल्लावग़ैरहकोपहुंचा॥

ऐज़न् — मुद्दईदावीदार है ज़रख़िसारेका बएवज़ उसतकलीफ़केजो मुद्दआ़अ़लेहके कारख़ानेकी आवाज़से या अस्तबल वग़ैरह से मुद्दई को पहुंचा ॥

हुक्मइम्तनाई — (इबारत ज़ोहरीमें यह लफ़्ज़ ज़ियादह कियेजायेंगे)औरवास्तेहुक्मइम्तनाईके॥

वासिलात — [तम्बीह—जब दावा वास्ते हुसूल अराज़ी या असबात हक़ मिल्कियत या दोनों अम्रकेहों तो इबारतज़ोहरीमें यह अल्फ़ाज़ शामिल किये जायेंगे—और वास्ते वासिलात के]

बक़ायाज़रल- और वास्तेसमझनेहिसाबलगान (किगानयाकिराया राया) या बक़ायाय ज़रलगान (किराये अहद शिकनी के) और बाबत ख़िलाफ़वरज़ी अहद (करने मरम्मतके) ॥

१—दावा क़रज़ख्वाह वास्ते कराने
इन्तिज़ाम तरका के ॥

मुद्दई बहैसियत होने क़रज़ख्वाह(अलिफ़ बे)मुतवफ्फ़ाके इसबातका दावीदारहैकि(अलिफ़ बे)मज़कूरकी जायदाद मन्क़ूला और ग़ैरमन्क़ूलाका इन्तिज़ाम किया जाये और (जीम दाल)मुद्दआअलेहपर बवजह होनेमोहतमिम तरका(अलिफ़ बे)मज़कूर के[और (हे वाव) और(ज़े हे)मुद्दआअलेहमापर बहैसियतहोने वारिसान बशिरकत(जीम दाल)मुद्दआअलेहकेनालिश कीगई]॥

२—दावा मूसालहुम् वास्ते कराने
इन्तिज़ाम तरका के ॥

मुद्दई दावीदारहै बहैसियत मूसालहू बमूजिब वसीयतनामा मवर्रुख़े——माह——सन् १८——ई० नविश्ता(अलिफ़ बे)मुतवफ्फ़ा वास्ते कराने इन्तिज़ाम जायदाद मन्क़ूला और ग़ैरमन्क़ूला मिल्कियत(अलिफ़ बे) मज़कूर और(जीम दाल)मुद्दआअलेह पर नालिश इस वजहसे हुईहै कि वह (अलिफ़ बे) का वसीहै और (हे वाव)और (ज़े हे) बतौरमूसालहुम्के मुद्दआअलेहकिये गयेहैं ॥

३—शराकत ॥

मुद्दई दावीदारहै कि हिसाबदादवस्तुद शराकतीमुद्दई और मुद्दआअलेहका जोबमूजिब शराकतनामामवर्रुख़े तारीख़——माह——सन् १८——ई०के चलीआतीहै मुरत्तिब कियाजाये और कारोबार शराकत का बन्दहोकर उसका तस्फ़िया कियाजाये ॥

४—नालिश मुरतहन ॥

मुद्दई दावीदार है कि हिसाब असल ज़र रहन और

सूद और ख़र्चा याफ़्तनी मुद्दईका बर बिनाय रहननामा मवर्रुख़ै—माह—सन् १८—ई० जो माबैन (फ़रीक़ैन) लिखागया (या बरबिनाय मुआमलै रहनके जो बज़रियेअमानतन् सुपुर्दकरनेअसनाद मिल्कियत बदस्त मुरतहनके होताहै) मुरत्तब कियाजाये और शर्त्त रहन तामील बज़रियेबैबातयाफ़रोख़्तजायदादमरहूनाकेहो ॥

५—नालिश राहिन ॥

मुद्दई दावीदारहै कि हिसाबकीरूसे दरियाफ़्त किया जाये कि बाबतमुआमिलै रहनमरक़ूमैतारीख़—माह—सन् १८—ई० मुनअक़िदै औरमक़बूलै फ़रीक़ैनकेकिस क़दररुपयामुद्दईकेज़िम्मेबाक़ीहै औरजायदादमुफ़स्सिलै रहननामेका इन्फ़िकाक रहनहो ॥

६—तक़र्रुर मदद मुआश ॥

मुद्दई दावीदारहै किमुबलिग़—जो अज़रूयवसीक़ै तमलीक मवर्रुख़ै—माह—सन् १८—ई० वास्ते मदद मुआश अतफ़ाल कमसिन मुसम्मा—के मुक़र्रर कियागयाथा तरके से अलाहिदा कियाजाये ॥

७—तामील उमूर अमानत ॥

मुद्दई दावीदारहैकि तामील अमानतहायमुन्दर्जैउस इक़रारनामे की जो माबैन(फ़रीक़ैन) और—बतारीख़—माह—सन् १८—ई० लिखागया है की जाये ॥

८—तन्सीख़ या तरमीम ॥

मुद्दई दावीदार है कि वसीक़ा मवर्रुख़ै—माह सन्—जो माबैन(फ़रीक़ैन) और—के तहरीर पाया मन्सूख या तरमीम कियाजाये ॥

९--तामील ख़ास ॥

मुद्दई दावीदार है कि इक़रारनामा मवर्रुख़े---माह ---सन्---की तामील ख़ास कराईजाये जिसमें मुद्दई नेफ़लांफ़लांजायदाद बिलालगानीबक़ीमत---मुद्दआ-अलेहके हाथ बै करनेका वायदाकियाहै ॥

नम्बर ११५ ॥

प्रोबेट ॥

१--नालिश मिन्जानिब वसी या मूसालहू वास्तेसाबित कराने वसीयतनामे के हस्ब ज़ाबिता ॥

मुद्दईको यहदावाहै कि वह वसीजायज़ उस वसीयतनामे अख़ीर का है जो बतारीख़---माह---सन्---तरफ़ से (अलिफ बे) मुतवफ़्फ़ा साकिन मुक़ाम---तहरीर पाया है कि वह तारीख़---माह---सन्---को फ़ौत होगया और यहकि वसीयतनामा मज़कूर साबित कियाजाये पस यह सम्मन तुम्हारेनाम इसवजहसे सादिर कियाजाताहैकि तुम मुतवफ़्फ़ा मज़कूरके रिश्तेदार क़रीबतर हो (या जैसी सूरत हो) ॥

२--नालिशमिन्जानिबवसी या मूसालहू किसी वसीयतनामे साबिक़ नविश्ता शख़्स मुतवफ़्फ़ाके या मिन्जानिब उसके किसी रिश्तेदार क़रीबतर के बदावा मंसूख़ कराने किसीप्रोबेटके जोहस्ब इबारत मामूलीअदालत से हासिल हुआ हो ॥

मुद्दईको यह दावा है कि मुद्दई वसी यतनामे अख़ीरका है जो(अलिफ़ बे)मुतवफ़्फ़ा साकिन मुक़ाम---ने बतारीख़---माह---

करके तारीख़—माह—सन्—को वफ़ातपाई और यहकिप्रोबेट एकवसीयतनामे लिबासीकामवर्रुख़े—माह—सन्—जो लिखाहुआ मुतवफ़्फ़ा मज़कूर का ज़ाहिरहुआहै मंसूख़ कियाजाये पस यहसम्मनतुम्हारेनाम इसवजहसे सादिर कियाजाताहै कि तुम उसवसीयतनामे लिबासीके वसीक़रार पायेहो (याजैसी सूरत हो)॥

३—नालिश मिन्जानिब वसी यामूसालहू किसीवसीयतनामेके जबकि चिट्ठियात एहतमाम तरका इसतरह दीगईहों जिसतरह दरख्वास्त बिलावसीयत मरजानेके दीजातीहैं॥

मुद्दई को यहदावाहै कि मुद्दई वसीजायज़ वसीयतनामे आख़ीरमवर्रुख़े—माह—सन्—नविश्तह (अलिफ़ बे)मुतवफ़्फ़ा साकिनमुक़ाम—का है जोतारीख़—माह—सन्—को फ़ौतहोगया और यह कि चिट्ठियात एहतमाम तरका जोवास्तेकरने एहतमाममतरूकामुतवफ़्फ़ा मज़कूरके तुमको अताहुईहैं मन्सूख़कीजायें और यहकिवसीयतनामेमज़कूरकाप्रोबेटमुद्दईकोइनायतहो॥

४—नालिश मिन्जानिबऐसेशख्सकेजो बरबिनायहोने रिश्तेदारक़रीबतरशख्समुतवफ़्फ़ाकेदावीदारचिट्ठियात एहतमाम तरकामुतवफ़्फ़ाकाहो इल्ला जिसके रिश्तेदार क़रीबतर होनेसे मुद्दआअलेह को इन्कार हो॥

मुद्दईको यहदावाहै कि मुद्दईभाई हक़ीक़ी और तनहा रिश्तेदार क़रीबतर(अलिफ़बे)मुतवफ़्फ़ा साकिनमुक़ाम—का है जो तारीख़—माह—सन्—को बिला वसीयत के फ़ौतहो गया और यह कि मुद्दई को अलि-

हाज़ हैसियतमज़कूरके चिट्ठियातएहतमाम तरका वग़ै-
रज़ एहतमामजायदाद मन्कूलाश्रज़ांमुतवफ्फ़ाबिलाव-
सीयत मज़कूरकेमरहमतहों पसयह हुक्मनामा तुम्हारे
नाम इसवजहसे सादिर कियाजाता है कि तुमने उज्र
कियाहै श्रौर अपनेतईं तनहा रिश्तेदार क़रीबतरमुतव-
फ्फ़ाका ज़ाहिर कियाहै (या जैसी सूरत हो)॥

(वाव)—मुतफ़र्रिक़ात ॥

नम्बर ११६ ॥

दफ़ा ५८ मजमूये ज़ाबितै दीवानी ॥

श्रदालत——ज़िला——बइजलास——मुक़ाम
रजिस्टरमुक़द्दमात दीवानी बाबत सन् १८—ई० ॥

तारीख़ अदख़ाल अर्ज़ीदावा	
नम्बर मुक़द्दमा	
नाम	मुद्दई
पता निशान	
मुक़ाम सकूनत	
नाम	मुद्दआअलैह
पता निशान	
मुक़ाम सकूनत	
कैफ़ियत मुतअल्लिक़े दावा	दावा
मिक़दार दावा या क़ीमत	
तारीख़ बिनाय दावा	
तारीख़ मुक़र्ररह अहज़ार मुतख़ासमीन	अहज़ार
मुद्दई	
मुद्दआअलेह	
तारीख़	फ़ैसला
किसके हक़में सादिर हुआ	
बाबत किस शै या किसक़दर रुपये के	
तारीख़ अपील	अपील
फ़ैसले अपील	
तारीख़ दरख़्वास्त	इजराय डिकरी
तारीख़ हुकम	
किस अशख़ास पर डिकरी जारी करानी मंज़ूर है	
किसशैकी बाबतयाज़रनक़दहो तो किस क़दररुपयेकीबाबत	
मिक़दार ख़र्चा	
रुपया जो अदालतमें दाख़िल हुआ	कैफ़ियत तामील इजराय डिकरी
गिरफ़्तारी	
ज़िक्र दीगर कैफ़ियातकाबजुज़ अदायज़र यागिरफ़्तारी और तारीख़ हर कैफ़ियत की	

नम्बर ११७॥

सम्मन बग़रज़ इन्फ़िसाल मुक़द्दमा ॥
दफ़आत ६४ व ६८ मजमूये ज़ाबितै दीवानी ॥

(उनवान)

बनाम- -साकिन-

वाज़ै होकि———ने तुम्हारे नाम एक नालिश बाबत———के दायर की है लिहाज़ा तुम को हुक्म होताहै कि तुम बतारीख़———वक़्त——— माह———सन———क़बल दोपहर———घंटे पर असालतन् या मारफ़त वकील अदालत मजाज़ हस्ब ज़ाबिते के जो मुक़द्दमे के हालसे करार वाक़ई वाक़िफ़ किया गयाहो और जो कुल उमूर अहम मुतअल्लिके मुक़द्दमे का जवाब देसके या जिसके साथ कोई और शख़्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का देसके हाज़िर हो और जवाब दिही दावे मुद्दई मज़कूर की करो और हरगाह वही तारीख़ जो तुम्हारे अहज़ार के लिये मुक़र्रर है वास्ते इन्फ़िसाल कतई मुक़द्दमेके तजवीज़ हुई है पस तुमको लाज़िम है कि उसी रोज़ अपने जुमले गवाहों को हाज़िरकरो और तुमको इत्तिलाअ दीजाती है कि अगर बरोज़मज़कूर तुम हाज़िर न होगे तो मुक़द्दमा बग़ैर हाज़िरी तुम्हारी मसमू और फ़ैसल होगा ॥

इत्तिलाअ १—अगर तुमको यह हो कि तुम्हारे गवाह अपनी मरज़ी से हाज़िर न होंगे तो तुम अदालत हाज़ा से सम्मनबईमुराद जारीकरासक्ते हो कि जो गवाह न हाज़िरहो वह जबरन हाज़िर करायाजाये और जिसदस्तावेज़ को किसी गवाह से पेशकराने का तुम इस्तहक़ाक रखतेहु उ । पेश कर जाये बशर्ते कि तुम तजवीज़ से पहले ही वक़्त उसके ते ख़ुराक जो हरीहो अदालत में दाख़िल करके इस अ की दरख़्वास्त गुज़रानो ।

२—अगर तुम मतालिबा मुद्दई को तसलीम करते हो तो तुम ाज़िमहै कि रुपया मय ख़र्चा नालिश अ — में द लकरो ताकि सरसरी इज डिकरी का जो तुम्हारे जात य र या दरसूरत दोनोंपर हो न इ

और तुमको चाहिये कि अपने साथ—को जिसका मुआयना मुद्दई चाहताहै और किसी दस्तावेज़ को जिसपर तुम बताईद अपनी जवाबदिही के इस्तदलाल करना चाहते

हो अपनेसाथ लाओ या मारफ़तअपनेवकीलकेभेजदो॥
यह सब्तदस्तख़त और मोहरअदालत के आजता-
रीख़—माह——सन्——को जारी कियागया ॥

(दस्तख़तजज)
(तम्बीह)—अगर बयानाततहरीरीकी ज़रूरतहो तो
लिखनाचाहिये कि तुमको (याफ़लांफ़रीक़कोयानी जैसी
कि सूरतहो)हुक्म दियाजाताहै कि बयान तहरीरी ता-
रीख़——माह——सन्——तकगुज़रानो)॥

नम्बर ११८ ॥

सम्मन बग़रज़ क़रारदाद उमूर तन्क़ीहतलब
दफ़आत ६४ व ५८ मजमूये ज़ाबितैदीवानी॥
(उनवान)

बनाम- -साकिन --

वाज़ेहोकि---------- ने तुम्हारेनाम एक ना

लिश बाबत--------- -के दायरकी है लिहाज़ा

तुमको हुक्म होता है, कि तुम बतारीख़

वक़्त-----माह-----सन-----क़ब्ल दो पहर

८टेपर असालतन् यामारफ़त वकील अदालत मजा

ज़ इस्तज़ाबिते के जो मुकद्दमेकेहाल से क़रारवाक़ई

वाक़िफ़ कियागयाहो और कुल उमूरात अहम मुत

अल्लिके मुक़द्दमेका जवाब देसके या जिसके साथ

कोई और शख़्सहो कि जवाब ऐसे सवालात का

देसके हाज़िर हो और जवाबदिही दावा मुद्दई मज़

कूरको करो और तुमको इत्तिलाअ दीजातीहै कि

अगर बरोज़ मज़कूर तुमहाज़िर न होगे तो उमूरतन्

क़ीहतलबतुम्हारी ग़ैरहाज़िरीमें करार दिये जायँगे

और तुमको चाहिये कि अपने साथ-----कोजिसका

मुआयिना मुद्दई चाहताहै और किसी दस्तावेज़ को

जिसपर तुम बताईद अपनी जवाबदिही के इस्तद

लाल करना चाहते हो अपने सायलाओ या मार

फ़त अपने वकीलके भेजदो ॥

इत्ति ला १--अगर तुमको यहअंदेशाहो कि तुम्हारे गवाह अपनी मरज़ी सेहाज़िर न होंगे तो तुम अदालतकीइजाज़तसे सम्मन बईमुराद जारी करासक्तेहो कि जो गवाह न हाज़िरहो वह जबरन् हाज़िरकरायाजाय और जिसदस्तावेज़ को किसी गवाहसे पेशकरानेका तुम इस्तेहक़ाक़ रखतेहो वह उससेपेश करा ईजाय बशर्तेकि तुम तजवीज़से पहले किसीवक़्त उसके वास्ते ज़रूरीखर्च जो ज़रूरीहो अदालतमें दाख़िल करके इस अमरकी दरख़्वास्त गुज़रानो ।

२--अगर तुमतालिबा मुद्दईको तसलीम करतेहो तो तुमको लाज़िम है कि रुपय मयख़र्चा नालिश अदालतमें दाख़िल करो ताकि सरसरी इजराय डिकरीके जो [illegible] ज़ात या माल या दरसूरतज़रूरत दोनोंपरहोकरनानपड़े ॥

यहसब्त दस्तख़त औरमोहर अदालतके आजतारीख़

----माह-----सन्-----को जारी कियागया ॥

मोहर

अदालत

दस्तख़तजज)

तम्बीह--अगर बयानात तहरीरी की ज़रूरतहो तो लिखना चाहिये कि तुमको (या फ़लांफ़रीक़को याने जे-

सी कि सूरतहो) हुक्मदिया जाताहै कि बयान तहरीरी

१

सम्मनहाज़िरीका ॥

दफ़ा ६८—मजमूये ज़ाबितैदीवानी ॥

नंबर मुक़द्दमा ॥

मुद्दआअलेह

(नाम और पता और निशान)

अज़ांजा कि (इसजगह नाम औरपता और निशान मुद्दईका लिखना चाहिये) ने तुम्हारेनाम इसअदालत में नालिश दायरकीहै (यहां मरातिब दावा मुताबिक़ इ-बारतरजिस्टरके दर्जकियेजायेंगे) लिहाज़ा तुमकोहुक्म

ारीख़——वक़्त——क़ब्लदोपहर अ-

सालतन् इसअदालतमें हाज़िरहो (अगर हाज़िरीख़ा-सउसकी असालतन्मतलूबनहोतो यहइबारतदर्जकी

जो मुक़द्दमेकेहालसे क़रारवाक़ई वाक़िफ़ करायागयाहो और कुलउमूर अहममुतअल्लिक़ैमुक़द्दमेकाजवाबदेसके

ासवाला-

तकादेसकेहाज़िरहे ' औ दावमुद्दईमज़कूर कीकरो (अगरसम्मनबग़रज़इन्फ़िसालक़तईमुक़द्दमेके होतोयहइबारतइज़ाफ़ाकीजायगीकिहरगाहवहीतारीख़ जो तुम्हारे अहज़ारके लिये मुक़र्ररहै वास्ते इन्फ़िसाल

क़तईमुक़द्दमेके तजवीज़हुई है पस तुमको लाज़िम है कि उसीरोज़ अपने जुमले गवाहों को हाज़िरकरो) और तुमकोइत्तिलाअ दीजातीहै कि अगर बरोज़मज़कूरतुम हाज़िर न होगे तो मुक़द्दमा बग़ैरहाज़िरी तुम्हारीमसमूअ और फ़ैसलहोगा औरतुमकोचाहियेकिअपनेसाथफ़लां

[illegible] ह। जि

शकरनामुद्दईको मतलूबहो लिखाजायगा) कि जिसका मुआयिनामुद्दई चाहताहै और किसी दस्तावेज़को जिसको तुम वास्ते इस्तदलाल अपनी जवाबदिही के ज़रूर समझतेहो

मुख्तारके भेजदो)

यहसम्मनमेरे दस्तख़त और मोहर अदालतकेआज तारीख़——माह——सन्——को जारीकियागया॥

(मोहर अदालत)

(दस्तख़त जज)

नम्बर १२०॥

हुक्मइरसालसम्मनदूसरीअदालतकेइलाक़ेमेंजारीहोनेकोलिये दफ़ा ८५ मजमूयेज़ाबितेदीवानी॥

अदालत——————मुक़ाम——————

मुक़द्दमादीवानी नम्बर——सन्——

(अलिफ़ बे) साकिन——

बनाम

(जीम दाल) साकिन——

तारीख़——माह——सन्——

हरगाह अ़रज़ीदावेमें बयान कियागया है कि——मुद्दआ़अ़लेह मुक़द्दमा——मुतज़क्किरैबाला बिल्फ़ैलबमुक़ाम—सकूनतरखताहैलेकिनइस्तेहक़ाक़ नालिशअंदर इलाक़ैइस अ़दालतके पैदाहुआ लिहाज़ा हुक्महुआ किसम्मन जोबतारीख़—माह——सन्——वापिसहोना चाहिये बनाम मुद्दआ़अ़लेह मज़कूर वास्ते इजरायके अ़दालत——में मयमुसन्ना उसहुक्मके भेजाजाय ॥

मोहर
अ़दालत

(दस्तख़तजज)

नम्बर १२१ ॥

रूबकारजोदूसरीअ़दालतके सम्मनकेजवाबकेसाथमुरसिलहोगा-दफ़ा ८५ मजमूये ज़ाबिते दीवानी ॥

बअ़दालत——मुक़ाम——

मुक़द्दमा दीवानी नंबर——

तारीख़——माह——सन्——

(अलिफ़ बे) साकिन——

बनाम

(जीम दाल) साकिन——

रूबकार मुरसिलै——मशअ़रइरसाल——बग़रज़ तअ़य्यन ऊपर——बमुक़द्दमै——दीवानीनंबर——मरजूए अ़दालत मज़कूर मुलाहिज़ा हुआ ॥

नीज़ बेलिफ़की तहरीरज़ोहरी हुक्मनामा बईबयान

कि—मुलाहिज़ा हुई और उसका सुबूत हस्बज़ाबितै हमारे रूबरू (बहलफ़ या) इक़रारसालै—और—के लियागया लिहाज़ा हुक्महुआ कि—बअदालत—मय नक़लरूबकार हाज़ा वापिसहो ॥

मोहर
अदालत

(दस्तख़तजज)

तम्बीह—यहनमूना सिवाय सम्मनके हरहुक्मनामे से मुतअल्लिक़होगाजिसकीतामीलउसीतौरपरमरकूज़हो॥

नम्बर १२२ ॥

बयान मुद्दआअलेह
दफ़ा ११० मजमूये ज़ाबितै दीवानी ॥

(उनवान)

मैं मुद्दआअलेह जिसकेदस्तख़त ज़ैलमेंहैं(या एकमिन्जुमलैमुद्दआअलेहुम)तमामइस्तेहक़ाक़मुतअल्लिक़ैब सीयत(हेवाव)मज़कूर मुतज़क्किरै अरज़ीदावेसे[याबहैसियतवारिस जायज़ याबहैसियत क़राबतीक़रीब याबहैसियत क़राबती मिन्जुमलै क़राबातियान क़रीबतर(हेवाव)मुतवफ़्फ़ाके जिसकानाम अर्ज़ीदावे मज़कूर में मरक़ूमहै]लादावाहों ॥

या यह कि मैं मुद्दआअलेह जिसके दस्तख़त ज़ैल में सब्तहैं बयान करताहूँ कि मैं (यहांमुताबिक़ इबारतमू-

न्दर्जे अर्ज़ीदावाकेवह बयानात जोतसलीम कियेजायँ या जिनसे इन्कार कियाजाय लिखनेचाहियें)तसलीम करताहूँ (या इन्कार करताहूँ)

या यहकि मैं मुद्दआअलेह जिसके दस्तखत ज़ेल ... अर्ज़ करताहूँ कि बयानातमुन्दर्जे अर्ज़ीदावा से यहनहीं मालूम होताहै कि कोई ऐसा इक़रारनामा मौजूदहैजिस-की क़ानूनन् तामीलकराईजासके[या यहकि मज़कूरसे यह ज़ाहिर होताहै किमैं बशिराकत (हे वाव)केजो मुक़द्दमेमें फ़रीक़ नहीं गरदाना गयाहै ज़िम्मे-दारहों नकि बिलइन्फ़राद जैसा अरज़ीदावेसे ज़ाहिर होताहै यायहकि अरज़ीदावे मज़कूरसे पायाजाताहै कि (ज़े हे) (अलिफ़बे)मज़कूरकेसाथ बमुक़द्दमे मज़बर-शरीक मुद्दई होनाचाहियेथा या जैसी कि सूरत हो]

या यहकि मुद्दईने अपनी हक़ीयत रेहन मज़कूर(या इस्तेहक़ाक़ इन्फ़िक़ाक़रेहन)बनाम(तो ये) मुन्तक़िल या हवाले) करदी है]या यह कि मैंने (हे लाम)के ...थ बतौर ज़िम्मेदारी ज़ायदके बकिफ़ालतमुबालिग़-इस्तेहक़ाक़ इन्फ़िक़ाक़ जायदाद मज़कूर का जिसकी बाबत बेबात करानेकी दरख्वास्त इसमुक़द्दमेमेंकीगईहै मुन्तक़िल करादियाहै या हवाले करादियाहै]

या यहकि शराकतके फ़िस्ख़ होजाने के बाद मुद्दई ने एक दस्तावेज़ लिखदी है जिसकी रूसे मुद्दई ने वादा अदायतमामदयून और ज़िम्मेदारीहाय शराकती का और बिलउमूम तमाम दुआवी और ज़िम्मेदारियों से जो मिन्जानिब ख़ुद मुद्दई और दीगर अशख़ासकेउसी

कारोबार शराकती की बाबतहों मुझको बरीकरदेने का कियाहै (या जैसी कि सूरतहो)

दस्तख़त (जीम दाल)
मुद्दआअलेह

नम्बर १२३॥

बन्द सवालात

दफ़ा १२१ मजमूये ज़ाबितै दीवानी॥

ब अदालत——मुक़ाम——

मुक़द्दमै दीवानी नम्बर——सन् १८　ई०

(अलिफ़ बे)—बनाम (जीम दाल) व (हे वाव) व (ज़े हे)

सवालात अज़तरफ़ (अलिफ़ बे) या (जीम दाल) मज़कूरबग़रज़ क़लम्बन्दी जवाब (हे वाव) और (ज़े हे) या (अलिफ़ बे) मज़कूर के॥

१—आया तुमने वग़ैरह॥

२—आया————वग़ैरह॥

(वाव हे) मुद्दआअलेहको चाहिये कि सवालातनंबर फ़लां व फ़लांका जवाब दे॥

(ज़े हे) मुद्दआअलेह को चाहिये कि सवालात नंबर फ़लां व फ़लांका जवाब दे॥

नम्बर १२४॥

नमूनाइत्तिलाअनामाबहुक्मपेशकरनेदस्तावेज़ात के

दफ़ा १३१ मजमूये ज़ाबितै दीवानी॥

बअदालत——मुक़ाम——

मुक़द्दमा दीवानी नंबर——सन्——

(अलिफ़ बे) बनाम (जीम दाल)

तुमको इत्तिलाअ दीजातीहै कि मुद्दई (यामुद्दआअलेह) चाहताहै कि जिन २ काग़ज़ातको तुम्हारी अर्ज़ीदावे (या बयान तहरीरी या तहरीरी बयान हल्फ़ी) मवर्रुखे़- सन् १८--ई० में हवाला दियागयाहै उनको तुमउसके मुआयिने के लिये पेशकरो ॥

यहांतफ़्सील दस्तावेज़ात मतलूबाकीलिखीजायगी॥

दस्तख़त—वकील मुद्दई (या मुद्दआअलेह)

बनाम—वकील मुद्दआअलेह या (मुद्दई)

नम्बर १२५ ॥

सम्मन वास्ते हाज़िरी और अदाय शहादत के

दफ़ा १५९ व १६३ मजमूये ज़ाबितै दीवानी ॥

(उनवान)

बनाम—

हरगाह तुम्हारा हाज़िर होना वास्ते—के मिन्जानिब—मुक़द्दमै मज़कूरैबालामेंज़रूरीहै लिहाज़ातुमको हुक्मदियाजाताहैकि (असालतन् इसअदालतमेंहाज़िर) बतारीख़—माह—सन्—बरवक़्—बजेदिन के क़ब्ल दोपहर (और) अपनेसाथ—इसअदालतमेंलेते आओ या भेजदो ॥

मुबलिग़—बाबत तुम्हारे सफ़र ख़र्च वग़ैरह और ख़ूराक एकयोमके इस सम्मनकेसाथ भेजाजाताहैअगर तुम इसहुक्मकी तामील न करोगे तो तुमपर न हाज़िर होनेका वहनतीजाजोकि मजमूये ज़ाबितैदीवानीकीदफ़ा १७० में मरक़ूम है आयद होगा ॥

कियेग हो तईनेके वास्तेनहीं
स सम्मनका
मज़कूरकोइस

तुमको ठहरनापड़े तोमुबलिग़—तुमको सिवायतारीख़ मज़कूरैबालाके हरतारीख़ हाज़िरी अदालतकी बाबत दियाजायेगा॥

मेरेदस्तख़त और मोहर अदालतसे आजतारीख़—
——सन्——को जारी कियागया॥

(मोहर
अदालत
)

नम्बर १२६॥

दूसरानमूना॥

नम्बर मुक़द्दमा—

अदालत——मुक़ाम—ज़िला—

मुद्दआअ

बनाम—(नाम और पता और निशान)

तुमबज़रिये इससम्मनके इसअदालतमेंबतारीख़—
माह—सन्—बरवक़्—क़ब्ल दोपहर असालतन् हा-

ज़िर होनेकेलिये वास्ते अदायशहादत मिन्जानिब मुद्दई (या) मुद्दआअलेह) बमुक़द्दमैमज़कूरैबाला औरवास्तेपेश करने (यहांबयानउसदस्तावेजकाजिसकापेशकरना मत-लूबहोबतशरीहमुनासिबज़रूरीहै और अगरसम्मनसिर्फ़ वास्तेअदायशहादतकेहोया सिर्फ़वास्ते पेशकरने दस्ता-वेज़के तो वैसाही लिखनाचाहिये) तलबकियेगयेहो और तुमको लाज़िमहै कि बग़ैरइजाज़तअदालतके वहांसे न जाओतावक्ते कितुम्हाराइज़हारन होजाय (यातुमदस्ता-वेज़पेश न करदो) औरअदालतबरख़ास्तहो या बिदून इसके कि तुम अदालतसे इजाज़त हासिलकरो ॥

नमूने डिकरियोंके

नम्बर १२७ ॥

डिकरी महज़ ज़र नक़दकी ॥

(उनवान)

दावा बाबत———

यह मुक़द्दमा बतारीख़——वास्ते इन्फ़िसाल अख़ीर के रूबरू——बहाज़िरी——मिन्जानिब मुद्दई और—— मिन्जानिब मुद्दआअलेह पेश हुआ बिनाबरआंहुक्म हुआ कि——मुबलिग़ बतादाद——मयसूद बशरह—— फ़ीसदी——सालाना या माहाना मिनइब्तिदाय ता-रीख़——तातारीख़ वसूलयाबी ज़रमज़कूर——कोअदा करे और नीज़ ख़र्चा इस मुक़द्दमेका जोकि अदालतके ओहदेदारतशख़ीसकुनिन्दाने——महसूबकियाहैमय उस के सूद बशरह मज़कूरै बाला तारीख़ महसूबीख़र्चेसेता तारीख़ वसूलयाबी——को अदाकरे ॥

ख़र्चा मुक़द्दमा ॥

मुद्दई		मुद्दआअलेह	
१ इस्टाम्पअर्ज़ी दावका	रुपया आनापाई	इस्टाम्पवकालत नामेका	रुपया आनापाई
२ इस्टाम्पवकालत नामेका		ऐज़न् सवाल का	
३ इस्टाम्पवजह सुबूत		मेहनतानावकील	
४ मेहनतानावकील बाबत रुपया—		ख़ूराक गवाहोंकी	
५ रसूम तर्जुमा		इजरायहुक्मनामेका	
६ ख़ूराक गवाहकी बग़रज़ हाज़िरी		रसूम तर्जुमेकी	
७ रसूम अहाली कमीशन की		फ़ीस अहालीकमीशन की	
८ इजरायहुक्मनामा			
९ वग़ैरह			
मीज़ान		मीज़ान	

आज तारीख़——माह——सन्——को बसब्तमेरे दस्तख़त और मोहर अदालत के जारीहुआ ॥

मोहर अदालत

(दस्तख़तजज)

ऐक्टनं० १४ बा० स० १८८२ ई०।

नम्बर १२८ ॥

डिकरी वास्ते नीलाम के ब मुक़द्दमै नालिश मुर्तहन या उसशख्सके जिसको इस्तेह-क़ाक़ किफ़ालतका हासिल हो ॥

(उनवान)

हुक्महुआ कि रजिस्टरार (या ओहदेदार तशखीस

मुद्दईको बाबत

मु

खर्चा बाबत उसनालिश के महसूब करे और रजिस्ट-

ख—माह——उसरक़म को जो बाबत असल व सूद

अगर मुद्दआअलहउसतारीखसे जबवहरक़मअदालत

जाय छःमहीने के अंदर अदाकरे तो यह

।ता॥१९

वह खुददावा करता हो या उसके कोई

दावादारहा मकान मरहूना मज़कूरको वापिस लिखदे

के क़ब्ज़ या अख्तयारमें हो उन सबको मुद्दआअलह

को या उस शख्स को जिसको मुद्दआअलेह मुक़र्ररकरे

हवालेकरदे और जब इसतौरपरवापिसी अमलमेंआये

और दस्तावेज़ात औरतहरीरात हवाले करदीजायँ तो रजिस्टरार (याओहदेदार तशख़ीसकुनिन्दा) ज़रमज़-कूरजोबाबतअसलवसूद और ख़र्चेके हस्बमरक़ूमैबाला अदा किया गयाहो मुद्दई को अदाकरदे लेकिन जिस हालमें कि मुद्दआअलेह असल व सूद और ख़र्चामज़-कूर तारीख़ मज़कूरैबाला तक अदालत में न दाख़िल करदे तोउससूरतमें हुक्म दियाजाता है कि मकानमर-हूना मज़कूर (या मकानात ज़ैर किफ़ालत) बमंज़ूरी रजिस्टरार(याओहदेदार तशख़ीसकुनिन्दा)के नीलाम कियाजाय और नीज़ हुक्म दियाजाताहै कि ज़रसमन नीलाम मज़कूरका उससेख़र्चानीलाम वज़ाकरनेके बाद अदालतमें बईमुराद दाख़िलहो कि जिसक़दर रुपया याफ्तनीमुद्दई बाबत असलवसूद और ख़र्चा मज़कूरके पायाजाय वहउसकोहस्ब ज़ाबिताअदाकियाजाय और बाक़ी(अगरकुछरहे) मुद्दआअलेह या उस शख़्स को जिसको वह उसके लेनेके लिये मुक़र्ररकरे दियाजाय ॥

नम्बर १२९ ॥

डिकरी अख़ीर बाबत बयबात ॥

(उनवान)

हरगाह अदालत को मालूम होताहै कि मुद्दआअ-लेहने मुबलिग़——जो बतारीख़——माह——सन्——याफ्तनी मुद्दईबाबत असल वसूदरहनमुतज़क्किरै अर्ज़ी दावा और बाबत ख़र्चा मुक़द्दमेके बमूजिब उसहुक्म के जो इस मुक़द्दमे में बतारीख़——माह——सन्——सा-दिर कियागया था अदालत में ज़ाहिर किया गया "

दाख़िल नहीं किया दर मीआद छः महीने की तारीख़ ——माह——सन्——मज़कूर से मुन्क़ज़ी होगई॥

लिहाज़ा हुक्महुआ किमुद्दआअलेहका तमामइस्तेहक़ाक़ इन्फ़िकाक रहनमकान मरहूना मज़कूर कुल्लियतन् मुन्क़तै करदियाजाय॥

नम्बर १३०॥

हुक्म इब्तिदाई———मुक़द्दमा एहतमाम तरका
दफ़ा२१३ मजमूये ज़ाबितैदीवानी॥

(उनवान)

हुक्महुआकितरतीब हिसाब व तहक़ीक़ात हस्ब मुफ़स्सिलै ज़ैल अमलमेंआये यानी——

बमुक़द्दमै दायन——

१——जो रक़ूम कियाफ़्तनी मुद्दई और तमाम दीगर क़रज़ख्वाहान मुतवफ़्फ़ाकी हों उनका हिसाब मुरत्तिब कियाजाय॥

बमुक़द्दमा मूसालहुम्——

२——हिसाब माल वसीयतीका जोकि मूसीकी वसीयतकी रूसेदियागया हो मुरत्तिब कियाजाये॥

बमुक़द्दमै क़राबती क़रीबतर॥

तहक़ीक़ात कीजाय और हिसाबमुरत्तिबहो कि मुद्दई माल वसीयती में से बतौरक़राबतीक़रीब (याक़राबती मिन्जुमलैक़राबतियानक़रीबतरके) शख्स बिलावसीयतकिसक़दरकायाकिसहिस्सेका अगरकुछहैमुस्तहक़है॥

(बाद फ़िक़रै अव्वलके हुक्म में दरहाले कि ज़रूरी हो बमुक़द्दमैदायनहुक्मतहक़ीक़ात और तरतीबहिसाब

काबहक़ूमसालहुम् और बुरसाय जायज़ और क़राबति-
यान क़रीबतरके दियाजायेगा और बमुक़द्दमे दीगरदावी-
दारान् बजुज़दायनान के तमाम सूरतों में बाद फ़िक़रे
अव्वलके हुक्महोगाकि दायनानकी बाबततहक़ीक़ात
कीजाय और उनकाहिसाब मुरत्तिबकियाजाय औरबाद
अज़ां यहहुक्म लिखाजायेगा कि दीगर अशख़ासकी
बाबत जिनकी ज़रूरतहो तहक़ीक़ातहो और हिसाब
मुरत्तिबकियाजाय औरशुरूअकी इबारतमामूलीमतरू-
ककीजायऔर उसकेबादयह नमूनामुताबिक़ उसीनमूने
के जो दायन के मुक़द्दमे के वास्तेहै)

३—हिसाब अख़राजात तजहीज़वतकफ़ीन और मुत-
अल्लिक़े वसीयत मुरत्तिब कियाजाय ॥

४—हिसाब माल मन्क़ूला मतरूका मुतवफ़्फ़ाका जो
बक़ब्ज़ेमुद्दआअलेह याकिसीऔर शख्स मुद्दआअलेह
के हुक्मसे या उसके इस्तैमालकेलिये दरआयाहोमुर-
त्तिब कियाजाय ॥

५—तहक़ीक़ातइसअम्रकीअमलमेंआयेकिकिसक़द्र
जायदाद मन्क़ूला मतरूकामुतवफ़्फ़ा अगरकुछहोगैरों
के क़ब्ज़ेमेंहै जिसकीनिस्बत कुछअमलनहीं कियागया॥

६—और नीज़ हुक्म दियाजाता है कि मुद्दआअलेह
बतारीख़ याक़ब्लतारीख़—माह—सन्—अदालत
मेंतमाममुबालिग़जोदरियाफ़्त याउसकेक़ब्ज़ेमेंआये हैं
याउसके हुक्मसे या उसके फ़ायदेकेलिये किसीऔर के
क़ब्ज़े में आयेहैं अदालतमें दाख़िलकरे ॥

७—और नीज़ यह कि अगर रजिस्टरारकीदानिश्त

में वास्ते हुसूल अग़राज़ मुक़द्दमेके नीलामकरनाकिसी
जुज्वजायदादमन्क़ूलामतरूकामुतवफ़्फ़ाका ज़रूरीमुत-
सव्विरहोतोउसकोनीलामकरकेज़रसमन नीलामअ़दा
लतमें दाख़िल करदे ॥

८—यहकि (हे वाव) इस मुक़द्दमे (याकार्रवाई में)
मोहतमिम मुक़र्रर हो और मुतवफ़्फ़ा के तमाम दयून
और जायदादमन्क़ूलाकोफ़राहमकरके अपनेएहतमाम
मेंलाये औररजिस्टरारकेहवालेकरे(और) वास्तेतामील
क़रारवाक़ई अपनी ख़िदमातके बतादाद मुबलिग़—
ज़मानतनामा दाख़िलकरे ॥

९—नीज़हुक्मदियाजाताहै किअगरजायदादमन्क़ूला
मतरूका मुतवफ़्फ़ावास्ते अग़राज़ मुक़द्दमेकेग़ैरमुक्तफ़ी
पाईजाय तोतहक़ीक़ात मज़ीदअ़मलमें आयेऔरहिसा-
बात मुरत्तिब कियेजायें यानी ॥

(अलिफ़) तहक़ीक़ात इसअम्रकीकि किसजायदाद
ग़ैरमन्क़ूलापरमुतवफ़्फ़ाबरवक़्तअपनी वफ़ातके क़ाबिज़
था या उसका मुस्तहक़ था ॥

(बे) तहक़ीक़ात इसअम्रकीकिमुतवफ़्फ़ाकी जायदाद
ग़ैरमन्क़ूला या उसके किसीजुज्वपर किया मुतालिबेमें
अगर कुछ मुतालिबा हो ॥

(जीम) हिसाब जहांतक कि मुमकिनहो उनरक़मका
जोकिजुमले मुतालिबेजातकी बाबतवाजिबहों औरउस
में तफ़्सील तक़दीम व ताख़ीर उनमुतालिबे दारोंकी
दर्जकीजाय जो उस नीलामपर जिसकाकि बादअ़र्ज़ी
बयान कियाजायेगा राज़ीहों ॥

१०-यहकिजायदादगैरमन्कूलासतरूका मुतवफ़्फ़ा था उसमेंसे जिसक़दर वास्ते हुसूल ग़रज़ मुक़द्दमा बइज़ाफ़ाज़रमदख़्लाअ़दालतज़रूरीहोबमंज़रीहाकि- मअ़दालतमुबर्रामुतालिबेजातसे उनदावेदारोंके जो कि नीलामपर राज़ीहों और बक़ैदमुतालिबेजात उनदाव- दारोंके जोकि नीलामपर राज़ी न हों नीलामकीजाय॥

११-औरनीज़हुक्मदियाजाताहै कि (ज़ेहे)जायदाद् गैरमन्क़ूलाका नीलामकरे और जिनशरायत और मु- आहिदोंपर नीलामहो उनको वास्तेमंज़ूरी रजिस्टरार के क़लमबन्दकरे और दरसूरत वाक़ैहोने किसी शक

जज के वास्ते तस्फ़ि-

१२-नीज़हुक्म दियाजाताहै कि बग़रज़ त और हिसाबवाला रजिस्टरार अख़बारातमें मुता-

क़ात मज़कूर को किसी और ऐसे तौर अमलमें लाये जो कि रजिस्टरार की दानिश्तमें उस तहक़ीक़ात को मुश्तहर करनेके लिये निहायत मुफ़ीद हो॥

१३-नीज़ हुक्म दियाजाता है कि तहक़ीक़ात और हिसाब मज़कूरकीतरतीबऔरतमामदीगर उमूरजिनके अमलमें आनेका हुक्मदियागयाक़ब्ल तारीख़—माह —सन्—तकमील पायें और रजिस्टरार कैफ़ियत नतीजेतहक़ीक़ात और हिसाबातकी और इसअम्रकी गुज़राने कि तमामदीगर उमूरकीतकमील होगई जिनके अमलमें आनेका हुक्म दियागयाथा और अपनीकैफ़ि-

यत इसबाबमें वास्ते मुश्रायिना फ़रीक़ैन के बतारीख़
——माह——मुरत्तिबरक्खे॥

१४—अख़ीरयह कि यह मुक़द्दमा(यामुआमिला)वास्ते सुदूर डिकरीअख़ीरकेतातारीख़——माह——मुल्तवीरहे॥ [इस हुक्मका मुरत्तिब वह जुज्व लिखाजाय जो कि ख़ास सूरत से इलाक़ा रखता हो]॥

नम्बर १३१॥

डिकरी अख़ीर बमुक़द्दमै नालिश मुसालहू दरबाब एहतमाम तरका मुतवफ्फ़ा॥

दफ़ा २१३ मजमूये ज़ाबितै दीवानी॥

१——हुक्महुआ—किमुद्दआअलेह बतारीख़——माह——सन्——याक़ब्ल उसके अदालतमें मुबलिग़——याने ज़रबाक़ीजो अज़रूय सार्टीफ़िकट मज़कूरमुद्दआ-अलेह मज़कूर से बाबत जायदाद———मतरूका मूसा-याफ्तनीपायागया और नीज़मुबलिग़——बाबतसूदबहि-साब फ़ीसदी सालाना मुबलिग़——तारीख़——माह——से तातारीख़—माह——हर्म्गीमुबलिग़——अदाकरे॥

२—रजिस्टरार (या ओहदेदार तशख़ीसकुनिन्दा) अदालत मज़कूरइसमुक़द्दमेमें ख़र्चा जानिब मुद्दईवमुद्द-आअलेह क़रारदे और इस तौर पर तजवीज़ किये जाने के बाद ज़रख़र्चा मज़कूर मिन्जुमलैमुबलिग़——मज़कूर केजिसकेवास्तेहस्बमज़कूरैबालाअदालतमेंदाख़िलकिये जानेकाहुक्महुआहै हस्ब तफसीलज़ैल अदाकियाजाय॥

(अलिफ़)ख़र्चाजानिब मुद्दई बाबतामिस्टर——उसके टर्नी(याप्लीडरके)और ख़र्चाजानिबमुद्दआअलेह बाबत अमस्टर——उसकेअटर्नी (या प्लीडर के)॥

(बे) (अगर कोई दयून याफ्तनीहोंतो (मुबलिग़ मज़कूरके ज़रबाक़ीमुन्दामेंसे बादअदाय ख़र्चा जानिबमुद्दई व मुद्दआअलेहहस्बमरक़ूमैबालाके जितना २ रुपयाकि ज़ुमलैक़र्ज़ख्वाहोंका हस्बमुन्दर्जै फ़ेहरिस्त बमूजिबतसदीक़रजिस्टरारवाजिबी पायाजायमयसूद माबादकेबाबत उन दयूनके जो सूदीहैं अदाकियाजाय और बाद अदायरक़ूम मज़कूर जितना २ रुपया कि ज़ुमलै मूसालहुम् मुंदर्जैफ़ेहरिस्तको मयसूद माबादके (जिसकीतसदीक़ हस्बमज़कूरैबाला की जायगी) बक़दर हिस्सै रसदी वाजिबी हो अदा कियाजाय ॥

३—अगर बादअर्ज़ी कुछ और रुपया बाक़ीरहे तो वह मूसालहू बाक़ीमुंदैको अदा कियाजाय ॥

डिकरी बमुक़द्दमै नालिश मूसालहूदरबाब एहतमाम तरका जिस हालमें कि वसी बज़ात खुद ज़िम्मेदारअदाय माल वसीयती का हो ॥

दफ़ा २१३ मजमूये ज़ाबितै दीवानी ॥

१—वाज़ैहो कि मुद्दआअलेहबज़ात खुद ज़िम्मेदार इसकाहैकिशैवसीयती मुबलिग़——मुद्दई को अदाकरे ॥

२—लिहाज़ा हुक्म दियाजाता है कि हिसाब ज़र असल व सूद बाबत शैवसीयतीमज़कूर जो कि याफ्तनी हो मुरत्तिब कियाजाय ॥

३—नीज़ हुक्महोता है कि रजिस्टरारकी तसदीक़की तारीख़ से——हफ्ते के अंदरमुद्दआअलेह मुद्दई को उस क़दर ज़र जोकि रजिस्टरार बाबत असल व सूद याफ्तनी तजवीज़ करै अदा

४—नीज़ मुद्दआअलेह ख़र्चा
जो मुद्द
उस हालमें आयद किया जायगा कि फ़रीक़ैन बाहम

क़रीबतर

दरबाब एहतमाम तरका ॥
दफ़ा २१३ मजमूये ज़ाबितै दीवानी ॥

१—रजिस्टरार अदालत मज़कूर ख़र्चा जानिब मुद्द

व मुद्दई मज़कूर इसतौर पर क़रारदियेजानेकेबाद
ज़ुमलै मुबालिग़—यानी उस ज़रबाक़ी के जो हस्ब
तसदीक़मज़कूरमुद्दआअलेहासे बाबतजायदादमन्क़ूला
(हे वाव)मुतवफ़्फ़ा बिलावसीयत के याफ्तनी पायाजाय
अंदरएकहफ्तेके उसतारीख़से किख़र्चा मज़कूरैको रजि-

मुद्दआ

है कि
मज़कूरमेंसे बाद अदाय ख़र्चामुद्दईव मुद्दआअलेहामज़-
कूरहके बाक़ी रहे वहमुद्दआअलेहा हस्बमुफ़स्सिलैज़ैल
अदा और सर्फ़करै ॥

का रजिस्टरार हस्ब मज़कूरैबाला करदे एक हफ्ते
के अंदर ज़र बक़ीया मज़कूर का एक सुलस मुदय्यान
अलिफ़ बे) और (जीम)उसकी ज़ौजाको बाबत उस

ज़ौजाके हक़ के इस वजहसे कि वह (हे वाव) मुतवफ़्फ़ा बिला वसीयतीकी बहन और मिन्जुमलै क़रावतियों के एक क़राबती क़रीबतर है अदाकरै॥

(बे) मुद्दआअलेहा मिन्जुमलै बक़ीयै ज़र मज़कूर बाबत अपने हिस्सेके एक सुल्सले इसवजहसे कि वह (हे वाव) मुतवफ़्फ़ा बिलावसीयती मज़कूरकीमां और मिंजुमलै दीगर क़रावतियोंके एकक़राबती क़रीबतरहै॥

(जीम) मुद्दआअलेहा उसतारीख़से कि रजिस्टरार हस्बमरक़ूमैबाला तअय्युन ख़र्चेकाकरै एकहफ्तेकेअंदर मिन्जुमलै ज़र बक़ीया मज़कूरके एकसुल्स (ज़े हे) को बाबत उसके हिस्सेके दे इसवजह से कि वह (हे वाव) मुतवफ़्फ़ाबिलावसीयती मज़कूरका भाई और बाक़ी मुंदा क़राबती क़रीब तरहै॥

नम्बर १३२॥

हुक्म वास्ते फ़िस्ख़ शराकत के॥

दफ़ा २१५ मजमूये ज़ाबितै दीवानी॥

हुक्मदियाजाताहै किशराकतमुतज़क्किरै अर्ज़ीनालिश जो मावैन मुद्दई और मुद्दआअलेह केहै तारीख़—माह—से फ़िस्ख़ होनीचाहिये और नीज़हुक्म दियाजाता है कि इन्फ़िसाख़ शराकत मज़कूर का तारीख़ मज़बूर से गज़ट—वग़ैरहमें मुश्तहर हो॥

हुक्मदियाजाताहै कि——रिसीवर याने मोहतमिम जायदादशराकती और अमवाल मुतनाज़ानालिशहाज़ा का मुक़र्ररहो और जो दयून मुन्दर्जै वही और हुवाली

कारख़ाना शराकतीके लोगोंकेज़िम्मेहैंबा।सबवसूलकरे॥

हुक्म दियाजाता है कि हिसाबात मुफ़स्सिलै ज़ैल मुरत्तिबहों॥

१—हिसाबदयून याफ्तनी व जायदाद व अमवाल मुतअल्लिक़ै कारख़ाने शराकती मज़कूर॥

२—हिसाबदयून और मतालिबैजात ज़िम्मगीकारख़ाने शराकती मज़कूर॥

३—हिसाबतमामदादवास्तिदऔरमुआमलातकामाबैन मुद्दईवमुद्दआअलेहजोबादहिसाब तस्फ़ियायाफ्तहमुंदर्जैनालिशहाज़ामुसबिता(अलिफ़)केहुयेहोंऔरकिसी हिसाबात तस्फ़िये याफ्तह माबादसे इलाक़ा न रखतेहों॥

हुक्म दियाजाताहै कि गुडविल याने नेकनामी उस कारोबार की जो क़ब्लअर्ज़ी मुद्दई व मुद्दआअलेह हस्ब मुन्दर्जैअर्ज़ीदावाकरतेथे और मालमौजूदहमुतअल्लिक़ै कारोबार उसीमुक़ाम पर नीलाम कियाजाय और रजिस्टरारको अख्तियारहै कि फ़रीक़ैनमें से किसी की दरख्वास्तपर उस नीलाममें तमाम या किसीलाटके वास्ते बोली क़रारदे और फ़रीक़ैनमेंसे हरएकको अख्तियार हो कि बरवक़्त नीलाम बोली बोले॥

हुक्म दियाजाता है कि क़ब्ल तारीख़——माह—— हिसाबात मज़कूरैबाला मुरत्तिब कियेजायँ और तमाम दीगरउमूरजिनका अमलमें आना ज़रूरीहो तकमीलको पहुँचायेजायँ और रजिस्टरारबाबत नतीजे हिसाबातके और इसअम्रके कि तमामदीगर उमूरकी तकमीलहोगई तसदीक़ करे और बतारीख़——माह——अपना सार्टी-

फ़िकटउसबाबमेंवास्तेमुआयनेफ़रीक़ैनकेमुरत्तिबरक्खे ॥
बिलआख़िर हुक्म दियाजाता है कि वास्ते सादिर करने डिकरी अख़ीरके यह मुक़द्दमा ता तारीख़——माह——मुल्तवी रहे ॥

नम्बर १३३ ॥

शराकत ॥

डिकरी अख़ीर ॥

दफ़ा २१५ मजमूये ज़ाबितैदीवानी ॥

बअदालत————मुकाम-

मुक़द्दमे दीवानी नम्बर——

(अलिफ़ बे)साकिन——बनाम(जीम दाल)साकिन-

हुक्महुआकि मुबलिग़ तादादी——जोबिलफ़ैल अदालतमें जमाहैं हस्बज़ैल सर्फ़किये जायँ ॥

१——दयूनाज़िम्मगी कारख़ाने शराकतीहस्ब मुन्दर्जै सार्टीफ़िकट रजिस्टरार हम्गी तादादी मुबलिग़——अदाकिये जायँ ॥

